हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 21.06.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 328 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

मुख्यमंत्री ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : चम्पाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को कहा कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिले, इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें, क्योंकि किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

अधिकारियों संग उच्च स्तरीय बैठक करते मुख्यमंत्री

किसानों के एनपीए माफी को लेकर बैंकों से बातचीत करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपये तक का ऋण माफ करने की योजना है। इससे पहले किसानों के 50 हजार रुपये तक का लोन माफ किया गया था। ऐसे में जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाए।

योजनाओं के क्रियान्वयन में टाइम लाइन का रखें ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखता है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद -बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ी सामग्रियां उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें।

राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जल स्तर का आकलन कर बोरिंग हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नताएं हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे है तो कहीं यह थोड़ा ऊपर है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र में बोरिंग वहां के भूमिगत जल स्तर को देखते हुए किया जाना चाहिए, ताकि यह असफल साबित नहीं हो। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कृषि समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को दिया। इस योजना के तहत किसानों के बीच पंप सेट वितरित किया जाना है।

लैम्प्स- पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लैम्प्स -पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद- और बीज उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में सभी लैम्प्स -पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिए, ताकि किसानों को सुलभता से इसकी जानकारी मिल सके।

किसानों और कृषक संगठन तथा समूह से संवाद करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कृषि से जुड़ी योजनाएं तभी सफल होंगी, जब किसानों को उसका पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं को लेकर किसानों, कृषक समूहों और कृषक संगठनों से संवाद करें। उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी लें। अगर सरकार की किसी योजना में कोई त्रुटि है तो उसे जानने का प्रयास करें, ताकि समय पर उन त्रुटियों को दूर कर किसानों तक उसका लाभ पहुंचाया जा सके।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए तालमेल बनाकर कार्य करें

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में ये योजना इस तरह से क्रियान्वित हो कि किसानों को सुलभता के साथ पशु धन मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि पशु के साथ शेड और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए कृषि विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निदेशालय समन्वय बनाकर कम करें। मुख्यमंत्री ने बकरी पालन पर भी विशेष जोर दिया। इसके लिए उन्होंने जिला स्तर पर बकरी फार्म बनाने का निर्देश दिया, जहां इसकी ब्रीडिंग की भी व्यवस्था हो। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, निबंधक, सहयोग समितियां सूरज कुमार, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, निदेशक पशुपालन किरण पासी, निदेशक, उद्यान फैज अक अहमद, निदेशक गव्य शाहनवाज अख्तर, निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी, निदेशक भूमि संरक्षण अजय कुमार सिंह, निदेशक, समेति विकास कुमार, जेएसएलपीएस के सीईओ संदीप सिंह और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।

आखिरी कोशिशें कर रहा आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सिखाएंगे सबक : पीएम

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कश्मीर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और सबको बांटने वाली आर्टिकल-370 की दीवार अब गिर चुकी है। इसके चलते ही क्षेत्र की हमारी बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया।

हाल ही की आतंकी घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की जनता को आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है। आज वो आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर का विकास रुक सके। हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुईं हैं, उन्हें सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में एम्पॉवरिंग यूथ, ट्रान्सफार्मिंग जे एंड के (युवाओं को सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर में बदलाव लाना) विषयक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना (जेकेसीआईपी) का भी शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में बढ़ चढ़कर हुए मतदान को जम्हूरियत की जीत बताया और कहा कि अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू-कश्मीर की अवाम की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को राज्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत यहां हजारों किलोमीटर नई सड़कें बनी हैं। कश्मीर घाटी रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ रही है। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे बड़े रेलवे ब्रिज की तस्वीरें देखकर तो हर भारतवासी गर्व से भर उठता है।

प्रधानमंत्री ने पर्यटन और खेल के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर की आपार संभावनाओं की बात करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के हर जिले में खेल का बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री से मिले राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और विधायक प्रदीप यादव

रांची : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार झारखंड मंत्रालय में राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री-सह-राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो एवं विधायक प्रदीप यादव ने मुलाकात की। इस अवसर पर संयुक्त रूप से इन्होंने झारखंड सरकार द्वारा 19 जून 2024 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के भीतर जाति आधारित जनगणना कराए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को बधाई दी तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

जहरीली शराब से 29 लोगों की मौत

नयी दिल्ली : तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब पीने से 29 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 60 से अधिक लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती है। इनमें में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक मौत का आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है। घटना के बाद राज्य सरकार एक्शन में आ गई है। मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सरकार ने कल्लाकुरिची के कलेक्टर-एसपी को हटा दिया है। इनकी जगह एमएस प्रशांत को कलेक्टर और रजत चतुर्वेदी को रढ नियुक्त किया पर स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमण्यम सहित स्टालिन सरकार के तीन मंत्री मामले की निरगानी कर रहे हैं। कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम में 18 जून को घटना हुई। जानकारी के अनुसार पीड़ितों में ज्यादातर दिहाड़ी मजदूर हैं। शराब पीने के बाद रात होते-होते इन लोगों को दस्त, उल्टी, पेट दर्द और आंखों में जलन होने लगी। जिसके बाद सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति के कन्नुकुट्टी (49) को गिरफ्तार किया है।

नीट 'अनियमितता' की सीबीआई जांच पर विचार, काउंसलिंग पर रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने एक बार फिर गुरुवार को कहा कि पांच मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 में अनियमितता के आरोपों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिकाओं पर वह विचार करेगा, लेकिन मेडिकल की स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग पर इस स्तर पर रोक नहीं लगाएगा। शीर्ष अदालत ने नीट यूजी 2024 विवाद से संबंधित विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित कार्यवाहियों पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का पक्ष जानने के बाद अदालत आगे कोई फैसला लेगी। पीठ ने कहा, केंद्र सरकार और एनटीए को आठ जुलाई को याचिकाओं पर जवाब देने दें।

शीर्ष अदालत ने नीट विवाद से संबंधित तमाम याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तारीख मुकर्रर की है।

पीठ ने सीबीआई से जांच की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर केंद्र सरकार और एनटीए से जवाब देने को कहा। याचिकाकर्ताओं के एक वकील ने काउंसलिंग पर रोक लगाने की मांग पर पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा, काउंसलिंग पर कोई रोक नहीं है। यदि अंतिम सुनवाई के बाद परीक्षा होती है तो काउंसलिंग भी होगी।

अवकाशकालीन पीठ ने लखनऊ की एक छात्रा के मामले का भी जिक्र किया। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष शुरू में दावा किया था कि उसे एनटीए से फटी हुई ओएमआर शीट मिली थी, लेकिन बाद में पता चला कि उसने गलत पंजीकरण संख्या का इस्तेमाल किया था। इसके बाद उसने उच्च न्यायालय से अपनी याचिका वापस ले ली थी।

एनटीए की ओर से पेश वकील कनु अग्रवाल की गुहार पर अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा एजेंसी की याचिका पर उन मामलों की कार्यवाही पर रोक लगा दी, जो (नीट यूजी 2024 के संबंध में) विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित है। एनटीए ने उन मामलों को शीर्ष अदालत के समक्ष स्थानांतरित करने की याचिका दायर की थी।

शीर्ष अदालत ने मेघालय के कुछ विद्यार्थियों की याचिका पर एनटीए और केंद्र को नोटिस भी जारी किया, जिन्होंने दलील दी थी कि पांच मई को उनकी परीक्षा शुरू होने में लगभग 40 मिनट की देरी हुई थी और उन्हें 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया जाना चाहिए।

नीट यूजी 2024 के परिणाम चार जून को घोषित किए गए थे। देश भर में कई जगहों पर परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किये गए हैं। परीक्षा के प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने के मामले में बिहार, गुजरात आदि राज्यों में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे।

शीर्ष अदालत ने देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को 13 जून को मंजूर किया था।

शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्तांक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी निर्धारित तारीख पर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए 'क्षतिपूर्ति अंक' काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इस प्रकार से नई रैंकिंग के साथ परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे।

बिहार में उच्च न्यायालय ने आरक्षण का दायरा बढ़ाने वाले कानून को किया रद

एजेंसी

पटना : पटना उच्च न्यायालय ने बिहार में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ाने संबंधी कानून को रद कर दिया है।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने गौरव कुमार और अन्य की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को फैसला सुनाते हुए शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी, ईबीसी और अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण देने के नीतीश सरकार के फैसले को रद कर दिया। इस मामले पर लंबी सुनवाई के बाद 11 मार्च को मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

गौरतलब है कि जाति आधारित सर्वे रिपोर्ट आने के बाद नीतीश सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया। इसके बाद बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान 09 नवंबर 2023 को बिहार आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया गया और दोनों सदन में विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया। इसके तहत दलित, आदिवासी, ओबीसी और ईबीसी के आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों (सवर्ण) को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिलाकर बिहार में नौकरी और शिक्षण संस्थानों में दाखिले का आरक्षण बढ़कर 75 प्रतिशत पर पहुंच गया।

एक नजर

दनुवा घाटी में दो ट्रकों में जोरदार टक्कर, कई घायल

चौपारण : चौपारण की सबसे डरवानी घाटी दनुवा घाटी में दो वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गया। घटना बृहस्पतिवार को घटी जब दो वाहन असंतुलित होकर सांझा में कट के पास टकरा गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक अहमद फिरोज पिता इकबाल अहमद (36) ने बताया कि गाड़ी में नर्सरी पौधा लोड है जो की कोलकाता से गुजरात जा रहा था। उसी क्रम में सांझा ब्रेकर के पास अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रही ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गाड़ियां अनियंत्रित होकर पलट गई और गाड़ी करीब 10 फीट नीचे जा गिरी। मौके पर पहुंची एनएचएआई एंबुलेंस चिकित्सा के मिंटू गुप्ता और सत्येंद्र कुमार के द्वारा बेहतर इलाज के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अभी घायलों का इलाज चल रहा है।

भू रैयतों ने कोल माइंस से विभिन्न मांगों को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

केरेडारी : केरेडारी प्रखण्ड के उत्तरी क्षेत्र के सैकड़ो भू रैयतों ने विभिन्न मांगों को लेकर बसरिया बाजार टांड़ में गुरुवार को महजुटान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस जुटान में कोल माइंस से विस्थापित, प्रभावित गांव बसरिया, हवई पाण्डु, बलेदेवरी, चट्टीबरियातु, बसरिया, पगार,समेत अन्य कई गांवों के प्रभावित सैकड़ो रैयतों ने अपने मांगो को लेकर शिरकत किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद,पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, सीओ रामरतन वर्णवाल, बीईईओ जवाहर प्रसाद उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में विधायक अम्बा प्रसाद ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विस्थापित, प्रभावित लोगो को समस्याओं को लेकर हमलोग पूरे परिवार आंदोलन करते रहे है। एवं रैयतो की सवाल पर मेरे माता पिता जेल भेजा जा चुका है। इसके बाबजूद भी कम्पनी की मनमानी जारी है। जो मनमानी नही करने दिया जायेगा। वही पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगो के लिए हक अधिकार के लिए मै एनटीपीसी कम्पनी से लड़ते आया हूं। और लड़ता रहूंगा। इसके ऐवज में हमे कम्पनी जेल भेजा। और मेरे परिवारों को परेशान करता आया है। इससे मै नही डरता हूं। जनता को हक और अधिकार के लिए लड़ता रहूंगा। ततपश्चात सभा मे 18 सूत्री मांगों पर चर्चा करते हुए डीसी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। अगर 18 सूत्री मांगों पर कम्पनी अगर नही मानती है तो हम सभी विस्थापित, प्रभावित भू रैयतों मिलकर कोल माइंस के कार्यलय में ताला बंदी किया जायेगा।

ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

लंबित योजनाओं की कार्य योजना बना कर ससमय पूर्ण करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आज गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में की गई। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रहीं। बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए आवास निर्माण को पहली किस्त की राशि अविलंब जारी करें। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनके पहला चरण का कार्य संतोषजनक है,तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोर कसर न रखें। योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कम प्रगति वाले प्रखंडों से जवाब तलब कर जल्द से जल्द प्रथम व द्वितीय किश्त की राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया। अबूआ आवास में ग्रामीणों द्वारा पीलिंथ तक के कार्यों की जीओ टैग फोटोग्राफ व डॉक्यूमेंट अपलोडिंग कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि चार दिनों के अंदर अबूआ आवास से संबंधित सभी लंबित कार्य को पूर्ण करें वरना वेतन निर्गत पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं तथा ग्रामीण स्तर पर चल रही कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने पी.डी जेनरेशन को भी बढ़ाने का निर्देश दिया साथ ही मनरेगा से संबंधित कार्यों ने किसी भी प्रकार का मशीन का प्रयोग न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल योजना इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायतों में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाना है। शिक्षा विभाग से इस हेतु समन्वय स्थापित करने को कहा। खेल मैदान निर्माण के लिए जमीन चिन्हितीकरण के हेतु सभी बीडीओ को कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष 6023 कूपों का निर्माण पूर्ण किया जाना है ' इस कार्य पर प्रगति लाने का निर्देश दिया। बिरसा हरित ग्राम योजना इस योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख- रखाव एवं संरक्षण की भी पूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को सक्रिय कर बिरसा हरित ग्राम योजना से जोड़ने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं को गंभीर होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड कार्यालय को पब्लिक फ्रेंडली बनाएं,लोगो की समस्याएं सुने और उनका निष्पादन भीं करे।

विश्वविद्यालय मे योग दिवस पर योग अभ्यास कार्यक्रम आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : 21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से विनोबा भावे विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के अन्तर्गत संचालित योग विभाग द्वारा 21 जून को युसेट परिसर मे योग अभ्यास का कार्यक्रम का आयोजन होगा। योग अभ्यास योग विभाग के प्राध्यापक अभिषेक कुमार द्वारा कराया जाएगा। योग दिवस को सफल आयोजन के लिए विभाग मे तैयारी की जा रही है । विनोवा भावे विश्वविद्यालय के योग विभाग के निदेशक डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा कि कल युसेट परिसर मे योग दिवस का कार्यक्रम किया जा रहा है। कल 6:30 बजे सुबह से कार्यक्रम होगा। ईस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य योग दिवस कार्यक्रम के जरिए लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। अब पहले से लोग योग पर जायदा से ज्यादा ध्यान दे रहे है । इस कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के कई शिक्षक, कर्मी शामिल होंगे। साथ ही कई विभाग के छात्र भी शामिल होंगे। यह जानकारी योग विभाग के निदेशक डॉक्टर अमित कुमार सिंह ने दिया।

भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया जहां उन्होंने आर्थो वार्ड, जेनरल वार्ड, महिला वार्ड समेत अन्य विभागों में मरीजों से मिल कर कुशलक्षेम जाना अपने निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा की राज्य सरकार की अनदेखी का नतीजा है की हॉस्पिटल में मरीज नरकीय स्थिति में इलाज कराने को मजबूर है उन्होंने आगे बताया कि हड्डी रोग विभाग में सी -आर्म मशीन करीब 20 दिनों से खराब है जिसके चलते दर्जनों मरीज का ऑपरेशन नहीं हो रहा है वहीं दर्जनों मरीज बाहर में निजी हॉस्पिटल या नर्सिंग होम में ऑपरेशन करवाने को मजबूर है प्रसाद ने हॉस्पिटल प्रबंधन पर मरीजों के देखरेख और इलाज में अनदेखी का आरोप लगाया है। आगे उन्होंने बताया की शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग के परिसर दो पहिया, चार पहिया सहित हॉस्पिटल में लगे रहने वाले निजी एंबुलेंस से पार्किंग चार्ज लगता था जिसका विरोध मेरे द्वारा किया गया जिसके बाद यह बंद हुआ। हॉस्पिटल में फैले अनियमितता के बारे में चिंता जाहिर करते हुए कहा की यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है की इतने बड़े हॉस्पिटल में इलाज से हजारीबाग के लोग संतुष्ट नहीं हैं लेकिन हम किसी भी हाल में हॉस्पिटल में फैले इस बदहाली को बर्दाश्त नहीं करेंगे। निरीक्षण के बारे में पूछे जाने पर प्रदीप प्रसाद ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अधीक्षक से इस संदर्भ में मुलाकात कर बात किया तो उन्होंने आश्वासन दिया कि दो दिनों के अंदर मशीन हो जाएगा ठीक। मरीजों के लिए लगें लिफ्ट को भी ठीक करवाने का उन्होंनें विश्वास दिलवाया। मौकें पर रविंद्र शर्मा, रामचंद्र जी, मुंशी महतो, राजेश यादव, कामेश्वर कुमार, भरत प्रसाद, चंदन सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेश गोप सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जे के लक्ष्मी सीमेंट ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में लगाया गया रक्तदान शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : जे के लक्ष्मी सीमेंट ऑगेर्नाइजेशन के संस्थापक हरिशंकर सिंघानिया के 91 वीं जन्म दिवस की याद में संपूर्ण भारत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हजारीबाग, लोहसिंगना रोड स्थित वार्ड 27 अक्षत स्टील & गुप्ता सीमेंट एजेंसी प्रतिष्ठान के द्वारा व वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स के अध्यक्ष निर्मल जैन सीनियर सेल्स ऑफिसर निशांत कुमार प्रतिष्ठा के संचालक अमित कुमार & विशाल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया शिविर का शुभारंभ अमित कुमार ने रक्तदान करके किया। तत्पश्चात आदर्श सिन्हा, सुशांत प्रकाश, गौरव कुमार, अनीश कुमार, प्रदीप प्रसाद, दीपक कुमार, रवि शंकर कुमार, सुमित कुमार, बृज बिहारी, विकास कुमार सिंह, आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, कंपनी के सीनियर सेल्स अफसर निशांत कुमार, संचालक अमित कुमार, पूजा गुप्ता, विशाल गुप्ता, संतोष कुमार, मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति, युवा समाजसेवी सन्नी सौरभ, पूनम कुजूर अजीत कुमार, गोपाल प्रसाद, मारखम कॉलेज के सहयोगी छात्र सोनू कुमार, मनीष कुमार, सिया सिन्हा सीमा कुमार का विशेष सहयोग रहा।

मृत चालकों के आश्रितों को मिला 17 लाख 90 हजार का चेक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चौपारण : सारथी सहायता संगठन ने 2 मृतक परिवार को दिया सहयोग राशि। 7.5 लाख बीमा कंपनी इफको टोकियो द्वारा एवं 1 लाख 45 हजार संगठन के सभी सदस्यों के सहयोग से सारथी सहायता संगठन के दो सारथी सदस्य जिनका फरवरी 2024 में वाहन दुर्घटना से मृत्यु हो गई थी। सारथी सहायता संगठन की ओर से दोनो के आश्रितों को बृहस्पतिवार को संगठन के कार्यालय हरी मार्केट चौपारण में मृतक सारथी स्व बालेश्वर शर्मा हथगड़ा बरही निवासी के धर्म पत्नी शांति देवी को 8 लाख 95 हजार एवं सारथी स्व बिरजू प्रसाद वर्मा कोडरमा तिलैया निवास के धर्म पत्नी गुरिया देवी को समर्पित किया। जिसमे मुख रूप से संगठन के अध्यक्ष गौतम सिंह कोर कमेटी सदस्य इंद्रदेव सिंह, मृत्युंजय सिंह, नगीना सिंह, सदस्य अमरजीत सिंह, अनुज कुमार सिंह, संजीत कुमार राणा, अजीत कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, परोपकार सिंह, पंकज कुमार शर्मा, रामप्रवेश सिंह दिलीप कुमार सिंह, मिथलेश निलेश कुमार, सौरव कुमार, मनोज कुमार सिंह एवं सैकडो की संख्या में संगठन के सदस्य मौजूद थे।

पेयजल संकट को लेकर बरही विधायक ने किया प्रेसवार्ता, कहा- 10 जुलाई तक बरहीवासियों को उपलब्ध होगा पानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : एनएच डाक बंगला धनबाद रोड में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रेसवार्ता आयोजित किया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए विधायक अकेला ने बताया कि उनके लगातार प्रयास का प्रतिफल है कि बरही में पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण किया जा रहा है। उनके प्रयास से करोड़ो रुपए की लागत से इसका निर्माण कार्य हो रहा है। विधायक ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासनिक विफलता के कारण अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नही हो पाया है, बावजूद इसके वह लगातार प्रयासरत है कि बरहीवासियो को जल्द से जल्द पानी उपलब्ध हो। विधायक ने कहा कि बरही में 10 जुलाई तक हर हाल में डीवीसी से बरही पानी टंकी में पानी आ जाएगा। कहा कि संवेदक ने भी इसे सुनिश्चित किया हैं की 10 जुलाई तक लोगों को पानी उपलब्ध हो जाएगा। हालांकि उन्होंने कहा कि फिलहाल फिल्टर पानी उपलब्ध होना सम्भव नही है। अगले दो महीने में फिल्टर पानी भी बरहीवासियों को उपलब्ध हो जाएगा, ऐसा संवेदक ने उन्हें आश्वासन दिया है। विधायक बताते है कि 2009 में जब वह चुनाव जीते तो उनके प्रयास से पेयजलापूर्ति योजना की शुरूआत हुई, उसके बाद 2014 में वह चुनाव हार गए और निर्माण कार्य थम गया। पुनः जब वह 2019 के चुनाव में विजय हुये तब मुख्यमंत्री से बात कर इसका निर्माण शुरू कराया। बरही के लोगों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए वह शतत प्रयत्नशील है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि करियातपुर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से बांझेडीह तक सड़क निर्माण कार्य करोड़ो रुपए की प्राक्कलित राशि से किया जा रहा है, लेकिन सड़क निर्माण कार्य कहीं कहीं अधूरा पड़ा है। इसके पीछे फारेस्ट से एनओसी नही मिलने के कारण काफी परेशानी हो रही है। विधायक ने कहा कि झारखंड राज्य जंगल झाड़ियों से घिरा हुआ है, इसलिए विभाग को सोंचना चाहिए कि लोगों के जरूरत के अनुकूल फारेस्ट को एनओसी दे देनी चाहिए। एनओसी नही मिलने के कारण कई काम बाधित हो जाता है। उन्होंने कहा कि बीते दो दिनों पहले ही मुख्यमंत्री कार्यालय से उपायुक्त को सूचना दिया हूँ कि एनओसी नही मिलने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। विधायक ने कहा कि वह उपायुक्त से मिलकर भी इस बारे में वार्ता करेंगे और विकास कार्य में उनसे सहयोग मांगेंगे। प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मो निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, अशोक सिंह, मुखिया सिकंदर राणा, मो वारिस अंसारी, मो रिजवान, मो तैयब, मो गफूर, महादेव यादव, राजेंद्र स्वर्णकार, मनोज रविदास, हरी गुप्ता, बासुदेव यादव, गोविंद यादव सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सांसद मनीष जायसवाल ने किया स्वागत

हजारीबाग : भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी का गुरुवार को हजारीबाग परिसदन सभागार में आगमन हुआ। जहां पहले से जनसमस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बैठक कर रहें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने उनसे शिष्टाचार भेंट किया और हजारीबाग की धरती पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका कार्यकताओं संग हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की धरती पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का स्वागत किया।

कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने बेस पंचायत में 25केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया

कटकमदाग : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के प्रयासों से कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया में 25केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी, जो कई दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे। बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया क्षेत्र में लगातार हाथियों का आना-जाना बना रहता था, जिससे जंगली इलाका होने के कारण अंधेरे में आने-जाने में ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से न केवल बिजली की समस्या का समाधान होगा, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी ग्रामीणों को राहत प्राप्त होगा। ग्रामीणों ने मुन्ना सिंह का आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस पहल से उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयाँ काफी हद तक कम होंगी। मुन्ना सिंह ने आश्वासन दिया कि वह क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और जनता के हित में कार्य करते रहेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो पहुंचे हजारीबाग

हजारीबाग : मीडिया सेल सदस्य एवम नगर संयोजक मंडली सदस्य सरफराज अहमद के घर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो उनके स्वागत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता और उनके परिवार के लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष को बुके देकर किया स्वागत वहीं मीडिया से रूबरू हुए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने बेबाकी से कई सवालों का दिया उत्तर मीडिया के सवालों के उत्तर देते हुए उन्होंने मीडिया के ही सूचना पर उन्होंने अधिकारियों को फोन किया और तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया । इस अवसर पर सरफराज अहमद ने बताया कि कार्यकर्ता कम पारिवारिक रिश्ता ज्यादा है इसलिए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो सर हमारे घर पर आए इससे बड़ी बात मेरे लिए और क्या हो सकता है, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने बताया की सरफराज अहमद एक अच्छे इंसान हैं और हमारा बहुत करीब है उनके साथ लगाव है और हमारे अच्छे कार्यकताओं में है इसलिए उनके घर पर हम उनसे मिलने आए हैं मेरा हजारीबाग जब भी आगमन होता है तो मैं सरफराज अहमद के घर मिलने जरूर आ जाते हैं।

बड़कागांव के लोगों का कभी भरोसा टूटने नहीं दूंगा : रौशनलाल

बड़कागांव : प्रखंड के नापो पंचायत मे आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजन किया गया। अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा और संचालन ओबीसी के प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा साव ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। इस सम्मेलन समारोह में रौशनलाल चौधरी के कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी में अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए विरजू कुमार और विमला देवी के नेतृत्व में सैकड़ो लोग पार्टी मे सामिल हुए। सभी को मुख्य अतिथि रौशनलाल चौधरी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया। मौके पर सभी नए सदस्यों को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मैं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्ग के जानता को विश्वास दिलाता हूं कि सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलूंगा और किसी भी वर्ग के लोगों की भरोसा टूटने नहीं दूंगा। मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास कर झारखंड में अव्वल बनाना। आप सभी देख सकते हैं जहां-जहां पर आजसू पार्टी के विधायक हैं वहां का विकास रेट सभी विधानसभा क्षेत्र से ऊपर रहता है। पार्टी का सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से बिरजू कुमार,विमला देवी,राहुल कुमार,सविता देवी,ममता देवी, आशा कुमारी,दीपा कुमारी,अनीता देवी,बबलू कुमार, कृष्णा साव, बालमुकुंद साव, सुरेंद्र कुमार, कुंदन साव,अनिल साहू, देख लाल कुमार साव, प्रकाश कुमार, संजय कुमार साहू, बीरबल कुमार साव,चुरामन साव,(डोकाटांड) विकास कुमार,संदीप साहू, शिवदयाल कुमार, सोनू कुमार,अनिल ठाकुर,सुनील साव, रामदेव साव, विशाल कुमार, रामदेव दास, प्यारी कुमार साव, सविता देवी, उपेन्द्र कुमार, पुष्पा देवी, पूनम देवी, लीला देवी, सीताराम साव, सूरज कुमार, सुनीता देवी,सहित सैकड़ों लोगों ने रोशन लाल चौधरी के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी ने एक स्वर मे कहा की आने वाला विधानसभा चुनाव मे रौशनलाल चौधरी को विधायक बनाने मे पूरी ताकत झोंक देंगे। अब बड़कागांव रौशनलाल से ही क्षेत्र रौशन होगा।

एक नजर

चार डीएसपी का हुआ तबादला

रांची : राज्य सरकार ने चार डीएसपी का तबादला किया है। रांची में विशेष शाखा में पदस्थापित डीएसपी समीर कुमार सवैया को लोहरदगा जिले के किस्को का डीएसपी बनाया गया है। इसीप्रकार सीटीसी मुसाबनी में पदस्थापित डीएसपी अनिमेष गुप्ता को बोकारो का डीएसपी मुख्यालय, पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मुजीबुर रहमान को विशेष शाखा रांची का डीएसपी और पलामू आईआरबी-10 में पदस्थापित डीएसपी बेनेडिक्ट मरांडी को गिरिडीह आईआरबी-9 का डीएसपी बनाया गया है। इस संबंध में बुधवार देर रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

जेपीएससी की परीक्षा का रास्ता साफ, हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को 11वीं जेपीएससी परीक्षा पीटी के मॉडल आंसर को चुनौती देने वाली याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद जेपीएससी की दलील को सही मानते हुए याचिका खारिज कर दी। 22 जून से 11वीं जेपीएससी की परीक्षा शुरू हो रही है। ऐसे में अब इस परीक्षा का रास्ता साफ हो गया। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में हुई।
इस मामले में प्रियंका अनुज, जया कुमारी, सिद्धार्थ सौरभ सहित पांच छात्रों ने याचिका दाखिल की थी। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने कोर्ट को बताया कि पीटी परीक्षा के बाद जेपीएससी ने 11वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का मॉडल आंसर प्रकाशित किया था, जिसके बाद जेपीएससी ने मॉडल आंसर को लेकर अभ्यार्थियों से आपत्ति भी मांगी थी। आपत्ति मिलने के बाद जेपीएससी ने सुधार कर संशोधित मॉडल आंसर निकाला था।
इस संशोधित मॉडल आंसर में एक और बार सुधार किया गया था। परीक्षा में असफल याचिकाकर्ता संशोधित मॉडल आंसर पर बेबुनियाद बात उठा रहे हैं, इसलिए उनकी याचिका खारिज की गई।

कांग्रेस की चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक स्थगित

रांची : कांग्रेस की 21,23 और 24 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को बताया कि देश में हुए नीट पेपर लीक के मामले में राज्यव्यापी प्रदर्शन का आयोजन 21 जून को किया गया है उसे देखते हुए समीक्षा बैठक स्थगित की गई है। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में झारखंड के लिए बैठक आयोजित की गई है, जिसमें झारखंड से वरीय नेता भाग लेंगे। इसी वजह से 23 और 24 जून को विभिन्न लोकसभा के लिए होने वाली समीक्षा समिति की बैठक स्थगित की गई है।

इंडियन आर्मी की कैंटीन की तर्ज पर झारखंड पुलिस जवानों के भी बनेंगे स्मार्टकार्ड

रांची : झारखंड पुलिस के जवानों के लिए खुशखबरी है। झारखंड पुलिस भी अपने जवानों के लिए स्मार्ट कार्ड बनाने जा रही है। भारतीय सेना की कैंटीन की तरह झारखंड पुलिस के जवानों को भी कैंटीन में कम दामों पर सामान मिलेंगे। राज्य के 40 हजार पुलिसकर्मियों को स्मार्ट कार्ड से फायदा होगा। अब झारखंड पुलिस के जवान पुलिस कैंटीन में स्मार्ट कार्ड के जरिये भी खरीददारी कर पायेंगे। स्मार्ट कार्ड पर खरीदारी सिर्फ पुलिस वाला और फिर उसका परिवारिक सदस्य ही कर सकता है।

नशा मुक्ति को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित, हेल्पलाइन नंबर जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मादक पदार्थों पर रोक को लेकर गुरुवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान एसपी एनसीबी सारिक उमर की ओर से विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों और उनके प्रभाव के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी। उपस्थित लोगों विशेषकर छात्रों को मादक पदार्थों की पहचान, सेवन से होने वाले प्रभाव और बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। नशे के सेवन से किस तरह युवा पीढ़ी और समाज प्रभावित हो रहे हैं इससे संबंधित एनसीबी का वीडियो भी सभी को दिखाया गया।
कार्यशाला में संबोधित करते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने

कहा कि नशा के खिलाफ जनजागरण की आवश्यकता है। माता-पिता सहित अन्य अभिभावक बच्चों के क्रियाकलापों पर नजर रखें, उनसे बातचीत करें, साथ में लंच या डिनर करें। बच्चों की आंखों, चलने और बोलने के तरीके से पहचानें, कहीं वो नशा तो नहीं कर रहा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि सिगरेट क्या है?, तंबाकू की डंडी, जिसके एक सिरे में धुआं है और दूसरे सिरे पर एक मूर्ख।
उन्होंने बताया कि इसके लिए रांची पुलिस ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिस पर व्हाट्सऐप के माध्यम से रांची में चल रहे नशे के कारोबार, मादक पदार्थों की बिक्री एवं इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी दी जा सकती है। कार्यशाला के दौरान सभी को ये वीडियो दिखाया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित लोगों को हेल्पलाइन नंबर 9153886238 नोट कराया गया एवं सभी से दूसरे लोगों से साझा करने की अपील की गयी। कार्यशाला में न्यूरो फिजिशियन, रिनपास सजल अशीष नाग ने मादक पदार्थों के आदि हो चुके व्यक्ति के उपचार के संबंधित आवश्यक जानकारी दी।

डीसी ने नौ अंचल अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को नौ अंचल अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा गया कि नामांतरण वादों में आपत्तिरहित 30 दिनों से अधिक लंबित मामलों की संख्या एवं आपत्तिसहित 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों की संख्या बहुत ही अधिक है तथा सीमांकन वादों में स्वीकृत मामलों की कुल संख्या से अस्वीकृत मामलों की संख्या अधिक है। इस संदर्भ में उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने राजस्व संबंधी मामलों दाखिल-खारिज, उत्तराधिकारी दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन विभिन्न प्रमाण पत्र, अधिग्रहीत भूमि का दाखिल-खारिज, परिशोधन पोर्टल एवं सीपी ग्राम, पीजी पोर्टल की समीक्षा के क्रम में वादों के लंबित मामले अत्यधिक होने के कारण खेद प्रकट किया है। नामांतरण एवं सीमांकन से सम्बंधित मामलों की समीक्षा में निम्न अंचल में लंबित वादों की संख्या अधिक पाए गए तथा लंबित मामलों की समीक्षोपरांत स्पष्टीकरण की मांग की गई।

हर वर्ग के विकास के लिए दरवाजे खोलेगा जातिगत जनगणना : प्रदीप यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : कांग्रेस विधायक दल के उप नेता प्रदीप यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना हर वर्ग के विकास के लिए दरवाजे खोलेगा। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन सरकार के जरिये कैबिनेट की ओर से जातिगत जनगणना के लिए प्रस्ताव को मंजूरी मिलना। सूबे के उन सभी वर्गों के विकास के लिए दरवाजे खोलेगा। जिन्हें अबतक उनके भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी नहीं मिली है।
यादव गुरुवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने प्रस्ताव पारित होने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन कैबिनेट के सदस्यों सहित

कांग्रेस एवं गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भी धन्यवाद दिया कि राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया और आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। हमारे प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर लगातार इसे लेकर सरकार से बात कर रहे थे। यादव ने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि यह निर्णय राज्य के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों ,वंचितों, अल्पसंख्यक और मूलवासियों को राज्य के विकास में भागीदार बनाएगा।

झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में हाई कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को शनिवार तक लिखित बहस प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन में कोर्ट को बताया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कानूनी रूप से रिपोर्ट नहीं मानी जाएगी। रिपोर्ट को सरकार के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था लेकिन इसे सीधे राज्यपाल को दे दिया गया। राज्यपाल ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट सरकार को नहीं दी, जिससे विधानसभा के सदन के पटल पर एक्शन रिपोर्ट के बाद छह माह के भीतर इसे नहीं रखा जा सका।
जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की

रिपोर्ट में कई त्रुटियां भी थी एवं उस कमीशन की कई अनुशंसा भी अस्पष्ट थी।इन त्रुटियों को देखने के लिए जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की एक कमीशन बनानी पड़ी। जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट को राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है और उसे विधानसभा के सदन पटल पर रखा जा चुका है। जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट की फाइनल रिपोर्ट है।
याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि झारखंड विधानसभा के वर्तमान स्पीकर विधानसभा कमेटी के सदस्य थे, इस कमेटी ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले की जांच का रिपोर्ट दिया था की कार्रवाई होनी चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें केवल जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट ही दी गई थी, रिपोर्ट के साथ कोई दस्तावेज (एनेक्सचर) नहीं दी गई थी।
पूर्व में ही सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी थी। झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी थी।
याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष इस मामले को लंबा खींच रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सैकड़ों बच्चों ने किया योगाभ्यास

रांची : भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं रिलेशंस की ओर से गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व संध्या पर बरियातू रोड स्थित डांस वांस में सैंकड़ो बच्चों ने एक साथ योगाभ्यास किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डांस वांस नृत्य संस्थान के निदेशक शिवम मनोहरण और भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। योग प्रशिक्षक सन्नी और प्राची ने सभी बच्चों को योग सिखाया। इस दौरान बच्चों को प्राणायाम, आसन एवं सूर्य नमस्कार का योगाभ्यास कराया। मुख्य अतिथि शिवम मनोहरण और आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल से 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। व्यस्थ जीवन शैली मन और शरीर के लिए योग जरूरी है।

भगवान जगन्नाथ कल करेंगे सहस्त्र धारा स्नान, 14 दिनों तक नहीं देंगे दर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग महास्नान और श्रृंगार कर 15 दिनों के लिए एकांतवास में जायेंगे। ज्येष्ठ पूर्णिमा 22 जून को प्रसिद्ध जगन्नाथपुर मंदिर में नेम-निष्ठा से स्नान यात्रा अनुष्ठान कराया जायेगा। मंदिर के पुजारी कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि दिन के डेढ़ बजे से अनुष्ठान शुरू होगा।
मंदिर के पुरोहित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान को 108 कलश में रखे वनौषधि और सुगंधित जल से स्नान करायेंगे। श्रृंगार-पूजन कर 108 दीपों से आरती उतारी जायेगी। ढाई बजे परंपरानुसार आदिवासी पाहन और श्रद्धालु भी दूध, जल

और सुगंधित द्रव्य आदि से प्रभु को स्नान करायेंगे। इसके बाद विग्रहों का स्पर्श दर्शन कर मंगल कामनाएं की जायेगी। फिर विग्रहों को पुजारी गर्भ गृह में ले जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रभु गर्भगृह में छह जुलाई तक रहेंगे। दर्शन सुलभ नहीं होगा। दर्शनार्थी श्रीगणेश, श्रीकृष्ण रूप का दर्शन और पूजन कर सकेंगे। प्रभु की सांकेतिक पूजा होगी। गर्भगृह में विग्रहों का रंग-रोगण किया जायेगा।

छह को नेत्रदान, रथ यात्रा सात जुलाई को

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा छह जुलाई को जगन्नाथ स्वामी का एकांतवास समाप्त होगा। मंदिर के गर्भगृह से बाहर आने के बाद भगवान का नेत्रदान किया जायेगा। साथ ही भगवान सर्वदर्शन शुलभ हो जायेंगे। कौस्तुभ ने बताया कि नेत्रदान अनुष्ठान शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा। सात जुलाई को रथ यात्रा निकाली जायेगी।

बीमार होंगे भगवान, चलेगा उपचार

मान्यतानुसार भगवान स्नान करने से बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे में उनका उपचार किया जाता है। पुजारी के द्वारा खास काढ़ा बनाकर पिलाया जाता है। इसमें सोठ, पिंपली, दाल चीनी, गुल मिर्च से बनाया हुआ काढ़ा भगवान श्री जगन्नाथ को पिलाया जाता है।

नौ दिनों तक गुलजार रहेगा मेला

रथ यात्रा मेला नौ दिनों तक गुलजार रहेगा. भक्त भक्ति आनंद के साथ मेले का भी लुफ्त उठायेंगे। तरह-तरह के झूले, नाटक-नवटंकी वालों के साथ खाने-पीने का स्टॉल सब को लुभायेगा। पारंपरिक साजो समानों की जमकर बिक्री होगी। पशु-पक्षी और ढोल-नगाड़ा से लेकर खेती-गृहस्थी तक का साजो-सामान भी मिलेगा।

संक्षिप्त खबरें

हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

रांची : असम के गुवाहाटी में 24 जुलाई से 31 जुलाई तक हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जॉन महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप आयोजित किया गया है। इसके लिए हॉकी झारखंड टीम गठन के लिए गुरुवार को पुरुष खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया गया। ट्रायल का आयोजन मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित हुई। पुरुष वर्ग का चयन ट्रायल में सिमडेगा, खूंटी, गुमला, लातेहार, रांची, हजारीबाग सहित झारखंड के अन्य जिला से कुल 135 हॉकी खिलाड़ी ट्रायल में शामिल हुए। इन खिलाड़ियों में से 25 खिलाड़ी को चयन किया गया है, जिनका विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उनमें से बेहतर 18 खिलाड़ियों को चयनित कर उक्त प्रतियोगिता में भेजा जायेगा। वहीं दूसरी और महिला खिलाड़ियों का ट्रायल 21 जून को होगा। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस चयन ट्रायल में हॉकी झारखंड के कई लोग उपस्थित थे। यह जानकारी हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने दी।

उपायुक्त ने की राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

रांची : रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय में राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी से विशेष रूप से कहा कि भूमि का सीमांकन, दाखिल खारिज, रैय्यती जमीन पर लगान लगा कर सरकारी खजाने में लगान जमा कराना, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ना हो इसके लिए इसे सहेज कर रखना, जितने भी भू-हस्तान्तरण के मामले भारत सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं में देना है, उसका भू-हस्तान्तरण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने लंबित दाखिल -खारिज (लंबित 30 दिन बिना आपत्ति एवं लंबित 90 दिन आपत्ति) एवं भूमि सीमांकन के मामलों की सघन समीक्षा की । कार्य निष्पादन पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित अंचल अधिकारियों को जल्द से जल्द लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन के मामले का निष्पादन ससमय करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन मामलों का निष्पादन ससमय नहीं होने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी जमीन का अधिग्रहण एवं स्थानांतरण राज्य सरकार के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए अंचलों में जो महत्वपूर्ण योजनाएं बड़े पैमाने में चल रही हैं, उसे पूरा कराने की दिशा में कार्य सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अंचल अधिकारियों से अंचल में लंबित प्रमाण पत्र (जाति/ आय/ आवसीय) के बारे में जानकारी लेते हुए इसे ससमय बना कर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र समय पर आवेदक को मिल जाए, यह सुनिश्चित किया जाये। उपायुक्त ने भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के विभिन्न एजेंसियों के भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में हाई कोर्ट से शेषनाथ सिंह खरवार की जमानत मंजूर

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल कृष्ण पातर उर्फ. राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार को जमानत दे दी है। कोर्ट ने शेषनाथ सिंह खरवार को राहत देते हुए उन्हें जमानत प्रदान कर दी। शेषनाथ सिंह खरवार को सात अक्टूबर, 2017 को एनआईए ने गिरफ्तार किया था। नौ जुलाई, 2008 को बुंडू के एसएस हाई स्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रांची पुलिस के अलावा सीआईडी भी इस हत्याकांड का खुलासा नहीं कर सकी थी। घटना के नौ साल बाद एनआईए ने 28 जून, 2017 को इस मामले की जांच शुरू की। इस मामले में पूर्व मंत्री गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर एवं उसके अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार, नक्सली कुंदन पाहन समेत करीब 15 आरोपित जेल में है। राजा पीटर को इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट से दिसंबर 2023 में जमानत मिल चुकी है।

हाई कोर्ट में उपस्थित हुए पेयजल सचिव और नगर आयुक्त को लगी फटकार

रांची : रांची के जलश्रोतों के संरक्षण और रांची के तीन डैमों की साफ-सफाई और अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। पेयजल विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के नगर आयुक्त कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। इस संबंध में झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। अदालत ने पेश अधिकारियों से पूछा कि शहर में पीने के पानी में गंदगी पर हाई कोर्ट से पहले विभाग का ध्यान क्यों नहीं जाता? कोर्ट के संज्ञान के बाद ही विभाग क्यों जागा? इसके साथ ही अदालत ने दोनों अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अगली सुनवाई के दौरान दोबारा कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही कोर्ट ने नगर विकास विभाग के सचिव को भी ने अगली सुनवाई में अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने गुरुवार को नगर आयुक्त और पेयजल विभाग के सचिव से पूछा कि बड़ा तालाब और डैमों की सफाई के लिए लॉन्ग टर्म प्लान क्या है तो दोनों अधिकारियों ने अदालत को बताया कि इसके लिए कई एजेंसियों से विचार विमर्श किया जा रहा है और इसमें नगर विकास विभाग की भी भूमिका है। नगर विकास विभाग जब तक सीवरेज का काम पूरा नहीं करेगा, तब तक जलाशयों को स्वच्छ रखने में दिक्कत होगी। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई में नगर विकास विभाग के सचिव को भी हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया।

दिव्यांगों की जांच कर 3 दिनों में प्रमाणपत्र जारी करें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

▶ शहरी क्षेत्र व प्रखंडों में 21 जून से 15 जुलाई तक लगेगा शिविर

बोकारो : बोकारो की विजया जाधव के निर्देश पर जिले के शहरी व प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शुक्रवार से दिव्यांगता शिविर लगाया जाएगा। डीसी ने सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार को शिविर में आने वाले आवेदनों के आधार पर दिव्यांगों की जांच कर तीन दिन के अंदर उनका दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया है। कहा कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति कर जांच सुनिश्चित कराएं। शिविर में सभी योग्य लाभुकों को पेंशन स्वीकृति (मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना व एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति को सहायतार्थ पेंशन) व वैसे पेंशनधारी जिन्हें किसी कारणवश पेंशन भुगतान नहीं हो पा रहा है, त्रुटियों का निराकरण किया किया जाएगा। शिविर सुबह 10:30 से शाम 4:00 बजे तक चलेगा. सिविल सर्जन ने सभी लाभुकों से आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, फोटोग्राफ, बैंक खाता पासबुक, आवासीय प्रमाण पत्र साथ लेकर आने को कहा है। दिव्यांगता जांच शिविर डीसी ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की हैं. इनमें हड्डी रोग

विशेषज्ञ डॉ. रामप्रवेश सिंह, ईएनटी के डॉ. सुनील कुमार, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पिंकी पॉल, ऑडियोलॉजिस्ट सुमित कुमार मौजूद रहेंगे। बोकारो जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में तिथिवार दिव्यंगकता शिविर का आयोजन किया गया है। इसके तहत गोमिया सीएचसी में 21 जून को, चास सीएचसी में 22 जून को, नावाडीह सीएचसी में 24 जून को, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालीडीह में 25 जून को, कसमार सीएचसी में 26 जून को, चास नगर निगम कार्यालय में 28 जून को, चंदनकियारी सीएचसी में 29 जून को, पिंड्राजोरा पीएचसी में 1 जुलाई को, बेरमो सीएचसी में 2 जुलाई को, चीरा चास पीएचसी में 3 जुलाई को, चतरोचट्टी पीएचसी गोमिया में 6 जुलाई को, टुपरा पीएचसी में 8 जुलाई को, जरीडीह सीएचसी में 9 जुलाई को, शहरी सीएचसी सेक्टर-6 में 10 जुलाई को, पेटरवार सीएचीसी में 12 जुलाई को, बोकारो सदर अस्पताल में 13 जुलाई को व चंद्रपुरा प्रखंड कार्यालय परिसर में 15 जुलाई को शिविर लगाया जाएगा।

रोजगार मुहैया करने को लेकर मैनिटी प्रोग्रेसिव हैंडस फाउंडेशन ने किया इंडक्शन प्रोग्राम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : मैनिटी प्रोग्रेसिव हैंडस फाउंडेशन, बोकारो, झारखंड के द्वारा ट्रेनर ट्रेनिंग प्रोग्राम तथा इंडक्शन प्रोग्राम सेक्टर चार स्थित बुध विहार में रखा गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को रोजगार के प्रति जागरूक करना है साथ ही लोगों को उनके गांव गांव तक रोजगार मुहैया करवाना है । कार्य के रूप में पापड़ बनाना, सेनेटरी पैड का पैकिंग करना, होम केयर प्रोडक्ट बनाना, मुर्गी पालन, बकरी पालन, एवं सूअर पालन जैसे अन्य रोजगार मुहैया करवा रही है। इस कार्यक्रम मे आई महिलाओं के 10 ग्रुपों को रोजगार का शपथ पत्र दिलाया गया जिसके द्वारा महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के राह में अग्रसर रहेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता देवी ने कहा कि आज हमारा देश विकासशील और अग्रसर होते जा रहा है इसको लेकर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी महिलाओं को आप निर्भर बनाने के लिए रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है मैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड्स फाउंडेशन ने जो रोजगार के साधन ग्रामीण सुदूरवर्ती इलाके में रह रही महिलाओं के लिए लेकर आया है वह बहुत ही सराहनीय है इससे महिलाएं लोग आत्मनिर्भरता होगी और महिलाएं सशक्त होंगी तो हमारा देश मजबूत होगा। कंपनी के डायरेक्टर सत्यनारायण मिश्रा ने कहा कि हमारी संस्था ऐसे महिलाओं के लिए है जो ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर रोजगार के लिए दूर दराज इलाके मे जाना पड़ता था इसी को लेकर हमारी संस्था ने हर तरह से छोटे बड़े काम उन महिलाओं के लिए उपलब्ध करवा रही है जिससे उन्हें अपने घर से दूर न जाकर घर पर ही रोजगार की सुविधा मिल सके गांव और शहर से जुड़ सके । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी, श्री चितरंजन जी एवं श्री राजीव जी उपस्थित रहे साथ ही संस्था के निर्देशक सत्या सर, निशा वर्मा, अश्विनी कुमार एवं अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

विश्व सिकल सेल रोग दिवस पर आईआईटी आईएसएम में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : आईआईटी आईएसएम धनबाद ने गुरुवार को विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर संस्थान के गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर जीजेएलटी में कर्मचारियों और उनके बच्चों के लिए सिकल सेल रोग पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके दौरान डॉ. रवि आर. झा, सामुदायिक रोग विभाग के प्रमुख, धनबाद ने सिकल सेल रोग के विभिन्न पहलुओं पर एक व्याख्यान दिया और लोगों को एससीडी के उन्मूलन की दिशा में सरकार के प्रयासों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रबोध पांडे, रजिस्ट्रार, आईआईटी आईएसएम धनबाद के अलावा, डॉ पी कुमार, आईआईटी आईएसएम स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और प्रोफेसर संजय मंडल, एसोसिएट डीन अन्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित थे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देश पर आईआईटी आईएसएम के डीन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस

कार्यक्रम में जागरूकता पैदा करने और सिकल सेल रोग के अंतर-पीढ़ीगत संचरण को रोकने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया।सभा को संबोधित करते हुए,डॉ.रवि आर झा ने कहा एससीडी वंशानुगत रक्त विकारों के एक समूह को संदर्भित करता है, जिसमें आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण असामान्य हीमोग्लोबिन एक साथ चिपक जाता है, जिससे लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार की हो जाती हैं। डॉ. झा ने कहा ये सिकल आकार की कोशिकाएं रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा करती हैं, जिससे एनीमिया, दर्द, संक्रमण और अन्य गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं।इसलिए सभी वयस्कों और नवजात शिशुओं को सिकल सेल रोग और सिकल सेल लक्षण के लिए चिकित्सा जांच कराने की सलाह दी जाती है।

गैस गोदाम में मजदूरों के बीच जमकर मारपीट बरोरा पुलिस पहुंचकर मामला शांत कराया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कतरास (धनबाद): बरोरा थाना क्षेत्र के बेहराकुदर इंडेन गैस सर्विस के गोदाम में पुराने मजदूर नियोजन व बकाया वेतन की मांग को लेकर धरना पर बैठे थे। इसी बीच नये मजदूर व धरना पर बैठे पुराने मजदूरों के बीच छीटाकशी को लेकर भीड़ गए। मारपीट के दौरान दोनों पक्षो के कई लोग आंशिक रूप से जख्मी हुए। सुचना मिलते ही बरोरा पुलिस मौके पर पहुँच कर दोनो पक्षो के समझा बुझा कर मजदूरों को शांत कराया।पुराने मजदूरों का कहना है कि इंडेन संचालक द्वारा 30 मजदूरो को दो माह पूर्व बिना कारण के ही हटा दिया।साथ ही कई वर्षों से बकाया वेतन भी नही दिया है। जिसके कारण परिवार का पालन पोषण की जगह भुखमरी की स्थिति खराब हो गयी है।संचालक द्वारा नये मजदूरों को कार्य पर रख लिया हैं। जो न्याय संगत नही है। संचालक द्वारा कहा गया कि पूर्व के मजदूरों के शिकायत से जुड़ा मामला न्यायालय में लंबित है।मारपीट करना गलत बात है।

जीवन में कुशलता प्राप्त करना ही योग है : रवि शंकर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : भगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि योग से कर्म में कुशलता आती है। योग केवल आसन नहीं है, बल्कि आप कितनी कुशलता से बातचीत कर पाते हैं,कितनी कुशलता से किसी भी परिस्थिति का सामना कर पाते हैं; यह भी योग है। आज के समय में कोई भी यह नहीं कहेगा कि उन्हें कुशलता नहीं चाहिए। यहां कोई ऐसा नहीं जिन्हें नवाचार नहीं चाहिए, अंतःस्फूर्णा नहीं चाहिए या बातचीत करने की कुशलता नहीं चाहिए। ये सभी योग के सह-प्रभाव हैं, मैं यह भी नहीं कहूंगा कि ये सभी मुख्य प्रभाव हैं।योग हमारी किसी भी विश्वास प्रणाली के विरोध में नहीं है। चाहे आप किसी भी धर्म के अनुयायी हों,कोई भी दर्शन मानते हों या फिर किसी भी राजनीतिक विचारधारा का पालन करते हों, योग किसी के विरोध

में नहीं है।योग हमेशा सद्भाव ही फैलाता है।योग विविधता को बढ़ावा देता है। योग का अर्थ ही है अस्तित्व के विभिन्न पहलुओं को जोड़ना। अब आप चाहे व्यवसायी हों, कोई प्रसिद्ध व्यक्ति हों या कोई साधारण व्यक्ति आप जीवन में शांति चाहते हैं, अपने चेहरे पर मुस्कान रखना चाहते हैं और खुश रहना चाहते हैं। यह खुशी तभी हो सकती है जब आप दुःख के कारण को पहचानें।और दुःख का सबसे बड़ा कारण जीवन में तनाव और लक्ष्य की कमी है।अब यूरोपियन पार्लियामेंट जी.डी.एच की चर्चा करने लगी है। अब हम ग्रॉस डोमेस्टिक हैप्पीनेस की ओर बढ़ रहे हैं। योग उसमें बहुत सहायक होगा।आज हमारी जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा डिप्रेशन से जूझ रहा है। इस स्थिति में प्रोजाक जैसी एंटी डिप्रेसेंट दवाएं लंबे समय तक लाभ नहीं करेंगी। हमे किसी प्राकृतिक चीज की जरूरत है, हमारी सांस जैसी प्राकृतिक चीज जिसका उपयोग हम चेतना के उत्थान के लिए कर सकें और खुश रह सकें । क्या आपने ध्यान दिया है कि जब हम खुश रहते हैं तब हमें कैसा अनुभव होता है; हमारे भीतर कैसा भाव उठता है मान लीजिए किसी ने आपकी तारीफ की या आप जो पाना चाहते थे वह आपको मिल गया तो आप पाएंगे कि आपके भीतर कुछ फैल रहा है।

रेलवे किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ युवक का शव, परिजनो द्वारा हत्या की आशंका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : जिला के फुसरो मे सुबह रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों से पुलिस द्वारा एक युवक का शव बरामद किया गया। मौके पर मृतक के परिजन पहुंच शव की पेहचान उम्र 36 वर्षीय मोहन रजक के रूप में किया। शव मिलते ही आसपास के रहिवासियों की काफी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार मृतक के परिजनों द्वारा बेरमो थाना को सूचित किया गया। सूचना पाकर बेरमो थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार दलबल के साथ पहुंचे। मृतक के पिता अमृत रजक ने पुलिस को बताया कि मृतक के दो पुत्र है। जिसकी उम्र 7 वर्ष तथा 5 वर्ष है।

उन्होंने बताया कि बीते 17 जून को रात्रि लगभग 10:30 बजे मेरे पुत्र को फोन कर बुलाया गया। उसके बाद से वह वापस नहीं आया। इसे लेकर थाना में आवेदन भी दिया गया। उसने बताया कि वह गिरिडीह जिला के हद में इसरी चौधरी बांध का रहने वाला है। दिवंगत पुत्र मोहन रजक करगली बाजार बंगाली पाड़ा में परिवार के साथ रहता था। मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने कहा कि उसके पति वाहन चालक था। उसने आशंका जतायी कि उसके पति की हत्या कर झाड़ियों में फेंक दिया गया। साथ हीं उसका मोबाइल भी अभी तक नहीं मिला है। बीच में एक बार ऑन भी हुआ, फिर स्विच ऑफ बता रहा है। खबर मिलते ही घटना स्थल पर आसपास के रहिवासियों की भीड़ लग गई। मौके पर बेरमो पुलिस पहुंचकर शव को थाने लाई और पोस्टमार्टम के लिए बोकारो भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर कर अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना के बाद से मृतक के परिजनो का रो -रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी दो पुत्र छोड़ गया। मृतक के बच्चों ने भी कहा कि मेरे पिता को किसी ने रात्रि में फोन करके बुलाया और मेरे पिता की हत्या कर दी। बच्चों द्वारा चार संदिग्ध का नाम बताया गया है। इस संबंध में बेरमो थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने कहा यह हत्या का मामला है। इसकी जांच की जा रही है। जिसने भी इस तरह का हरकत किया होगा वैसे अपराधियों को किसी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। कहा कि अपराधियों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

एक नजर

पिछले तीन दिनों से बिजली गुल

कतरास (धनबाद): राजवाड़ी सामुदायिक भवन में पिछले तीन दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही राजबाड़ी के लोग बार-बार कतरास विद्युत कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं अधिकारियों के द्वारा सिर्फ मिल रहा है आश्वासन। ग्रामीणों ने कहा 24 घंटे के अंदर बिजली नहीं मिली तो होगा आंदोलन।

80 जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

धनबाद : धनबाद शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टील गेट में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। जहां अनन्या अपार्टमेंट के कमरा नंबर 402 से 80 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। जिसको लेकर ग्रामीण एसपी अजीत कुमार ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

हटिया में बिजली का पोल गिरा बाल-बाल बचे राहगीर

धनबाद : कतरास हटिया में गुरुवार को बिजली का पोल अचानक गिर गया। इससे बिजली का तार जमीन से सट गया। तार में बिजली प्रवाहित हो रही थी। घटना सुबह करीब 10 .30 बजे की है। उस वक्त कुछ स्कूली बच्चे व अभिभावक रास्ते से गुजर रहे थे। संजोग था कि तार या पोल के संपर्क में कोई नहीं आया नहीं, वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को देकर तुरंत बिजली कटवा दी। स्थानीय लोगों ने बताया की पोल जर्जर हो गया था और उस तारों का बोझ भी अधिक था। पोल गिरने से इलाके में कई घंटे तक बिजली गुल रही।

लक्ष्य बना करें पढ़ाई, कामयाबी कदम चूमेगी : डीआईजी

बोकारो : दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में 11वीं में नामांकित विद्यार्थियों की कक्षाएं गुरुवार को प्रारंभ हुईं। पहले दिन उनके लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कोयला क्षेत्र के डीआईजी एसके झा ने विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स । कहा कि जब हमारे भीतर अपने लक्ष्य के प्रति एक जुनून और दीवानापन होगा, तो निश्चय ही कामयाबी कदम चूमेगी। इसलिए लक्ष्य बनाकर उसी के अनुरूप पढ़ाई करें। अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा क्रैक कर आईपीएस अफसर बने एसके झा ने विद्यार्थियों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। कहा कि जब छठी कक्षा में थे, तो फिल्म गंगाजल देखी थी। इस फिल्म ने उन्हें काफी प्रभावित किया और पूरा जीवन ही बदल दिया। उनके माता-पिता चाहते थे कि वह एक इंजीनियर बनें, लेकिन फिल्म देखने के बाद उनमें एक बड़ा पुलिस अधिकारी बनने, वर्दी पहनने और यूपीएससी के भवन तक पहुंचने की जो दीवानगी जगी, उसी ने आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने विद्यार्थियों को सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि एक अच्छा इंसान ही अच्छा विद्यार्थी और अच्छा नागरिक बन सकता है। आलोचनाओं को सकारात्मक रूप में लेने, नैतिक व भावनात्मक मूल्य बनाए रखने तथा अपने शिक्षकों, अभिभावकों व समाज में सभी तबके के लोगों का सम्मान करने की सीख दी।

संक्षिप्त खबरें

उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई जिला योजना समिति की बैठक

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला योजना समिति, धनबाद के कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई। बैठक में के दौरान धनबाद जिलान्तर्गत पीएचईडी-1एवं2 के कार्यपालक अभियंता, कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), लघु सिंचाई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी,सहकारिता पदाधिकारी, समेत अन्य विभाग के पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त अतिआवश्यक/महत्वपूर्ण एवं जनोपयोगी योजनाओं के प्रस्ताव की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि चयनित योजनाओं को जिला योजना समिति की बैठक में पारित करा कर उसका क्रियान्वयन कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि कई ऐसी योजनाएं हैं, जिसका क्रियान्वयन अति आवश्यक है, ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन करें। इसको लेकर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, जिला योजना पदाधिकारी राज कमकर शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, कृषि पदाधिकारी, गव्य एवं पशुपालन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चिरकुंडा, कार्यपालक अभियंता विद्युत, पथ प्रमंडल, पीएचईडी-1एवं2 के कार्यपालक अभियंता, कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), लघु सिंचाई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी,सहकारिता पदाधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

पुरनी रजवार बिजली की चपेट में आने से घायल, सुप्रीमो सुरज महतो पहुंचे अस्पताल

धनबाद : गुरुवार को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तारगा पंचायत निवासी रामचरण रजवार की पुत्री पुरनी रजवार बिजली की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गई। घायल पुरनी का ईलाज धनबाद स्थित एक अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी जैसे ही जनशक्तदिल के सुप्रीमो सह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी सूरज महतो को लगी वह तुरंत घायल बच्ची को देखने उक्त अस्पताल निकल गए। अस्पताल पहुंचकर श्री महतो जहां घायल युवती का हालचाल जाना वहीं अस्पताल के चिकित्सकों से मिलकर उसके बेहतर ईलाज पर चर्चा की। साथ ही श्री महतो ने घायल युवती के परिजनों से भी मिले और ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनों से कहा कि घाटना वाकई दुखद है। इस दुख की घड़ी में पूरा जन शक्तदिल परिवार आप लोगों के साथ है। घबराने की जरूरत नहीं है। ईश्वर की अनुकंपा से बच्ची शीघ्र स्वस्थ हो जाएगी।

चास प्रखंड का स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

बोकारो : चास प्रखंड का दोदिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन बीपीओ रंजन कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच अंडर 17 आयु वर्ग में राजकीय हाई स्कूल लकड़ाखंदा बनाम हाई स्कूल चिकसिया टीम के बीच खेला गया ' जिसमें हाई स्कूल लकड़ाखंदा की टीम ने हाई स्कूल चिकसिया टीम को शून्य के मुकाबले चार गोल से पराजित किया ' अंडर 17 बालक आयु वर्ग में कुल 6 स्कूल की टीमों ने हिस्सा लिया 'अंडर 17 आयु वर्ग के दूसरे मैच में सर्वोदय हाई स्कूल पिंड्राजोरा ने हाई स्कूल सोनाबाद को शून्य के मुकाबले 2 गोल से हराया। तीसरे मैच में बीएसएल प्लस टू हाई स्कूल 2 डी की टीम ने सर्वोदय हाई स्कूल पिंड्राजोरा की टीम को कुल 4 गोल से पराजित कर प्रतियोगिता के फाईनल में प्रवेश किया। एक अन्य मैच में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पूरी टीम के नहीं पहुंचने पर विपक्षी टीम राजकीय हाई स्कूल लकड़ाखंदा की टीम फाईनल में स्थान बनाया। इस प्रतियोगिता के फाईनल मैच में बीएसएल प्लस टू हाई स्कूल 2 डी की टीम ने राजकीय हाई स्कूल लकड़ाखंदा की टीम को शुन्य के मुकाबले 5 गोल से पराजित कर अंडर 17 आयु वर्ग का विजेता बना। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिमा दास ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर बोकारो जिला फुटबॉल संघ के सचिव महेन्द्र प्रसाद, सुभाष रजक, रिवभूषण, अरूण श्रीवास्तव, आशुताश राय आदि शामिल रहे। मैच का संचालन रेफरी मनोज कुमार महतो, रमेश महतो, डॉली कुमारी ने किया।

हिंसा का समाज में कोई स्थान नहीं: कुमार अमित

बोकारो : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने सेक्टर वन स्थित विकास नगर में वहाँ के लोगों के साथ बैठक कर दोनो पक्षों से शांति की अपील की। दो दिन पूर्व भर्रा बस्ती और विकास नगर के निवासियों के बीच हुए हिंसक झड़प को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए बैठक में कुमार अमित ने कहा कि किसी को भी किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हर हाल में समाज में कानून का ही शासन होना चाहिए। दोनो पक्षों के आपस में शान्ति पूर्वक बैठने से हीं उनके समस्याओं का समाधान सम्भव है। हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता और न समाज में उसका कोई स्थान होना चाहिए। कुमार अमित ने बैठक स्थल से पुलिस पदाधिकारियों को फोन कर तटस्तता पूर्वक इस मामले का निपटारा करने को भी कहा। अमित ने कहा पुलिस प्रशासन को भी तटस्थता पूर्वक दोनो पक्षों के बातों को सहृदयता से सुनकर उनके मध्य शांति बहाल करने का प्रयास करना चाहिए। एकतरफा कार्रवाई से समाज में पुलिस प्रशासन के प्रति असंतोष का भाव उत्पन्न होगा। कुमार अमित ने दोनो पक्षो से समाज में शांति बहाल करने हेतु पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की भी अपील की है। इस बैठक में सुमित कुमार, लालबाबू, भोलन शाह, कमलेश राम, कंचन गुप्ता, जीतेन्द्र राम, अमरेश सिंह, राम स्वरूप, छोटू राय, सच्चिदानंद सिंह, संजय यादव, दीपक, सत्येन्द्र गुप्ता, लक्ष्मण पाल, सीताराम यादव, विषराजन प्रसाद, शिवलाल प्रसाद आदि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त ने रायडीह प्रखंड के कोब्जा पंचायत स्थित नकटीझरिया ग्राम का किया दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

गुमला : गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के कोब्जा पंचायत स्थित नकटीझरिया ग्राम का दौरा किया। दरअसल उक्त ग्राम वासियों ने मंगलवार को जिले में आयोजित हुए जनशिकायत निवारण दिवस में आकर उपायुक्त से मुलाकात की थी एवं उनके गांव तक जाने के लिए पक्की सड़क के निर्माण हेतु उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने उनके गांव का दौरा

करने का वायदा किया था। इसी क्रम में आज उपायुक्त ने उक्त ग्राम का भ्रमण कर वहां के नागरिकों से मुलकात की। 35 परिवारों वाले नकटीझरिया ग्राम में राउटिया एवं नगसिया समुदाय के नागरिक रहते हैं, एवं उनकी आजीविका लाह एवं धान की खेती से चलती है। उक्त गांव तक पहुंचने के लिए उपायुक्त ने मुख्य सड़क से बाइक के माध्यम से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की। उपायुक्त ने सड़क की समस्या को देखा एवं उन्होंने आर.ई.ओ. विभाग के सहायक अभियंता को सोमवार तक मुख्य सड़क से उक्त ग्राम तक के लिए पहुंच पथ बनाने हेतु भौतिक परीक्षण करते हुए प्रकलन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि सड़क निर्माण में थोड़ा वक्त लग सकता है परंतु केवल सड़क के निर्माण होने तक का इंतजार न करें सरकार के अन्य योजनाओं का लाभ लें स्वयं को जागरूक बनाएं एवं अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी परंतु ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है कि वे सरकार को सहयोग करें एवं स्वयं को जागरूक बनाएं। सड़क के अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्रामीणों से अन्य समस्याओं के बारें में भी जाना ,ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली एवं पानी की समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। बिजली की समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त ने उक्त ग्राम में सोलर ग्रिड लगवाने की बात कही, जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों से जगह चिन्हित करने की बात कही।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

सरिया (गिरिडीह) : बुधवार की देर रात चिचाकी रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। गोमो जीआर पी को सूचना मिलने पर गुरुवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम के लिए जी आरपी अपने साथ लेते गई। हजारीबाग रोड आरपीएफ निरीक्षक अरुण राम ने बताया कि युवक की पहचान डुमरी थाना क्षेत्र के जंगिदिरी गावं के गंगू पंडित 21 पिता नन्दलाल पंडित के रूप में हुई है बताया की किस ट्रेन से इसकी मौत हुई है। इसका पता नही चल पाया है लेकिन जानकारी मिली है कि मृतक दिमागी तौर पर कमजोर था।

कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अतिअल्पकालिन आमंत्रण सूचना
अति अल्पकालिन सूचना संख्या –NIT/RGH/NP/08/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़ अन्तर्गत कुल 08 आयुश्मान आरोग्य मंदिर (Urban Health and Wellness Center) संचालित है। उक्त सभी केन्द्रों पर दवाओं की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति हेतु यह निविदा का प्रकाशन किया जा रहा है। निविदा की विवरणी निम्नवत् है :–

1.	निविदा निकालने वाले पदाधिकारी	:–	कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2.	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की तिथि	:–	दिनांकः 21.06.2024 से दिनांक–29.06.2024 तक अपराहन 04:00 बजे तक।
3.	निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान	:–	दिनांकः 01.07.2024 अपराहन् 4:00 बजे तक।
4	मद का नाम	:–	15वें वित्त आयोग मद (UHWC)
5	हेल्पलाईन नं0	:–	9962405690, 8130016531

नियम एवं शर्तें :–
1. निविदा ऑफ लाईन के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।
2. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता को दवाओं की आपूर्ति में कम से कम 10 वर्शों का अनुभव होना तथा अनुभव संबंधी प्रमाण देना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को GST Registration एवं 03 Years IT Return संबंधित प्रमाण पत्र देना होगा।
4. निविदादाता को झारखण्ड सरकार के अधीन कार्यानुभव देना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को काली सूची में नहीं होने का स्वअभिप्रमाणित घोशणा पत्र संलग्न करना होगा।
6. निवदादाता को दवाओं के MRP के साथ अपना दर देना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को दवाओं की आपूर्ति हेतु आवश्यक लाईसेंस (Drug Licence) होना अनिवार्य होगा।
8. दवाओं की सूची कार्यालय सूचना पठ पर दिनांक–20.06.2024 से देखी जा सकती है।
9. निविदादाता को Technical एवं Financial दो अलग–अलग बंद लिफाफं में निविदा को जमा करना अनिवार्य होगा।
10. दवाओं की आपूर्ति के समय से कम से कम दो वर्श का Expiry Date होना आवश्यक है।
11. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए रद्द करने अथवा संशोधन करने का अधिकार इस कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
13. निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तों को कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 327084 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

अनगड़ा प्रखण्ड के हेसल पंचायत में युवा आजसू की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

अनगड़ा : हेसल पंचायत रामनगर में युवा आजसू की बैठक सोनू कुमार के अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी युवा केन्द्रीय संयोजक जनाव अबदुल जबार अन्सारी थे। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 22 जून को आजसू पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर बलिदान दिवस के रूप में झारखंड के पुरे 81 विधान सभा में मनायी जा रही इस बीच आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा युवा आजसू 2024 विधानसभा चुनाव में झारखंड की दिशा और दशा बदलने में अहम भूमिका

निभायेगी और इसकी शुरूआत 22 जून स्थापना दिवस में 1000 युवाओं की भागीदारी से सुनिश्चित करना है क्योंकि युवा हीं झारखण्ड राज्य के राज्य का नव निर्माण कर सकतें हैं। मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी, महिला मोर्चा राँची जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, इंडिगो एयरलाइंस के आपरेशन मैनेजर संजीत कुमार, अशीष कुमार, अमित कुमार महली, विमल मंडल, सुमित कुमार, रोहित कुमार, निलेश बड़ाइक, प्रिंस कुमार, सत्यम कुमार, आयुष पाठक, राहुल उरांव, सूरज कुमार, मनीष कुमार, मुकेश दुबे आदि दर्जनो युवा उपस्थित थे।

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर।
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com
Corrigendum-I

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR.NO.326713 District(24-25):D में निविदा सं0 NPB-49/2023-24 (2nd call) को NPB-01/2024-25 पढ़ा जाए। शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिशद् बिश्रामपुर।

PR 327078 District(24-25)D

स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनायेगा आजसू : बोनीफास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चैनपुर : आजसू पार्टी के बैनर तले 22 जून को आजसू स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकरी नेता सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ.देवशरण भगत जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर मौजूद रहेंगे। केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर ने बतलाया कि गुमला विधानसभा क्षेत्र से एक हजार नए युवाओं को आजसू पार्टी के विचारों से जोड़ने का लक्ष्य लिया गया है साथ ही साथ युवा सम्मेलन के रूप में सभी युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सभी प्रखंडों से हजारों की संख्या में रायडीह प्रखंड के पतराटोली स्टेडियम में यूथ के साथ बैठक रखा गया है, और उसमें झारखंड को किस-किस ने बलिदान दिया है उसका विजुअल वीडियो जारी किया जाएगा। जिसमें झारखंड को अलग राज्य बनाने में, झारखंड की आबरू को बचाने में, झारखंड के किसानों के लिए अलग लड़ाई लड़ना विद्यार्थियों के लिए आवाज उठाना और मुंहतोड़ जवाब देना। आजसू पार्टी किस तरह संघर्ष और बलिदान करते हुए आज पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाया। इन सब मुद्दों पर आवाज उठाने वाली पार्टी आज किस मुकाम पर पहुंच चुका है। उसको बताने के लिए और वर्तमान दौर में झारखंड में गर्मी का जो डिग्री प्रतिशत जिस तरह से बढ़ रहा है उसको देखते हुए हर विधानसभा में 100 पौधा लगाने का निर्णय आजसू पार्टी ने लिया हैं।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा विशेष लोक अदालत 2024 का आयोजन

(दिनांक :– 29.07.2024 – 03.08.2024)

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाएगा। सभी सम्बधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं तथा सरकारी–गैरसरकारी प्रतिष्टानों से अनुरोध है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाये। विशेष लोक अदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual) रुप से शामिल होकर समझौते की प्रकिया में भाग ले सकते है।
+ त्वरित समझौता और विवादों का निपटारा
+ अंतिम और निष्पादन योग्य पुरस्कार
+ विवादों का लागत प्रभावी समाधान
+ कोर्ट फी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी संपर्क कर सकते है।
जानकारी वेबसाइट https://www.sci.gov.in/ पर उपलब्ध है।

सम्पर्क हेतू विवरण
.....
.....
.....

ह0/–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 327093 Lohardaga(24-25).D

कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग–825301
Email_Id- dsehazaribagh4@gmail.com

पत्रांक–1441 **आवश्यक सूचना** दिनांक–19.06.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड राँची द्वारा एल0पी0ए0 संख्या–203/2022 एवं अन्य संबद्ध तथा सदृश्य वादों में पारित न्यायादेश के अनुपालन के क्रम में विभागीय संकल्प संख्या–283, दिनांक–28.02.2024 के द्वारा काउंसिलिंग हेतु सिद्धांतों का निरूपण एवं कंडिका–13 में शर्तों का निर्धारण किया गया है तथा संकल्प की कंडिका–14 के आलोक में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड राँची के पत्रांक–786, दिनांक–19.06.2024 में निहित निदेश के आलोक में काउंसिलिंग हेतु दावा, आवेदन जमा करने की तिथि, स्क्रूटनी की तिथि एवं काउंसिलिंग की तिथि निम्नवत् रूप से निर्धारित की जाती है:–

इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैर पारा) पदों पर नियुक्ति हेतु जिले द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या क्रमशः 04/2015 एवं 03/2015 (जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग) के क्रम में पूर्व की अन्तिम काउंसिलिंग के पश्चात् अवशेष रिक्त पदों पर नियुक्ति निमित अन्तिम काउंसिलिंग हेतु आवश्यक सूचना।

क्र0सं0	कार्य	निर्धारित अवधि
1	इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैर पारा) पदों पर नियुक्ति हेतु जिले द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या क्रम शः 04/2015 एवं 03/2015 (जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग) के क्रम में पूर्व की अंतिम काउंसिलिंग के पश्चात् अव शेष रिक्त पदों पर नियुक्ति निमित अंतिम काउंसिलिंग हेतु आव श्यक सूचना के प्रकाशन की तिथि।	दिनांक 20.06.2024
2	आवेदक द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन के आलोक में पूर्व में समर्पित आवेदन के क्रम में (पारा/गैर पारा कोटी, जिसके लिए भी उनके द्वारा आवेदन किया गया हो, यदि दोनों कोटि में अलग–अलग आवेदन किया गया हो, तो अलग–अलग साक्ष्य स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छायाप्रति सहित) दावा आवेदन प्राप्त करने की तिथि। (पत्राचार का पता–जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग, Ground Floor, B-Block, जिला समाहरणालय, हजारीबाग, पिन कोड– 825301)	दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 22.07.2024
3	प्राप्त दावा आवेदनों की स्क्रूटनी एवं जिले के वेबसाईट hazaribag.nic.in पर काउंसिलिंग हेतु सूची के प्रकाशन की तिथि।	दिनांक 23.07.2024 से दिनांक 31.07.2024
4	काउंसिलिंग की तिथि। (1.विभागीय संकल्प सं0–283, दिनांक–28.02.2024 की कंडिका–13 उप कंडिका 02 में निहित निदेश के आलोक में अभ्यर्थी को किसी एक ही कोटि के पदों पर काउंसिलिंग में भाग लेने का निर्णय लेना होगा। 2. ऐसे अभ्यर्थी जिनके शैक्षणिक प्रमाण पत्र हिन्दी विद्यापीठ, देवघर से दिनांक 26.02.2015 तक निर्गत है, भी मेधा सूची के आधार पर प्रस्तावित काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे।)	दिनांक 01.08.2024
5	अंतिम चयन सूची के प्रकाशन की तिथि।	दिनांक 07.08.2024

जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग। उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 327014 School Education and Literacy(24-25)D

कार्यालयः कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।
अति अल्प कालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/1/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चाया में चाहरदीवारी निर्माण कार्य।	2303900	46500	5000	3 माह
2	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जानी में चाहरदीवारी निर्माण कार्य।	1411900	28500	2500	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 29.06.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.07.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 326962 Rural Development(24-25)D

'सपनों की उड़ान' साइंस ओलंपियार्ड का 26 जून को होगा आयोजन

गुमला : सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा जिले के शिक्षा विभाग एवं कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय तथा सरकारी आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए साइन्स ओलंपियार्ड के आयोजन का निर्णय लिया गया है। सपनों की उड़ान नामक इस साइन्स ओलंपियार्ड का आयोजन दिनांक 26 जून 2024 को किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय अवस्थित तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सहित दस कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, दो झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित छः आवासीय विद्यालय के कक्षा 09 एवं कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्रा भाग लेंगे।

उपायुक्त एवं जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय खूँटी।
(शिक्षा विभाग)

विज्ञापन

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 771,दिनांक 13.06.2024 एवं पत्रांक 786, दिनांक 19.06.2024 के द्वारा प्राप्त निदेशानुसार माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड रांची द्वारा एल0पी0ए0 संख्या 203/2022 एवं अन्य संबंध सदृश्य वादों में पारित आदेश के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक नियुक्ति नियमावली 2012 के आधार पर जिला द्वारा प्रथम विज्ञापित पद के विरूध्द दिनांक 03.06.2019 की अंतिम काउंसिलिंग के अन्तर्गत सहायक शिक्षकों के नियुक्ति के पश्चात् अवशेष रह गए रिक्त पदों पर काउंसिलिंग कर चयन करने की कार्रवाई हेतु तिथि निर्धारित है, जो निम्नवत् है:–

क्र	कार्य	निर्धारित अवधि
1	इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैरपारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैरपारा) के अंतिम काउंसिलिंग के पश्चात् अवशेष पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रकाशन	20.06.2024
2	आवेदन प्राप्त करने की तिथि	22.06.2024 से 27.07.2024 तक
3	काउंसिलिंग	01.08.2024
4	अंतिम चयन सूची का प्रकाशन	07.08.2024

1. इंटर प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4200) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी

क्र. सं.	(पारा कोटि)						(गैर–पारा कोटि)					
	SC	ST	Gen	BC-I	BC-II	Total	SC	ST	Gen	BC-I	BC-II	Total
	0	7	0	0	0	7	7	5	50	0	0	62

2. स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4600) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी विषयवार

क्र.सं.	विषय	(पारा कोटि)						(गैर–पारा कोटि)					
		SC	ST	Gen	BC-I	BC-II	Total	SC	ST	Gen	BC-I	BC-II	Total
1	विज्ञान/ गणित	0	2	0	0	0	2	0	1	0	0	0	1
2	कला/ सामाजिक विज्ञान	0	1	1	0	0	2	0	0	0	0	0	0
3	भाषा	1	5	6	0	0	12	1	0	0	0	0	1

1 to 5

	पारा		गैर पारा
क्र0	कोटि	अंतिम मेधांक	अंतिम मेधांक
1	UR	53.75	59.60
2	ST	45.48	54.04
3	SC	–	—

6 to 8

1	UR		NILL	NIL	विज्ञान
2	ST		64.55		
3	SC		0	0	
4	UR		NILL	NIL	कला
5	ST		66.14		
6	SC		62.9		
7	UR		NILL	NIL	भाषा
8	ST		60.31		
9	SC		0	0	

जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी। उपायुक्त, खूँटी।

PR 327015 District (24-25)D

जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू
पलामू समाहरणालय परिसर (सी) ब्लॉक, मेदिनीनगर– 822101
ई-मेलः–palamau.mdm@gmail .com

–: प्रेस विज्ञप्तिः–

निदेशक (प्रा0 शि0), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–786 दिनांक–19.06.2024 के द्वारा इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैर पारा) के अंतिम काउंसिलिंग के पश्चात अवशेष रिक्त पदों पर नियुक्ति किया जाना है।

उक्त के आलोक में उपायुक्त, पलामू के आदेशानुसार अंतिम काउंसिलिंग की निर्धारित समय सारणी एवं अवशेष रिक्त पदों का पूर्ण विवरण का प्रकाशन किया जाना है जिसे जिले के वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

–:काउंसिलिंग की निर्धारित समय सारणी :–

क.	कार्य	निर्धारित अवधि
1.	इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैर पारा) पदों पर नियुकित हेतु जिले द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं0 कमशः 03 पलामू/2015 एवं 04 पलामू/2015 (जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, पलामू) के कम में पूर्व के अंतिम काउंसिलिंग के पश्चात अवशेष रिक्त पदों पर नियुक्ति निमित अंतिम काउंसिलिंग आवश्यक सूचना के प्रकाशन की तिथि।	दिनांक–20.06.2024
2.	आवेदक द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन के आलोक में पूर्व में समर्पित आवेदन दिनांक..... के कम में (पारा/गैर पारा कोटि, जिसके लिए भी उनके द्वारा आवेदन किया गया हो, यदि दोनों कोअि में अलग–अलग आवेदन किया गया हो तो अलग–अलग साक्ष्य–स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक की छाया प्रति सहित) दावा आवेदन प्राप्त करने की तिथि।	दिनांक–22.06.2024 से 22.07.2024
3.	प्राप्त दावा आवेदनों की स्कूटनी एवं जिले के वेबसाईट www.palamu.nic.in पर काउंसिलिंग हेतु सूची के प्रकाशन की तिथि।	दिनांक–23.07.2024 से 31.07.2024
4.	काउंसिलिंग की तिथि।	दिनांक–01.08.2024
5.	अंतिम चयन सूची का प्रकाशन की तिथि।	दिनांक–07.08.2024

–:अवशेष रिक्त पदों का पूर्ण विवरणः–

इंटर प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4200) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी

क्र सं.	जिला		(पारा कोटि)						(गैर पारा कोटि)					
			SC	ST	GEN	BC-I	BC-II	TOTAL	SC	ST	GEN	BC-I	BC-II	TOTAL
1	पलामू	कुल विज्ञापित पद	54	37	131	24	13	259	54	37	131	23	13	258
2		कुल नियुक्ति	54	33	131	24	13	255	21	12	130	20	13	196
3		रिक्ति	0	4	0	0	0	4	33	25	1	3	0	62

स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4600) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी

क्र सं.	जिला	विषय		(पारा कोटि)						(गैर पारा कोटि)					
				SC	ST	GEN	BC-I	BC-II	TOTAL	SC	ST	GEN	BC-I	BC-II	TOTAL
1	पलामू	विज्ञान / गणित	कुल विज्ञापित पद	11	3	20	4	2	40	11	3	21	3	3	41
2			कुल नियुक्ति	3	0	20	4	2	29	11	0	20	3	3	37
3			रिक्ति	8	3	0	0	0	11	0	3	1	0	0	4
4		कला/ सामाजिक विज्ञान	कुल विज्ञापित पद	11	4	22	3	3	43	12	3	21	4	2	42
5			कुल नियुक्ति	11	0	20	3	3	37	11	2	19	4	2	38
6			रिक्ति	0	4	2	0	0	6	1	1	2	0	0	4
7		भाषा	कुल विज्ञापित पद	15	4	27	5	3	54	14	4	27	5	3	53
8			कुल नियुक्ति	15	2	27	5	3	52	14	0	26	5	3	48
9			रिक्ति	0	2	0	0	0	2	0	4	1	0	0	5

जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू

PR.NO.326965 District(24-25):D

योग में है सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव

डॉ. वंदना सेन

सवाल यह आता है कि वर्तमान के मोहजाल में फंसे विश्व के अनेक देश आज किसी भी चीज में राहत नहीं देख रहा है। पैसे के पीछे भाग रहा पूरा विश्व तनाव भरा जीवन जी रहा है। इस तनाव से मुक्ति पाने का एक ही मार्ग है योग को अपनाना। जिसने अपने जीवन में योग को महत्व दिया है, वह इस तनाव से छुटकारा पाने में सफल रहा है। आज सबसे ज्यादा तनाव का जीवन मुस्लिम देशों में दिखाई देता है। वहां केवल मारकाट की भाषा के अलावा कुछ भी नहीं है।

योग में है सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव विश्व को कल्याण का मार्ग दिखाने के लिए भारत का चिंतन पुरातन काल से रहा है। विश्व का कल्याण करने का भाव भारतीय चिंतन में हमेशा से रहा है। वर्तमान में विश्व में जितनी भी ज्ञान और विज्ञान की बातें की जाती हैं, वह भारत में युगों पूर्व की जा चुकी हैं। इससे कहा जा सकता है कि भारत में ज्ञान और विज्ञान की पराकाष्ठा थी, लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हम विदेशी चमक के मोहजाल में फंसकर अपने ज्ञान को संरक्षण प्रदान नहीं कर सके। जिसके कारण हम स्वयं ही यह भुला बैठे कि हम क्या थे। भारत की भूमि से विश्व को एक परिवार मानने का संदेश प्रवाहित होता रहा है, आज भी हो रहा है। यह अकाट्य सत्य है कि विश्व को शांति के मार्ग पर ले जाने का ज्ञान और दर्शन भारत के पास है। योग विधा एक ऐसी शक्ति है, जिसके माध्यम से दुनिया को स्वस्थ और मजबूती प्रदान की जा सकती है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से आज विश्व के कई भारत के साथ खड़े हुए हैं। यह विश्व को निरोग रखने की भारत की सकारात्मक पहल है।

देव भूमि भारत में वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को आत्मसात करने वाले मनीषियों ने बहुत पहले ही विश्व को स्वस्थ और मजबूत देने का संदेश दिया है। वास्तव में योग में राजनीति देखना संकुचित मानसिकता का परिचायक है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्व में योग का जो स्वरूप दिखाई दिया है, वह अपने आप में एक करिश्मा है। करिश्मा इसलिए क्योंकि ऐसा न तो पहले कभी हुआ है और न ही योग के अलावा दूसरा कार्यक्रम हो सकता है। इतनी बड़ी संख्या में भाग लेने वाले लोगों के मन में योग के बारे में अनुराग पैदा होना वास्तव में यह तो प्रमाणित करता ही है कि अब विश्व एक ऐसे मार्ग पर कदम बढ़ा चुका है, जिसका संबंध सीधे तौर पर व्यक्तिगत तथा सामूहिक उत्थान से है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाग लेने वालों ने एक कीर्तिमान बनाया है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के योग साधकों के साथ मिलकर योग विद्या को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जो पहल की थी, आज उसके सार्थक परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। अब विश्व के कई देशों ने स्वस्थ और मजबूती की राह पर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। अब विश्व

को निरोग बनाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती।

वर्तमान में विश्व के अनेक देश इस सत्य से भली भांति परिचित हो चुके हैं कि योग जीवन संचालन की एक ऐसी शक्ति है, जिसके सहारे तनाव मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है। हम जानते हैं कि विश्व के कई देशों में जिस प्रकार का विचार प्रवाह है, उससे जीवन की अशांति का वातावरण तैयार हो रहा था और अनेक लोग इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं। विश्व के कई देश इस बात को जान चुके हैं कि योग के सहारे ही मानसिक शांति को प्राप्त किया जा सकता है। योग दिवस को मिले भारी वैश्विक समर्थन के बाद यह तो तय हो गया है कि विश्व को सुख और समृद्धि के मार्ग पर ले जाने के लिए भारत के दर्शन को विश्व के कई देश खुले रूप में स्वीकार करने लगे हैं। इससे पहले जो भारत विश्व के सामने अपना मुंह खोलने से कतराता था, आज वही भारत एक नए स्वरूप में विश्व के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। विश्व को भारत की विराट शक्ति का अहसास हो चुका है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से हमारे देश के बारे में वैश्विक दृष्टिकोण में गजब का बदलाव दिखाई दे रहा है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव नरेन्द्र मोदी को देखकर आया है, नहीं। इसका जवाब यह है कि भारत के पास पूर्व से ही ऐसी विराट शक्ति थी, जिसका भारत की पूर्व सरकारों को भारतीय जनता को बोध नहीं था। हर भारतवासी के अंदर शक्ति का संचय है, हम शक्ति को प्रदर्शित नहीं कर पा रहे थे, इतना ही नहीं हम यह भूल भी गए थे कि हमारे अंदर भी शक्ति है। नरेन्द्र मोदी ने जामवंत की भूमिका अपनाकर देशवासियों एवं अप्रवासी भारतीयों के मन में इस भाव को जाग्रत किया कि आप महाशक्ति हैं। जैसे ही नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के मेडीसन एस्क्वायर में भारतीय शक्ति का प्रस्फुटन किया, वैसे ही भारत के नागरिकों के अंदर गौरव का अहसास तो हुआ ही साथ ही विश्व के विकसित देश भारत को अपना समकक्ष मानने लगे।

भारत के दर्शन में एक ठोस बात यह भी है कि भारत में हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया वाला भाव ही रहा है। जो भी देश भारत के इस दर्शन से तालमेल रखता हुआ दिखाई देता है, वह कभी दूसरे का अहित सोच भी नहीं सकता। जबकि विश्व के अनेक देश केवल स्वयं का ही हित सबसे ऊपर रखकर दूसरों के हितों पर चोट करते हैं। आतंक फैलाकर अपना वर्चस्व स्थापित करने वाला समाज मारकाट करने की मानसिकता के साथ जी रहा है। ऐसे लोगों का न तो काई अपना है, और न ही कोई परिवार। कई मुस्लिम देशों के नागरिक आज मुसलमानों के ही दुश्मन बनकर मारकाट का खेल खेल रहे हैं। ऐसे लोगों से शांति का बातें करना भी बेमानी है। हमारी सलाह है कि ऐसे लोग भी योग की क्रियाएं अपनाकर शांति के मार्ग पर चल सकते हैं। योग जहां स्वस्थ मानीकिता का निर्माण करने में सहायक है वहीं शांति स्थापना का उचित मार्ग है।

सवाल यह आता है कि वर्तमान के मोहजाल में फंसे विश्व के अनेक देश आज किसी भी चीज में राहत नहीं देख रहा है। पैसे के पीछे भाग रहा पूरा विश्व तनाव भरा जीवन जी रहा है। इस तनाव से मुक्ति पाने का एक ही मार्ग है योग को अपनाना। जिसने अपने जीवन में योग को महत्व दिया है, वह इस तनाव से छुटकारा पाने में सफल रहा है। आज सबसे ज्यादा तनाव का जीवन मुस्लिम देशों में दिखाई देता है। वहां केवल मारकाट की भाषा के अलावा कुछ भी नहीं है। इन देशों में हमेशा अशांति का वातावरण दिखाई देता है और सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। यह इस बात का ध्यान रखना होगा कि आध्यात्मिकता और ध्यान योग के मामले में हम विश्व के सभी देशों से बहुत आगे हैं। इस बारे में दुनिया का ज्ञान भारत के समक्ष अधूरा ही है। भारत को जब तक इस बात का बोध था, तब तक विश्व का कोई भी देश भारत का मुकाबला करने का सामर्थ्य नहीं रखता था। आज इस शक्ति के प्रदर्शन की शुरूआत हो चुकी है, जरूरत इस बात की है कि हम सभी सरकार के कदम के साथ सहयोग का भाव अपनाकर अपना कार्य संपादित करें। आने वाले समय में भारत का भविष्य उज्जवल है।

संपादकीय

शीर्ष अदालत का सख्त रुख

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा के आयोजन में किसी की तरफ से 0.001 प्रतिशत लापरवाही भी हुई हो, तब भी उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ मंगलवार को पांच मई को हुई परीक्षा में छात्रों को कृपांक दिए जाने समेत अन्य शिकायतों से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इन याचिकाओं पर अन्य लंबित याचिकाओं के साथ अब 8 जुलाई को सुनवाई होगी। याचिकाओं में परीक्षा में अनियमितता बरते जाने की सीबीआई जांच और नीट-यूजी परीक्षा नये सिरे कराने की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। अदालत ने एनटीए और केंद्र सरकार से याचिकाओं पर दो हफ्ते के भीतर अपने जवाब दाखिल करने को कहा है। लोक सभा

चुनाव परिणाम आने की गहमागहमी के बीच ही नीट-यूजी 2024 परीक्षा के परिणाम भी घोषित किए गए थे। अनेक परीक्षार्थियों के टॉपर्स होने और खासी संख्या में परीक्षार्थियों को कृपांक दिए जाने की जानकारी होने के बाद लगा कि दाल में कुछ काला है। बाद के घटनाक्रम में कुछ गिरफ्तारियां हुई और पटना से लेकर गोधरा तक कई परीक्षा केंद्रों पर व्यापक स्तर पर अनियमितताएं बरती जाने की बातें सामने आने लगीं। परीक्षा में धांधली के संकेत मिलने लगे और परीक्षार्थियों के परिजनों के साथ ही अनेक संगठनों और राजनीतिक दलों ने विरोध प्रदर्शन करने शुरू कर दिए। कुछ परीक्षार्थियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। मेडिकल की पढ़ाई पर अभिभावक खासा खर्च करते हैं। अभ्यर्थी छात्र सामाजिक जीवन से कटकर मेडिकल पाठयक्रम में प्रवेश परीक्षा की तैयारी में रात-दिन एक कर देते हैं। दरअसल, अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए मेडिकल कॉलेजों में सीटें पर्याप्त नहीं हैं। जरूरी है कि सरकार सीटें बढ़ाने के लिए ढांचागत आधार को मजबूत करे। एनटीए के वजूद में आने से पहले सीबीएसई और राज्य शिक्षा बोर्ड पीएमटी की परीक्षा आयोजित करते थे जिसके आधार पर प्रवेश आसानी से मिल जाता था। लेकिन इस बीच अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ने और एनटीए जैसे निकाय को मेडिकल के अलावा अन्य तमाम परीक्षाओं का आयोजन करने की जिम्मेदारी सौंप दी गई। इतने बोझ से एनटीए का ढांचा कमजोर दिखलाई पड़ने लगा है, उसके सामने मैनपावर की समस्या भी है। बहरहाल, जरूरी हो गया है कि छात्रों के साथ न्याय हो और इसके लिए रि-नीट-यूजी के अलावा कोई रास्ता दिखाई नहीं पड़ता।

चिंतन-मनन

खुद में करो भगवान के दर्शन

यज्ञ ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव।
येन भूतान्यशेषाणि द्रक्षस्यात्मन्यथो मयि।।

अथार्तः हे पांडव! जिस ज्ञान को जानकर फिर तुम मोह में नहीं पड़ोगे, उस ज्ञान से तुम यह जान सकोगे कि जो कुछ भी है वह उसी परमात्मा की वजह से ही है। गुरु, शिष्य को ज्ञान नहीं देता, बल्कि शिष्य की श्रद्धा गुरु से ज्ञान लेती है। उस ज्ञान से साधक का नजरिया बदलने लगता है। उसमें काम, प्रोध, लोभ, मोह जैसी बुराइयां कमजोर पड़ने लगती हैं। ज्ञान बढ़ता जाता है और अज्ञान खत्म होता जाता है। धीरे-धीरे शिष्य की सभी बुराइयां खत्म होने लगती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ज्ञान की अग्नि मन में पड़े संस्कारों के बीज भी जला डालती है और मोह आदि विकार भस्म हो जाते हैं। इसलिए आत्मज्ञान हो जाने के बाद इंसान को मोह परेशान नहीं करता, क्योंकि यह मोह ही था, जिसके कारण अर्जुन कौरव सेना से युद्ध नहीं कर रहे थे।

आगे भगवान कहते हैं कि इस आत्मज्ञान को पाकर पहले तुम अपने में सभी पुराने कर्मों को देखोगे और फिर उनको मुझ में देखोगे। यानी ज्ञान हो जाने के बाद साधक को पहले भगवान अपने भीतर दिखता है, फिर वही भगवान सब जगह दिखाई पड़ने लगता है। वरना हम मूर्ति में तो भगवान को देख लेते हैं, लेकिन अपने भीतर नहीं देख पाते, जबकि प्रक्रिया इससे उलट है। पहले अपने में भगवान का दर्शन करो, फिर सब में उसी को ही देखो।

विश्व संगीत दिवस : संगीत है शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम

ललित गर्ग

संगीत मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यह न सरहदों में कैद होता है और न भाषा में बंधता है। माना हर देश की भाषा, पहनावा और खानपान भले ही अलग हों, लेकिन हर देश के संगीत में सभी सात सुर एक जैसे होते हैं और लय-ताल भी एक-सी होती है। संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। विशेषज्ञों की मानें, संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देती है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। रोज की भागदौड़ और व्यस्तता के बीच संगीत आपको सुकून के पल बिताने का मौका देता है। साथ ही संगीत आपके अकेलेपन का एक बढ़िया साथी भी बन सकता है। संगीत की इसी खासियत को सभी तक पहुंचाने के लिये 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम है 'एक वैश्विक ध्वनि वाली दुनिया का सामना करना।'

संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है 'संगीत उत्सव'। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। विश्व संगीत दिवस कुल 17 देशों में ही मनाया जाता है इसमें भारत, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, लक्समवर्ग, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, कोस्टारीका, इजाराइल, चीन, लेबनाम, मलेशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलीपींस, रोमानिया और कोलम्बिया शामिल हैं। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में सपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं।

विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। लांगफेलों के अनुसार संगीत मानव की विश्वव्यापी भाषा है।ह्न विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसिक शांति के लिए संगीत को अहम माना गया है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है।

भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्त्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है।

संगीत आपके मूड, भाव और विचारों पर असर डालने की ताकत रखता है। एक अध्ययन के अनुसार, जोशीला संगीत कुछ समय में ही मूड को तरोताजा कर देता है। संगीत के सात स्वर बीमारियों को छूमंतर कर सकते हैं। संगीत मन के भाव को बयां करने का बेहद सरल तरीका है। संगीत में लय, ताल का समावेश है तो संगीत थिरकने पर मजबूर कर देता है। लेकिन यही संगीत हमारे स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकता है। वैदिक काल में ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जिनसे यह पूरी तरह से प्रमाणित होता है कि उस समय संगीत चिकित्सा शिखर पर रही होगी। ऊं का नाद स्वर इसी संगीत चिकित्सा का सर्वोपरि उदाहरण है। संगीत के हर राग में रोग निरोधक क्षमता है। राग पूरिया धनाश्री अनिद्रा दूर करता है, तो राग मालकौंस तनाव से निजात दिलाता है। राग शिवरंजिनी मन को सुखद अनुभूति देता है। राग मोहिनी आत्मविश्वास बढ़ाता है। राग भैरवी ब्लड प्रेशर और पूरे तंत्रिका तंत्र को नियंत्रित रखता है। राग पहाड़ी स्नायु तंत्र को ठीक करता है। राग दरबारी कान्हड़ा तनाव दूर करता है तो राग अहीर भैरव व तोड़ी उच्च रक्तचाप के लिए कारगर है। दरबारी कान्हड़ा अस्थमा, भैरवी साइनस, राग तोड़ी सिरदर्द और क्रोध से निजात दिलाता है।

आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकितता का अहसास होता है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है। भारतीय संस्कृति में भी विभिन्न वाद्य-यंत्रों एवं उनसे उत्पन्न ध्वनि, राग-रागिनियों का विशिष्ट महत्त्व है। यूं तो सृष्टि के कण-कण में संगीत है फिर चाहे यह बहती हुई नदिया की धारा हो या किनारे से टकराकर लौटती समंदर की प्रचंड लहरें। बहती हुई हवा और उस पर झूमते-लहराते पत्ते भी हृदय के इसी तरंगित साज को अभिव्यक्ति देते प्रतीत होते हैं। कुल मिलाकर संगीत हमारी आत्मा में इस तरह रच-बस चुका है कि इसके बिना जीवन की कल्पना ही व्यर्थ है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि मधुर संगीत आत्मा के ताप का नाश कर सकता है। हमारे सुख-दुःख का साथी है संगीत, जो स्नेहसिक्त क्षणों में हमें अपनी बाहों में भर लेता है और पीड़ा के समय किसी अच्छे-सच्चे मित्र की तरह हाथ थामे साथ चलता है। आपका सबसे प्रिय गीत आपके एक खराब दिन और मूड को सामान्य कर देने की क्षमता रखता है और आपको विश्वास होने लगता है कि दुनिया उतनी भी बुरी नहीं जितना कि कुछ पल पहले आप महसूस कर रहे थे। स्मृतियों के सुनहरे पृष्ठ भी संगीत की धुन पर अपनी थाप देने लगते हैं। आपकी कोमल भावनाओं की सहज, सुन्दर अभिव्यक्ति है, संगीत। इन्हीं पलों को उल्लास के साथ जीने के लिए प्रेरणा देता है विश्व संगीत दिवस।

भीषण गर्मी में मजदूरों की फिक्र भी जरूरी

देश में पड़ रही भीषण गर्मी से डेली वर्कर्स, विशेषकर डिलीवरी कर्मियों, ईंट-भट्ठों पर काम करने वालों और दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए कामकाजी परिस्थितियां गंभीर हो गई हैं। भीषण गर्मी ने खुला काम करने वाले वर्कर्स के लिए कठोर कार्य स्थितियों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। इस भीषण गर्मी में कई लोग खुले वातावरण और गर्म मौसम में काम करने के लिए मजबूर हैं। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

भारत में हाल ही में कई क्षेत्रों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच दआ, जिससे डेली वर्कर्स, खासकर डिलीवरी कर्मियों और दिहाड़ीदार मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों में इजाफा हुआ है। इस प्रकार के खुला काम करने वाले इस दौरान श्रमिक पर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा उपायों और न्यूनतम ब्रेक के बिना चरम मौसम की स्थिति के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण गर्मी से थकावट और निर्जलीकरण

से पीड़ित हुए हैं, जिससे पता नहीं कितनों की जान असमय गई है। दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं । ये नौकरियां लचीलापन प्रदान करती हैं , लेकिन इन लोगों को पारंपरिक रोजगार से जुड़े लाभों और सुरक्षाओं का अभाव होता है।

अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। ऐसे श्रमिकों को अक्सर स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ या सवेतन अवकाश की सुविधा नहीं मिलती, जिससे बीमारी या चोट के समय वे आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। श्रमिकों की आय अत्यधिक परिवर्तनशील और अप्रत्याशित होती है, जिससे वित्तीय योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों को कठोर कार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें चरम मौसम का सामना करना भी शामिल है।इनको आमतौर पर स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें कई श्रम सुरक्षा से वंचित रखा जाता है जो औपचारिक कर्मचारियों को प्राप्त होती हैं।

ऐसे विपरीतस मय में श्रमिकों को संरक्षण और निष्पक्ष व्यवहार के लिए आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए वर्कर्स को स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करनाबहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए: राजस्थान प्लेटफार्म आधारित वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023 का उद्देश्य वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल कायम करेगा।

– प्रियंका सौरभ

एक नजर

ट्रेन से कटा युवती का पैर

सिल्ली/मुरी : एलेप्पी धनबाद ट्रेन से यात्रा के दौरान बोकारो बालीडीह की रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती पूजा कुमारी का ट्रेन से बाया पैर कट गया एवं दाहिना पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार महिला ट्रेन में बाथरूम की ओर जा रही थी। इसी क्रम में उसका दुपट्टा कहीं फस गया और वह ट्रेन से नीचे गिर गई एवं दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही सहायक मंडल चिकित्सा पदाधिकारी जे कच्छप, रेलवे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नरेश घासी तथा अन्य कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंचे और घायल युवती का प्राथमिक उपचार कर एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली लाया गया जहां से बेहतर इलाज हेतु उसे रांची भेज दिया गया। युवती के पति अर्जुन बाऊरी ने बताया कि वे लोग ट्रेन से मुरी से झालदा की ओर जा रहे थे। मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारी भी मौजूद थे।

गुमला पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार गुरुवार को प्रखंड के रुकी व आदर पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर विभिन्न प्रकार के विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित कर्मियों और लाभुकों को दिए कई दिशा निर्देश। इसके साथ ही अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही। वहीं जो लाभुक आवास का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है उस लाभुकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि आवास निर्माण शीघ्र कराएं अन्यथा राशि रिकवरी, प्राथमिकी सहित अन्य कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मनरेगा योजना से चल रहे बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। ताकि उनका नुकसान ना हो सके। मौके पर पंचायत सचिव आशिक अमीर, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, सहायक अभियंता रंजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

अवैध बालू भंडारण के मामले में अज्ञात रेत माफियाओं पर प्राथमिकी दर्ज

गुमला : गुमला जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने डेढ़ लाख घटनफीट अवैध बालू भंडारण के ममाले में गुमला थाना में अज्ञात रेत माफियाओं पर की प्राथमिकी दर्ज। उक्त दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 18 जून को सुबह 11 बजे सिलाफारी हुंडराटोली, ब्रहामण बगीचा नदी के पास अवैधा उत्खनन, परिवहन भंडारण की जांच खान निरीक्षक के द्वारा किया गया था। जांच के क्रम में उक्त स्थल से डेढ़ लाख घनफीट अवैध बालू भंडारित पाया गया। उक्त अवैध बालू के संबंध में स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर किसी के द्वारा मालिकाना दवा नहीं किया गया। उक्त स्थल पर किसी भी बालू भंडारण अनुज्ञप्ति निर्गत नहीं है. जिससे यह समझा जाता है कि कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन कर व्यापार किया जा रहा है। इस कृत से सरकारी राजस्व की चोरी हो रही है एवं राष्ट्रीय संपति का क्षरण भी हो रहा है। उल्लेखनीय है कि कोई भी व्यक्ति बिना पट्टा या अनुज्ञप्ति धारण किये खनिज उत्खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं कर रहा है। ऐसा करना खान एवं खनिज विकास विनियमन के धाराओं का उल्लंघन है। इस संबंध में उक्त कार्यों में संलिप्त अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया।

मेदिनीनगर का वर्तमान परिदृश्य भयावह नगर निगम प्यास बुझाने में असफल : आशीष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) : पानी माँगे पलामू, हमे हमारा पानी दो, पानी हमारा अधिकार है के नारों के साथ आज युवाओं की टोली ₹पानी यात्रा₹ के नवें दिन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शांतिपूरी, सुदना पश्चिमी, रेलवे क्रॉसइंग एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाई। पानी यात्रा के दौरान युवाओं ने जलसंरक्षण व पैधारोपण हेतु नगरवासियों को जागरूक भी किया। पानी यात्रा का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आप एक ऐसी भयावह स्थिति कि कल्पना कीजिए जब आपके आसपास हर जगह पीने का पानी सूख चुका है ऐसे में आपका जीवन यापन कहा तक संभव रह जाएगा,

कुछ यही हाल हो गया है हमारे नगर निगम क्षेत्र मेदिनीनगर का। जहां लगभग घरों के पेयजल स्रोत सूख चुके हैं , त्राहिमाम मचा हुआ है। नगर निगम के द्वारा जो टैंकर से पानी वितरण की तत्कालीन व्यवस्था की गई है ओ भी टोटल फेल है। जल वितरण की जिनको भी ज़िम्मेवारी मिली है ओ अपने कार्य में असफल है वही आबादी के हिसाब से टैंकर की संख्या भी बहुत कम है। इन सभी व्याप्त अव्यवस्था को लेकर हम जल्द ही नगरआयुक्त से मुलाकात कर सीमित समय में समाधान का माँग करेंगे। श्री भारद्वाज ने कहा कि जो पदाधिकारी या कर्मी हमारे शहरवासियों के हिस्से का पानी निगलेगा हम उसके हलक में हाथ डालकर हिसाब किताब कर लेंगे। इनलोगो ने तमाशा बना दिया है, हमारा शहर पेयजल समस्या के एक भयावह दौर से गुजर रहा है जहां लगभग लोग पेयजल को लेकर कष्ट में है ऐसे में कुछ लोग मदद के जगह अपना रोटी सेकने में लगे है ओ हम नहीं चलने देंगे। अपने शहर के हिस्से का पानी हमे जहां से लाना पड़े हम वहा तक जायेंगे , जिससे मिलना भिड़ना पड़े हम तैयार है। किसी भी स्थिति में हम मेदिनीनगर वासियों को अपने हिस्से का पानी चाहिए। अब थोड़ा हम शहरवासियों को भी सचेत होकर पेयजल संरक्षण और पौधारोपण पर गंभीरता से सोचना होगा और एक अभियान के तहत इसपे लगना होगा। शहर हमारा है हमे ही इसे बचाना भी है और संवारना भी है। भारद्वाज ने कहा कि नगर आयुक्त महोदय से मिलकर हम टैंकर वितरण में अनियमीतता, टैंकरों की संख्या में वृद्धि, पाइपलाइन कनेक्टिविटी के कॉस्ट, पानी सप्लाई, सेकंड फेज की स्थिति और हमारे शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के संपूर्ण उपचार पर वार्ता करेंगे। नवें दिन के पीनी यात्रा में साहेबजी नामधारी, दीपक प्रसाद, संदीप प्रसाद, दिलीप गिरी, शशांक सुमन, राजेश रंजन, मुन्ना दूबे, सोनू पांडेय,आकाश विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, नवनीत मेहता, सूरज सिंह, शेखर सिंह, अमित सिंह, प्रभात सिंह, रौशन पाठक, रिशु दूबे, गोलू दूबे, गोलू मेहता, धीरू मेहता उपस्थित रहे।

आंदोलनकारियों की समस्या को एजेन्डा में शामिल नही करना धोखा है : सतीश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) : झारखंड राज्य आज 24 साल का युवा हो गया। लम्बी लडाई के बाद जयपाल सिंह बिनोद बिहारी महतो निर्मल महतो राम दयाल मुंडा समेत सैकड़ों आन्दोलनकारी नेतृत्वकारी हमारे बिच नही रहे, हजारों बेनामी आन्दोलनकारी योद्धाओं ने अपनी कुबार्नी दी, अलग राज्य के आन्दोलन मे लम्बी इतिहास दमन उत्पीड़न कुबार्नी के बाद झारखण्ड की स्थापना हुई, आज सरकार मे वही तथाकथित लडाकू लोग शामिल हैं। गुरु जी शिबू सोरेन हो या मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन हो ये आन्दोलनकारी के दर्दनाक मंजर को देखा है मगर सत्ता का सूख

मिलने के बाद अपने साथियों के तडप को भूल गए। देश के स्तर पर देखें तो तेलंगाना राज्य हो, उत्तराखंड हो या नार्थ इस्ट के राज्य हो आन्दोलनकारी की समस्या को गंभीरता से लेकर निती निर्धारित किया। लोकसभा चुनाव पुर्व झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल से चम्पई सोरेन ने कहा था कि अचार संहिता समाप्त होने के बाद झारखण्ड आन्दोलनकारियो के सवाल पर निर्णय लेगें। मगर झुठ फरेब की सरकार ने कैबिनेट में चर्चा तक नहीं करना लाखो आंदोलनकारियो व इनके आश्रित को ठग झुठ फरेब नही तो और क्या है? झारखण्ड के आदिवासी समुदाय व मुलवाशी आज अपने राज्य में उपेक्षित हैं। झारखण्ड राज्य के सभी जिला के आन्दोलनकारी अपने क्षेत्र के सांसद और विधायक मंत्री को आन्दोलनकारी के मांग को लिखीत रूप से सौपेगें। जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी चिन्हित आंदोलनकारी मान सम्मान स्वाभिमान व 50 - 50 हजार पेन्शन दे। आश्रित को चिकित्सा सुविधा शिक्षा का गारंटी व रोजगार की व्यवस्था करे, स्वतंत्रता सेनानियों को मिलने वाली तमाम सुविधा झारखण्ड आंदोलनकारियो को मुहैया कराया जाए, झारखण्ड आंदोलनकारी को मृत्यु उपरांत राजकीय सम्मान दिया जाय, समता जजमेंट लागू कर सभी प्राकृतिक संसाधनों पर 26% अधिकार जनता को दिया जाए, जल जंगल जमीन पर झारखण्डी जनता का अधिकार कायम किया जाय। हमारी मांग पर राजनीतिक दल गंभीर नहीं होती तो अगामी बिधान सभा चुनाव में झारखंड आंदोलनकारियों का कोपभाजन बननें के लिए तैयार रहे।

सड़क दुर्घटना में दो महिला घायल

सिल्ली/मुरी : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन रामपुर के पास बंदरगाढ़ा के नजदीक मोटरसाइकिल पर सवार दो महिला घायल हो गई। बताते चले कि निरला देवी उम्र 35 वर्ष एवं ठुमकी देवी उम्र 50 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर यूनियन बैंक के मुरी शाखा में कुछ काम से आई थी। काम हो जाने के पश्चात अपने घर वापस जाने के क्रम में एक अज्ञात कार ने धक्का मार दिया जिससे दोनों महिला गिरकर घायल हो गई और सर में चोट लगी। जख्म गहरा होने के कारण काफी खून निकलने लगा आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

जनाक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) : चैनपुर मण्डल मे जनाक्रोश रैली को सफल बनाने हेतू भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता सुझाव बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय ने करते हुए कहा की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार मे लिन है इनके मंत्री के यहां बोड़ा मे पैसा पकड़ा जा रहा है और जनता सब देख रही है इस सरकार को आने वाले समय मे जनता उखाड़ फेंकेगी बैठक मे उपस्थित जिलाध्यक्ष अमीत तिवारी ने कहा की बिजली पानी का समस्या को देखते हुए 22 तारीख को उपयुक्त कार्यालय का समक्ष धरना प्रदर्शन एवं घेराव किया जायेगा। जिसमे आप सभी आमन्त्रित हैं तथा इस निकम्मी झामुमो कांग्रेस ठगबंधन सरकार को आने वाले समय में जनता उखाड़ फेंकेगी हम एक

मजबूत बिपक्ष बनकर बिगड़ी हुई सरकार का मनमानी नही चलने देंगे। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि इस सरकार में भय भूख और भ्रष्टाचार चरम पर है इस ठगबंधन के सरकार ने जनता को भ्रमित करने का कार्य किया है देश एवं प्रदेश की महिलाओं को 100000 सालाना खटाखट देने का वादा करके जनता को भ्रमित एवं ठगने का काम किए हैं इस कांग्रेस और झामुमो सरकार को आने वाले विधानसभा के चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। कार्यक्रम मे उपस्थित जिला के महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा, जिला मंत्री धीरेन्द्र दुबे, जिला एव सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय एवं आनन्द सिंह मण्डल महामंत्री मनीष पाण्डेय, उपाध्यक्ष मनोज मेहता, राजेश सिंह, मनोज दास, सुदेश्वर चौधरी, बिनोद बैठा, धीरज गुप्ता, नजरुल अंसारी, दिनेश प्रजापति, सुजीत पासवान, रामलाल प्रसाद, गोरख सिंह, बैजनाथ शर्मा उपस्थित हुए।

बेसहारा को मिला सुदेश का सहारा मुस्कान को मिली नई जिंदगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सोनाहातू : सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सोनाहातू प्रखंड अंतर्गत चोकाहातू टोला बांधडीह के सोहराय सिंह मुंडा के पुत्री मुस्कान कुमारी की आर्टिफिशियल पैर लगा कर नई जिंदगी दी गई। डेढ़ वर्ष की उम्र में आग लगने से दोनो पैर को काटना पड़ा था। गरीब परिवार की बच्ची लाचार हो चुकी थी।

किसी तरह गांव के स्कूल में पांचवी तक पढ़ाई की थी और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोनाहातू में छठी क्लास में नामांकन करने के लिए आवेदन जमा किया हैं। आवेदन के आलोक में स्कूल के वार्डन शशि बाड़ा और शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो बच्ची के घर गए। बच्ची की दिव्यांगता और परेशानी के बारे मे स्कूल प्रबंधन ने विधायक सुदेश महतो को बताए। विधायक ने तत्काल रुचि लेते हुए एंबुलेंस से बच्ची को पिता के साथ मेडिका अस्पताल रांची भेजे। डॉक्टरों की टीम ने जांच कर आर्टिफिशियल पैर लगा दिया गया। अब वास्तव में मुस्कान के चेहरे में मुस्कान आया है। मुस्कान आर्टिफिशियल पैर से अपने घर में चलने का अभ्यास कर रही है। कस्तूरबा स्कूल प्रबंधन के प्रयास से विधायक सुदेश महतो ने एक नई जिंदगी दी है।

सरकार की दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली योजना की घोषणा सिर्फ कानों को खुश करेगा, जमीनी कार्यान्वयन शून्य : कर्नल संजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) : झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अगस्त 2022 में सौ यूनिट मुफ्त बिजली योजना लागू किया था फिर वर्तमान मुख्यमंत्री पच्चीस यूनिट बढ़ाते हुए एक सौ पच्चीस किया अब दो सौ करने जा रहे है। कर्नल संजय कुमार सिंह बीजेपी के वरिष्ठ नेता और किसान ब्रिगेड के संरक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि ये जनता के कानों को खुश करने वाला योजना है जो अभी तक धरातल पर कार्यान्वित नहीं किया गया है।जब तक सभी उपभोक्ताओं का बिजली मीटर ठीक करके मासिक बिल निर्गत नहीं किया जाएगा तब तक यह योजना वोट के लिए झूठा वादा और छलावा नजर आता है। उन्होंने आज महा प्रबंधक सह

मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति क्षेत्र मेदिनीनगर को मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र के माध्यम से,ि जसकी प्रतिलिपि सीएमडी, जीएम और सभी अधिनस्थ पदाधिकारियों को भी दिया है,सभी उपभोक्ताओं के मीटर को ठीक कर विभाग द्वारा नियुक्त उर्जा मित्र को सक्रिय कर सभी घरों को मासिक बिल प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।इसके अलावा उन्होंने विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल जपला के सहायक विद्युत अभियंता (एसडीओ) राम प्रसाद महतो को हटाने का भी मांग किया है। उन्होंने कहा कि जपला में पदस्थापित सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो जी ने जब से पदभार ग्रहण किया है तब से विद्युत विभाग कार्यालय जपला में इनका उपस्थिति बहुत कम देखने को मिल रहा है। चूंकि लॉगिंग कोड का ओटीपी इनके मोबाइल पर आता है, और ये अनुपस्थित रहते हैं जिसके कारण ऑनलाइन संबंधित कार्य नहीं हो सकता है इसलिए यहां के सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं के कार्यालय संबंधित कार्य लंबित है। उन्होंने आगे कहा कि जेएमएम सरकार का ये चुनावी वादा भी बेरोजगारी भत्ता ,युवाओं को नौकरी की तरह कानों को खुश करने वाला है और अब भ्रष्टचार से त्रस्त जनता ने मन बना लिया है वर्तमान सरकार के झूठे वादों में आकर जनता अब पुनः इन्हे सत्ता में नहीं लाने वाली है। मौके पर बद्रीनारायण सिंह सत्यनारायण यादव संतोष राम राजकुमार प्रजापति चन्द्र भूषण सिंह सुभाष कुमार और मनोहर सिंह मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

सामुदायिक विकास में संस्थाओं की अहम भूमिका : मंजू

मेदिनीनगर (पलामू) : मल्टी आर्ट एसोसिएशन के कार्यलय में ध्वनि फाउंडेशन के बोर्ड ट्रस्टी मंजू कुच्छल, झारखण्ड स्टेट कार्यक्रम प्रबंधक अनंगदेव सिंह एवं प्रबंधक हेल्प डेस्क साकेत मिश्रा ने मल्टी आर्ट एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों एवं कर्मचारियों के साथ संस्था के संगठनात्मक विकास पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न किया कमंजू कुच्छल ने बताया कि सामुदायिक विकास में संस्थाओं की अहम भूमिका है। परन्तु आज के दौर में संस्थाओं को संगठनात्मक रुप से मजबूत होने की आवश्यकता है ताकि सभी मापदंडों को संस्था पूरा कर सके और अपनी आवश्यकतानुसार संसाधन जुटा सके कइस कार्य में ध्वनि फाउंडेशन झारखण्ड तथा अन्य राज्यों में संस्थाओं को सहायता कर रही एवं क्षमता है। ध्वनि ने सरकार के नीति, सम्बन्धित विभागों के दिशा निर्देश, दाता संस्थाओं के अपेक्षा के अनुसार मापदंडों की सूचि बनाई है जिसपर संस्थाओं का एक मूल्यांकन करती है एवं कमी को पूरा करने के लिए तकनीकी रुप से संस्था को मदद करती है। कइसी क्रम में मल्टी आर्ट एसोसिएशन का कार्य क्षेत्र बरवाडीह प्रखंड के केड पंचायत का गाड़ी गांव विजिट किया गया। जहाँ ग्रामवासियों ने परम्परागत रुप से टीम का स्वागत किया एवं ग्राम स्वशासन अभियान के अन्तर्गत ग्राम सभा सशक्तिकरण, वनाधिकार कानून 2006 के तहत सामुदायिक दावा, व्यक्तिगत दावा, महिला अधिकार, ग्राम सभा सचिवालय के कार्यों और अन्य मुद्दों पर अपना अनुभव साझा किया।

ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का सरकार करे प्रस्ताव पारित : ब्रह्मदेव प्रसाद

मेदिनीनगर (पलामू) : चंपई सोरेन के सरकार झारखंड में जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला किया है जो स्वागत योग्य है पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश इसका स्वागत करती है और यह पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच का लगातार संघर्ष और आंदोलन का प्रतिफल है चंपई सरकार से पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच यह मांग करती है कि जल्द से जल्द जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी को आरक्षण बढ़ाते हुए ट्रिपल टेस्ट कराकर निकाय चुनाव कराया जाए ताकि ओबीसी समाज को राजनैतिक भागीदारी मिल सके। विधानसभा चुनाव के घोषणा के पूर्व मंच यह मांग करती है की जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी समाज को आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पारित कराया जाए जिससे कि ओबीसी समाज का राजनैतिक,शैक्षणिक, आर्थिक सामाजिक भागीदारी जनसंख्या के अनुपात में मिल सके साथ ही शिक्षा संस्थानों में सरकारी नौकरियां में उच्च शिक्षण प्रस्थानों में ओबीसी को आरक्षण जनसंख्या के अनुपात में देने का प्रस्ताव पारित कराया जाए साथ ही ओबीसी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक निशुल्क ओबीसी छात्रावास का निर्माण कराया जाए। यदि विधानसभा चुनाव के पूर्व आचार संहिता लगने से पहले उपरोक्त मांगों को सरकार अपने कैबिनेट में प्रस्ताव पारित नहीं कराती है तो पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच सरकार को जिला मुख्यालय से लेकर विधानसभा तक घेरने का कार्य करेगी और सरकार का विरोध करेगी । केवल जाति आधारित जनसंख्या करने से काम नहीं चलेगा जब तक हक और अधिकार नहीं मिल जाता है तब तक मंच पूरे प्रदेश में लगातार आंदोलन जारी रखेगा और सरकार को विरोध करने का कार्य करेगी।

मो यूनुस का निधन समाज, देश व मेरी व्यक्तिगत क्षति : अजहर

मेदिनीनगर (पलामू) : सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी मो. युनुस अंसारी का निधन समाज, देश व मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। आजीवन उन्होंने समाज हित व देश के लिए काम किया। वे हिंदू-मुस्लिम एकता पर काफी बल देते थे। उन्हें साहित्य से गहरा लगाव था। उनसे, मेरे व्यक्तिगत संबंध रहे हैं। उक्त बातें अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने कही। उन्होंने कहा कि 87 वर्षीय मो. युनुस अंसारी ने 19 जून 2024 को सुबह में बरवाडीह के अपने पैतृक आवास पोखरी में अंतिम सांस ली। जनाजे की नमाज मौलाना लुकमान अहमद रूमी ने पढ़ाई। उन्हें पोखरी के स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनके निधन पर साहित्य व शिक्षा जगत से अदबी संसार के संरक्षक मौलाना महताब आलम जियाई, शमीम रजवी, डॉ. तस्लीम आरिफ, अध्यक्ष इमरान शाद, उमेश टोप्पो, अनिल कुमार, उपेंद्र मिश्रा, जय किशोर, राज कुमार, रेणु कुमारी, गुलाम गौस, सुशील कुमार सिंह, अंगद कुमार सिंह, काशिफ कमर, अर्पण कुजूर, अमृता टेटे, श्वेता मिंज, सोनी नुसरत, जावेद अहमद खां, फैयाज अहमद, मो. यासीन, मो. मनव्वर हुसैन अंसारी, मुजाहिद हुसैन, खालिद रजा ताबिश, मौलाना सद्दाम हुसैन परवाज, निगार आलम अता, अब्दुल्लाह अंसारी, रहबर पालमुवी, अशअर नूरानी, ए. आर. नामी. डॉ. एम. कुरैशी, एस.एम. शाहनवाज, मो. निजामुद्दीन, कमर गयावी ने शोक व्यक्त किया है।

झारखंड का अगला जनादेश सुदेश महतो के नेतृत्व में होगा : अतिष कुमार महतो

अनगड़ा : ओरमांझी सभागार में अमर कुमार महतो के अध्यक्षता में युवा आजसू पार्टी का बैठक किया गया। इस बैठक में राँची जिला युवा संयोजक अतिष कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि 22 जून को आजसू पार्टी की स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी केंद्रीय सचिव पारसनाथ उराँव ने कहा खिजरी विधान सभा में होंने वाला स्थापना दिवस में हजारों की संख्या में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। युवा आजसू के अगुवाई में हीं झारखंड राज्य काया कल्प होगा और अगला जनादेश सुदेश महतो के नेतृत्व में होगा। इस बीच ओरमांझी प्रखण्ड में 14 सदस्यीय संयोजक समिति युवा आजसू का गठन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह ओरमांझी प्रखण्ड प्रभारी जितेन्द्र सिंह,केन्द्रीय सचिव सह ओरमांझी प्रखण्ड पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरिता देवी,राँची जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वीणा कुमारी, प्रखण्ड अध्यक्ष दिगम्बर महतो, प्रखण्ड उपाध्यक्ष आनन्द महतो, राज साहू, ओमप्रकाश शुक्ला, आर्यन कुमार, हिमांशु कुमार साहू, विशाल कुमार, सतीश कुमार, छोट्टू कुमार, प्रकाश महतो, राहुल उरांव, विवेक मुण्डा, सागर मुण्डा, सुलेन्द्र उरांव, आदर्श साहु, अर्विन्द कुमार, सूर्या राज, मनीष कुमार ठाकुर, अंकित साहू, सुजित कुमार एवं दर्जनों युवा उपस्थित थे।

प्रत्येक माह की तीन तारीख को जिला में रोजगार मेला का होगा आयोजन : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : गुरुवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के निदेश में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, साहेबगंज द्वारा दत्तोपंत ठेगड़ी रोजगार मेला -2024 का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी- सह-उपायुक्त हेमंत सती द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।सिद्धो-कान्हो सभागार, साहेबगंज में आयोजित इस मेले में उपायुक्त ने उपस्थित युवक- युवतियों को अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ अपना स्किल डेवलपमेंट करना अत्यंत जरूरी है। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि वैसे युवक- युवतियां जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष है, जो किसी कारण से अपनी पढ़ाई छोड़ चुके हैं वैसे युवक- युवतियों को कौशल विकास के माध्यम से उसके

कौशल के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आवेदक को झारखंड के किसी भी नियोजनालय से निबंधन होना अनिवार्य है। सबसे पहले युवकों को नियोजनालय के वेब पोर्टल में जाकर अपना निबंधन करा ले। उन्होंने बताया कि जिला में 6 से 7 ऐसे संस्थान है जिसके माध्यम से फ्री ऑफ कॉस्ट प्रशिक्षण दिया जा सकता है। रोजगार मेले में लोकल के आधार पर युवक युवतियो को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षित युवक- युवतियों को 40% सब्सिडी पर ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि अब प्रत्येक माह के 3 तारीख को जिला में रोजगार मेला लगाया जाएगा इसकी जानकारी अपने आस-पास के युवक- युवतियों को देना सुनिश्चित करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग रोजगार मेले से लाभ उठा सके।इस रोजगार मेला में कुल 16 नियोजक उपस्थित हुए जिसमें कुल 09 निजी क्षेत्र के नियोजक साहेबगंज जिले से संबंधित थे। मेले में उपस्थित नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों यथा ईएलएल कोऑर्डिनेटर, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, आईटी ट्रेनर, फील्ड मोबिलाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, प्यून, वार्ड बॉय, यूनिट मैनेजर, एलएम, रिसेप्शनिस्ट, एस एम टी, संगम (मैनेजर ट्रेनी), एनआईसीयू डिप्लोमा, ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, एसोसिएट के लिए नियोजन प्रक्रिया की गई। उक्त पदों हेतु योग्यता, 10वी, 12वी, स्नाकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा इत्यादि थी एवं कुल रिक्तियाँ 569 थी। नियोजकों द्वारा कुल 46 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों हेतु चयन किया गया एवं 227 अभ्यर्थियों को शॉटलिस्टेड भी किया। इसके अतिरिक्ति साहेबगंज जिले के विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा कुल 160 अभ्यर्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के लाभों से भी अवगत कराया गया। इस रोजगार मेले में दिनांक 03 मार्च 2024 को आयोजित किए गए रोजगार मेला में शॉटलिस्टेड अभ्यार्थियों में से कुल 07 अभ्यर्थी को अंतिम रूप से विभिन्न नियोजक द्वारा चयनित कर ऑफर लेटर भी प्रदान किया गया। जिसमें एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस साहेबगंज द्वारा चयनित अभ्यर्थी को 25000/- मासिक वेतन से संबंधित नियुक्ति पत्र यूनिट मैनेजर पद हेतु उपायुक्त, साहेबगंज द्वारा प्रदान किया गया। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला नियोजनालय, साहेबगंज द्वारा स्थानीय रिक्तियों के साथ लगातार कार्य किए जा रहे है।

रोजगार शिविर का आयोजन आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चांडिल : शुक्रवार को मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला-खरसावां में पूर्वाह्न 10 बजे से रोजगार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया की उक्त शिविर में जिले की प्रतिष्ठित संस्था टैलेंटनेक्सा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एवम भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा विभिन्न पदों पर सरायकेला-खरसावां एवम जमशेदपुर में नियुक्त करने हेतु युवाओं का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा सम्मानजनक वेतन का भुगतान किया जाएगा। साथ ही उन्हें मुफ्त कैंटीन, यूनिफार्म, ट्रांसपोर्ट सर्विस सहित अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। उक्त रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों की का उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, डिप्लोमा एवम आईटीआई उतीर्ण होनी चाहिए। उन्होंने जिले के सभी योग्य अभ्यर्थियों से आह्वान किया कि उक्त रोजगार शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले एवं रोजगार के अवसर प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला-खरसावां में कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है। इसकी पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क है।

सदर अस्पताल के कैदी वार्ड से भगाने में सहयोग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में बंद दो कैदी को भगाने में सहयोग करने वाले एवं वर्ष 2020 में जेल सिपाही रजनीश कुमार चौबे के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी युवक को देशी कट्टा के साथ कबूतर खोपी ढालू टोला से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इसको लेकर प्रभारी थाना प्रभारी

अमर कुमार मिंज ने बताया कि कैदी वार्ड में बंद दोनों कैदी को भगाने में आरोपी युवक ने आरी खरीद कर बाहर से दिया था और उसे भगाने में सहयोग किया था। वही जेल सिपाही रजनीश कुमार चौबे के ऊपर वर्ष 2020 में बबलू मंडल, विष्णु मंडल एवं दीपक रविदास के साथ मिलकर गोली भी चलाई थी जिसे जेल भेज दिया गया है। वहीं आरोपी युवक की पहचान धर्मेंद्र यादव पिता रामप्रवेश यादव के रूप में हुई है जिसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है जिसके खिलाफ जिरवाबाड़ी थाना में कई केस पहले से दर्ज हैं।

युवती की मेडिकल जांच करवाने के लिए पुलिस पहुंची सदर अस्पताल

साहिबगंज : तालझारी थाना क्षेत्र की रहने वाली आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म की घटना होने के बाद उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए गुरुवार को पीड़िता युवती को अपने साथ लेकर सदर अस्पताल आई। जहाँ कागजी प्रकिर्या पूरी करते हुए पीड़िता आदिवासी युवती का मेडिकल जांच करवाने के बाद उसे आगे की कार्यवाही करने के लिए साथ लेकर चली गई। इसको लेकर एएसआई मनोज कुमार आजाद ने बताया कि आदिवासी युवती के द्वारा 10 वर्षों तक लगातार दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई गई है जिसको लेकर पुलिस मेडिकल जांच में जुटी है।

हूल दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : हूल दिवस की तैयारियों को लेकर जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को हूल दिवस से संबंधित सभी तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें और आपसी साम्मंजस्य बनाते हुए तैयारियां शुरू कर दें। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए पंडाल वाटरप्रूफ रहेंगे। उन्होंने बताया कि हूल दिवस पर मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन का कार्यक्रम निर्धारित है। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन और शिलान्यास की जाने वाली योजनाओं से संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस बीच बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह पार्क की साफ सफाई कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हूल दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों को स्टॉल लगाने का निर्देश और जिन विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा उन विभागों द्वारा शत प्रतिशत लाभार्थियों को स्टॉल पर ही लाभ दिया जाए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, वे लोग सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त ससमय करना सुनिश्चित करेंगे। इस बीच पेयजल की व्यवस्था, टेंट पंडाल, एलइडी स्क्रीन, लाभार्थियों के लिए व्यवस्थाएं, वीर शहीद सिद्धो कान्हो के वंशजों को दी जाने वाली सुविधाएं आदि की व्यवस्था संबंधित आवश्यक और उचित निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला के वरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

एनडीए का विधानसभा में भी रहेगा परचम : विरेंद्र प्रधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर मे विगत लोकसभा चुनाव मे प्रत्याशी रहे बबलू प्रसाद दांगी ने अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का दामन थामा। इस दौरान बड़ी संख्या मे उनके समर्थकों ने भी पार्टी को सदस्यता ग्रहण की, मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र प्रधान ने पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी की सदस्यता दिलवाई, बातचीत के क्रम मे प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र प्रधान ने कहा की जमशेदपुर मे नये सदस्यों के जुड़ने से पार्टी को मजबूती मिलेगी, एनडीए गठबंधन मे लोजपा केंद्र मे भाजपा की मजबूत सहयोगी पार्टी है, आगामी विधानसभा चुनाव मे भी झारखण्ड राज्य मे लोजपा एनडीए के साथ खडी है और यहाँ फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। बबलू प्रसाद दांगी ने कहा की पार्टी की सदस्यता लेने के बाद जमशेदपुर शहर में पार्टी को मजबूती से खड़ा करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता अभियान में प्रदेश सचिव सुमन कु शर्मा,मनोज पासवान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए।

मादक पदार्थों की रोक हेतु जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भारत को नशा मुक्त बनाने हेतु दिलाई गई शपथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा जिले में मादक पदार्थों के रोक एवं उसके दुष्प्रभाव को समाप्त करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 19 जून से 26 जून तक विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से किया जाना है। इसी क्रम में आज जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के द्वारा मादक पदार्थों को खत्म करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उसूर्लाइन कान्वेंट सामटोली में किया गया। उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया.जिला समाज कल्याण

पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम के उद्देश्य से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए किसी भी देश का भविष्य और देश की उन्नति देश के युवकों पर टिकी होती है देश की युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते पर चले जाए तो निश्चित ही इनका जीवन अंधकारमय हो जाता है। देश का युवा वर्ग आज जिंदगी के हर पहलू को जीने की प्रबल इच्छा रखता है.युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझते हैं और शराब, गुटखा, तंबाखू बीड़ी सिगरेट या गांजा, भांग, अफीम का नशा करते हैं। वर्तमान समय में कम उम्र के लड़की और लड़के इसका भरपूर सेवन करते हैं और अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। नशे से सामाजिक मानसिक और पारिवारिक जीवन पर बुरा प्रभाव तो पड़ता ही है साथ ही वाहन दुर्घटना परिवार में अशांति, आर्थिक संकट, बीमारी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नशा करके व्यक्तियों का समाज और कार्य स्थल पर भी तमाशा बनता है जिसे उनकी मान-मयार्दा का आघात होता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न विभागों के द्वारा अपने-अपने स्तर से विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं और आज लोगों को नशा के दुष्प्रभाव से मुक्त करने की कोशिश की जा रही है। इसी मुहिम और प्रयास से सभी विभागों के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता एवं इच्छा शक्ति जरूरी है साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव की समझ विकसित करने और नशा से जन-जन की विमुखता से सिमडेगा जिला को नशा मुक्त बनाने हैं। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने मादक पदार्थों से गांव एवं लोगों को दूर रहने की बात कहीं उन्होंने कहा कि नशा से कई आपराधिक घटना बढ़ते जा रहे हैं साथ ही नशा से आज के जीवन में शारीरिक बल की छमता में कमी हो रही है। 40 के युवा 50 वर्ष के दिखाते हैं इसलिए नशा से दूर रहने एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

एक नजर

केसीसी कैंप का हुआ आयोजन

पटमदा : पटमदा प्रखंड सभागार में केसीसी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बैंक ऑफ इंडिया पटमदा और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे। कैंप में प्रखंड कृषि पधाधिकारी,एटीएम पटमदा, एटिक केंद्र के कर्मी एवम कृष मित्र एवम किसान उपस्थित हुए। शिविर में कुल 55 आवेदन कैंप में प्राप्त हुए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा भविष्य में इस तरह केसीसी कैंप का आयोजन प्रत्येक पंचायत में की जाएगी।

जलजमाव से मोहल्लेवासी को चलने में हो रही परेशान

राजमहल : प्रखंड के नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 के फुलवरिया दिलावरपुर मोहल्ला में गुरुवार की सुबह हुई बारिश के पानी जम जाने से मोहल्लेवासी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मोहल्ले में कुर्बान और स्माइल मास्टर के घर होते हुए जालौ शेख के घर तक सीवरेज के द्वारा बनाए गए गटर काफी नीचे होने के कारण आए दिन बरसात होने से उक्त जगह पर सही से निकासी नहीं हो पता है जिसके कारण पानी जम जाता है। मोहल्ले के लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मामले को लेकर समाज सेवी मोहम्मद परवेज लगातार इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों को कर चुके हैं फिर भी इसका समाधान नहीं हो रहा है।

आठ वर्षीय बच्ची का शव नवनिर्मित मकान से पुलिस ने किया बरामद

बरहरवा : गुरुवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के रानीग्राम में एक आठ वर्षीय बच्ची का शव नवनिर्मित मकान से बरमाद का किया गया है। जानकारी के अनुसार मृतिका बच्ची का नाम रंगीला कुमारी बताई जा रही है। उसके पिता बाहर काम करते है। बुधवार की शाम को बच्ची के माँ किसी काम से बरहरवा बाजार गई थी। बाजार से घर रानीग्राम लौटे तो उस वक़्त बच्ची घर के पास में ही खेल रही थी। फिर वो अपने घरेलू काम काज में व्यस्त हो गई। रात्रि लगभग 8 बजे जब बच्ची घर नहीं पहुँची तो बच्ची के मां व परिजनों ने आस पास खोजबीन शुरू कर दी लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन गुरुवार को सुबह घर के समीप अर्द्धनिर्मित मकान से बच्ची का शव परिजनों को मृत अवस्था में देखा। घटना की खबर आग की तरह पूरे गाँव में फैल गई। मामले की सूचना बरहरवा थाना पुलिस को भी दी गई।सूचना मिलते ही बरहरवा पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार, राजमहल एसडीपीओ बिमलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्ची की माँ ने पुलिस को अपने फर्दब्यान में आशंका जताई है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद बच्ची को मार दिया गया है। हालांकि यह जाँच का विषय है।पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही सारी चीजें स्पष्ट हो पाएगी। वहीं पुलिस मामले को लेकर गहनता से जाँच में जुटी है।

संक्षिप्त खबरें

बीरेंद्र अग्रवाल ने किया 24वीं बार रक्तदान

देवघर : शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में भी अब रक्तदान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। वैसे तो बाबा नगरी में रक्तदान के क्षेत्र में युवा अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इसी क्रम में आज एक युवा रक्तदाता हैं. बीरेंद्र अग्रवाल, जो पेशे से शिक्षक हैं। जिन्होंने माध्यमिक विद्यालय माथाटांड के शिक्षक जितेन्द्र मंडल, जो मोटरसाइकिल से गिर गए थे। स्थानीय अस्पताल में ऑपरेशन होना था। जरूरत को देखते हुए बीरेंद्र अग्रवाल ने अपना रक्तदान कर उन्हें मदद किया। रक्तदानी बीरेंद्र अग्रवाल ने इससे पूर्व भी 23 बार रक्तदान कर जरुरतमंदों की मदद की। रक्तदान को लेकर युवाओं में उत्साह का संचार करने के मामले में अपनी महती भूमिका निभाने वाले बीरेंद्र ने बातचीत के क्रम में बताया कि बाबानगरी में युवा रक्तदान के प्रति काफी जागरूक हैं। मैंने ये 24वीं बार रक्तदान किया है। बीरेंद्र अग्रवाल ने ये भी कहा कि बाबा नगरी में बिहार राज्य के लोग भी ईलाज के लिए पहुंचते हैं. ऐसी स्थिति में रक्तकोष में रक्त हर वक्त उपलब्ध हो यह चिंता सताते रहता है। इन सभी चीजों को देखते हुए मैं अपने मित्रों और सहयोगियों से भी रक्तदान के लिए आग्रह करता रहता हूँ।इस रक्तदान से झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के देवघर जिला इकाई के पदाधिकारियों सहित अन्य शिक्षकों ने बीरेंद्र अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याओं से हूए रुबरु

बरहरवा : बरहरवा अंचल कार्यालय परिसर स्थित 20 सूत्री कार्यालय में आज फिर जनता दरबार लगा जिसमें बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से वातार्लाप कर लोगों की समस्याओं का निदान करने को कहा जिसमें ज्यादातर समस्या लो वोल्टेज, जमीन म्यूटेशन, पेंशन तथा पानी को लेकर थी। अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने सभी की समस्याओं को बारी बारी से सुना तथा संबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप कर समस्याओं का निदान करने को कहा। वही मौके पर मिठुन कुमार मंडल, मो आफताब सहित दर्जनों कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणगण उपास्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

साहिबगंज : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज जिरवाबाड़ी क्षेत्र में नशा मुक्ति को लेकर आम नागरिकों को जागरूक किया गया और कानून की विभिन्न जानकारी दी गई। प्राधिकार के सचिव बिश्वनाथ भगत ने बताया की साहेबगंज जिला के प्रत्येक गांवों में लोगों को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया जा रहा है और कानून की विभिन्न जानकारियां दी जा रही है। उन्होंने बताया की लोगों को नशा पान से बचना चाहिए, नशा जीवन को नष्ट करता है। इसी कड़ी में आज डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल कामिनी शर्मा और रविन्द्र श्रीवास्तव ने स्कूल में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति पीड़ित के लिए मुआवजा स्कीम, आदि के बारे में गहराइयों से बताया तथा इनसे बचने एवं अन्य को बचाने का ज्ञान भी लोगों के बीच साझा किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर पीएलभी दिलनवाज, महफूज आलम उपस्थित थे।

पत्थर लदे हाइवा ने स्कॉर्पियो में मारी टक्कर

मंडरो : मिजाचौकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती मेहरमा थाना क्षेत्र स्थित भगैया पिरोजपुर मुख्य सड़क के बीच ककरघट गांव के पास बुधवार देर रात भगैया की तरफ से अज्ञात पत्थर चिप्स लदा हाईवा पिरोजपुर के तरफ जा रहा था और पिरोजपुर की तरफ से भगैया के तरफ बराती से भरा न्यू मॉडल बिना नंबर प्लेट का संफेद रंग का स्कॉर्पियो आ रहा था। उसी दौरान अचानक हाईवा वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे स्कॉर्पियो का आगे वाला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि उसकी आवाज से आसपास के घरों में सो रहे कई लोग डर गए वही स्कॉर्पियो पर सवार बराती बाल-बाल बच गया। हलांकि कुछ लोगों को मामूली चोटें की सूचना है। इधर घटना की सूचना पर पहुंची मेहरमा थाने की पुलिस ने जेसीबी मशीन के सहारे दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को अपने साथ मेहरमा थाना ले गयी। वही खूब चर्चा है कि पूरा रात पुलिस की गश्ती वाहन उक्त सड़क पर ही पेट्रोलिंग करती है तो फिर स्कॉर्पियो को टक्कर मार कर हाईवा वाहन भागने में कैसे सफल हो गया। इधर पुलिस स्कॉर्पियो को रात में ही सीज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो गोड्डा जिला के ललमटिया थाना क्षेत्र के किसी वाहन मालिक का बताया जा रहा है।

बाइक सवार 3 बदमाशों ने कैफे में घुसकर की फायरिंग जमीन विवाद में मर्डर की आशंका

सीतामढ़ी। में बीजेपी नेता राजेश कुमार साह (35) की अपराधियों ने 4 गोली मारकर हत्या कर दी है।राजेश कुमार शाह घर के बाहर ही सीएसपी और साइबर कैफे चलाते थे। बुधवार की रात करीब 10 बजे तीन अपराधी एक बाइक पर आए और दुकान में बैठे राजेश कुमार पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। बीजेपी नेता को भागने का मौका तक नहीं मिला और उन्हें चार गोली लगी। घटना महिंदवारा थाना के मौना गांव की है। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। राजेश भाजपा युवा मोर्चा के कोआही मंडल का पूर्व में अध्यक्ष रह चुके थे। फिलहाल जिले में बीजेपी के लिए सक्रियता से काम कर रहे थे। घटना के पीछे की वजह जमीन से जुड़ा विवाद बताया जा रहा है। चार गोली लगने के बाद बीजेपी नेता राजेश कुमार साह जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में बीजेपी नेता को मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान राजेश साह की मौत हो गई। ग्रामीणों की माने तो राजेश के परिवार का मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर थाना क्षेत्र के सलेमापुर गांव निवासी राधामोहन राय से पूर्व से जमीन विवाद चल रहा है। करीब एक सप्ताह पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई थी। राजेश मूल रूप में मुजफ्फरपुर के रहने वाले थे। चर्चा है कि जमीन विवाद को लेकर ही हत्या की गई है। वहीं थाना प्रभारी थानाध्यक्ष यादवेन्दु कुमार सिंह का कहना है कि घटना के पीछे जमीनी विवाद की बात सामने आ रही है। मर्डर के पीछे के मोटिव को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

देवेश चंद्र ठाकुर पर मुजफ्फरपुर कोर्ट में शिकायत दर्ज

सीतामढ़ी। के नव निर्वाचित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर पर मुजफ्फरपुर न्यायालय में परिवाद दर्ज किया गया है। इसमें उन्होंने यादव, मुसलमान और कुशवाहा का काम नहीं करने की बात कही थी। उनके खिलाफ मुजफ्फरपुर सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया है। अहियापुर के दिलीप कुमार कुशवाहा ने कोर्ट में परिवाद दायर कर इसे समाज में अस्थिरता फैलाने वाला बयान बताया है। इसकी सुनवाई 2 जुलाई 2024 तय की गई है। क्ढउ 501, 505 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें आरोप लगाया है कि इस बयान से लाखों लोगों को बुरा लगा है। कोर्ट ने परिवाद को ग्रहण करने के बिंदु पर सुनवाई के लिए रखा है। दर्ज शिकायत में बताया है कि सांसद निर्वाचित होने के बाद देवेश चंद्र ठाकुर ने सीतामढ़ी के परिहार और डुमरा में खुले मंच से अपना बयान दिए हैं। इसमें कहा कि सांसद चुनने के बाद जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के साथ पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन उन्होंने कहा कि जिन यादव, मुसलमान और कुशवाहा को काम पड़ेगा वह लालू यादव के पास जाएंगे। उनके इस बयान को सुनने के बाद परिवादी, गवाह और लाखों लोग आहत हुए है। धारा क्ढउ की धारा 501 और 505 के तहत परिवाद दाखिल की गई है। यह मामला देवेश चंद्र ठाकुर के उस बयान से जुड़ा है जिसमें उन्होंने मुसलमान, यादव और कुशवाहा समाज पर उन्हें वोट नहीं देने का आरोप लगाया था। की भावना को ठेस पहुंचाया है। कुशवाहा, यादव और मुस्लिम जाति को बोला गया है। इससे परिवादी की भावना को ठेस पहुंची है।

कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी खेतों में लगे फसल डूबे



सुपौल। में कोसी नदी के जलस्तर बढ़ने से खेतों में लगे कई फसल डूबकर बबार्द हो गए। जहां बुधवार को बराज से इस वर्ष का सबसे अधिक डिस्चार्ज किया गया। नदी का जलस्तर बुधवार शाम 6 बजे तक बढ़ते क्रम में 1 लाख 21 हजार 970 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया। वहीं, बराह क्षेत्र में कोसी का जलस्तर बढ़ते क्रम में 92,750 क्यूसेक रहा। सुबह 10 बजे कोसी का जलस्तर 1,08,520 क्यूसेक था। जबकि, दोपहर 12 बजे कोसी बराज का जलस्तर बढ़कर 1,14,385 क्यूसेक पर पहुंच गया। वहीं, शाम 4 बजे कोसी का डिस्चार्ज 1,21,970 क्यूसेक (बढ़ते क्रम में) रिकॉर्ड किया गया। जबकि, बराह क्षेत्र में कोसी का जलस्तर शाम 4 बजे 86,250 क्यूसेक (बढ़ते क्रम में) रिकॉर्ड किया गया। पूर्वी कोसी मुख्य नहर में 5,000 व पश्चिमी कोसी मुख्य नहर में 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। कोसी के बढ़ते जलस्तर को लेकर नदी के 16 फाटक खोले गए हैं। जलस्तर में वृद्धि के कारण उपजाऊ जमीन में नदी का पानी प्रवेश कर गया है। कोसी तटबंध के भीतर बसे गांव के लोगों को जरूरी कार्यों के लिए तटबंध से बाहर आने की मुश्किल बढ़ गई है। कौशिकी भवन स्थित चीफ इंजीनियर के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार कोसी के दोनों तटबंध अपने सभी अवयवों के साथ पूरी तरह सुरक्षित है। कोसी के दोनों तटबंधों पर कोसी नदी के जलस्तर में आए चढ़ाव को देखते हुए सतत निगरानी और चौकसी बरती जा रही है। अधिकारियों की माने तो वर्तमान स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। दूसरी तरफ कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ाने के साथ ही पूर्वी और पश्चिमी तटबंध के भीतर खेतों में लगी मुंग, मकई और अन्य फसलें डूब कर बर्बाद हो गई है। किसान बताते हैं कि कोसी नदी में इस बार समय से पहले बाढ़ का पानी ज्यादा आने से उन लोगों की फसल बर्बाद हो गई।

चुनाव परिणाम पर मंथन शक्ति यादव बोले:आरजेडी सभी धर्म-जाति में विश्वास रखती है

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आवास पर आरजेडी की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव के नतीजों और पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा हुई। सभी 23 लोकसभा के प्रभारियों को बुलाया गया था। खुद तेजस्वी यादव भी बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान लोकसभा चुनाव में राजद की कमजोरी कहां-कहां रही, किन वजहों से आरजेडी अनुमान के मुताबिक सीट नहीं जीत पाई? कहीं किसी ने भीतरघात तो नहीं किया है। इस पर बात हुई। आगे विधानसभा चुनाव है। इसको लेकर अधिक से सीट पार्टी जीते इस पर भी बात हुई। आरजेडी नेता श्याम रजक ने कहा कि कल भी महत्वपूर्ण बैठक है। उसके बाद तेजस्वी यादव मीडिया से बात करेंगे। बता दें कि राजद ने महागठबंधन के अंदर 23 सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ा था। इसमें से चार पर जीत हासिल हुई थी। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि यह समीक्षा बैठक इसलिए की जा रही है कि पार्टी को और बेहतर कैसे किया जा सकता है। आरजेडी सभी धर्म, जाति में विश्वास रखती है। तेजस्वी यादव ने जो नौकरी आदि का मुद्दा सेट किया और 5 लाख के आसपास नौकरियां दी गई, अब किसी में दम नहीं है कि तेजस्वी यादव के सेट नेरेटिव को बदल सके। समीक्षा बैठक में पहुंचे राजद के विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि इंडिया गठबंधन पिछली बार एक सीट पर थी, लेकिन इस बार हम लोगों ने 9 सीटों पर जीत हासिल की। वोटिंग परसेंटेज भी हम लोगों का काफी बढ़ा है। इसमें राजद सबसे आगे रही। उन्होंने कहा कि राजद को कम सीट लोकसभा चुनाव में आने का अफसोस जरूर है। इस बार का वोटिंग परसेंटेज का अंतर 10 फीसदी रह गया।

मोतिहारी के झारोखर थाने में ग्रामीणों ने किया हंगामा बाइक चोरी में हुई थी गिरफ्तारी

मोतिहारी। में पुलिस कस्टडी में एक बंदी नन्हकू कुमार यादव की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक आरोपी के परिजनों ने थानाध्यक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस ने नन्हकू की जमकर पिटाई की, जिससे उसकी मौत हुई है। घटना झारोखर थाना की है। गुरुवार की सुबह परिजनों को मौत की पहुंची मिली तो ग्रामीण थाना पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने बांस-बल्ले से पुलिस पर हमला करने का प्रयास भी किया। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद एएसपी शिखर चौधरी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया गया। एएसपी शिखर चौधरी ने बताया कि बाइक चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था, जिसकी पुलिस कस्टडी में मौत हो गई है। परिजनों ने कई तरह के आरोप लगाए है। इसलिए घटना की जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र कराई जाएगी। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे, उसपर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि पुलिस ने बुधवार को बाइक चोरी के आरोप में नन्हकू कुमार यादव (25 साल) को गिरफ्तार किया था। नन्हकू के परिजनों ने 11 बजे रात में उसे खाना खिलाया। इसके बाद वो लोग घर लौट गए।

पटना में आइसा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

पटना। नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर अलग-अलग राज्यों में छात्र लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर गुरुवार को पटना के कारगिल चौक पर छात्र संगठन आइसा ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला भी फूंका। छात्रों ने कहा कि सरकार कमजोर है, इसलिए पेपर लीक हुआ है। हम मांग कर रहे हैं कि एनटीए को खत्म किया जाए। नेट का भी पेपर लीक हुआ है। इससे ये साबित होता है कि एनटीए किसी भी एग्जाम को कंडक्ट कराने में सक्षम नहीं है। नीट की परीक्षा रद्द की जाए और इसका आयोजन फिर से होना चाहिए। छात्र नेताओं ने आगे कहा कि बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। 2024 को रद्द कर दिया है। साथ ही मामले की जांच सीबीआई को दी है।

गया में नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या

गया। में नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। घटना से 4 दिन पहले ही ससुराल पहुंची थी। मामला मोहनपुर प्रखंड के सिंधुगढ़ थाना क्षेत्र का है। मृतका के पिता कृष्णा यादव ने बताया कि 3 माह पहले ही बेटी प्रीति कुमारी की शादी मढ़गढ़ा गांव में रामपति यादव के पुत्र गुड्डू कुमार यादव हुई थी। 4 दिन पहले मेरी बेटी अपने पति के साथ ससुराल गई थी। ससुराल वालों ने बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। डेड बॉडी पर चोट के भी निशान मिले हैं। पीट-पीटकर मेरी बेटी को मार डाला। उन्होंने आगे कहा कि दामाद और ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। ग्रामीणों से बेटी की हत्या की सूचना मिली थी। जिसके बाद हमलोग पहुंचे और अंतिम संस्कार किया। केवला पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव का कहना है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ताकि किसी और बेटी के साथ इस तरह की घटना ना हो। वहीं, मृतका के पिता के बयान के आधार पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का मामला दर्ज हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

उपचुनाव के लिए पूर्व विधायक शंकर सिंह ने किया नॉमिनेशन

पूर्णिया। के रुपौली विधानसभा के लिए 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए पूर्व विधायक शंकर सिंह ने आज नॉमिनेशन किया। वे दोपहर करीब 2 बजे धमदाहा अनुमंडल कार्यालय में नामांकन पर्चा दाखिल करने पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा कुमारी भी साथ दिखीं। इससे पहले 15 जून को बागी तेवर अपनाते हुए पूर्व विधायक शंकर सिंह ने लोजपा(R) से इस्तीफा दे दिया था। वे रुपौली विधानसभा उपचुनाव में NDA से टिकट काटे जाने से नाराज थे। इसके बाद पार्टी से इस्तीफा देते हुए वे चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोकते हुए पूर्व विधायक ने उपचुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। बता दें कि रुपौली के स्वर्ण जाति के वोटरों पर शंकर सिंह जबकि इलाके की महिला वोटरों पर उनकी पत्नी प्रतिमा कुमारी की गहरी पैठ है। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद पूर्व विधायक शंकर सिंह ने कहा कि उन्होंने दशकों तक लोजपा(R) में रहते हुए पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम किया। पार्टी का जब जो निर्णय हुआ मजबूती से उस निर्णय के साथ खड़ा रहा। पार्टी ने 2005 में मुझे रूपौली विधानसभा से प्रत्याशी बनाया। तब न सिर्फ मैंने मजबूती से चुनाव लड़ा बल्कि चुनाव जीतने का काम किया। सरकार न बन पाने के कारण फिर से चुनाव हुआ। जबकि चुनाव जीतने के बाद मुझे कई प्रलोभन दिया गया। लेकिन मैं पार्टी के सिद्धांत पर रहकर उस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय स्व.रामविलास पासवान के विचारधारा के साथ खड़ा रहा। इसके बाद 2010, 2015 और 2020 में पार्टी ने चुनाव लड़ाया। सभी चुनाव में मैंने अच्छे मत प्राप्त किए। जीत हार का मामूली अंतर रहा। लोकसभा चुनाव में रुपौली विधानसभा से NDA प्रत्याशी को लीड कराया। बावजूद इसके बाद जब उपचुनाव की तारीख का ऐलान हुआ, NDA से कलाधर मंडल को टिकट दे दिया गया। ये वही कलाधर मंडल है जो मुखिया का चुनाव भी नहीं जीत सके। पार्टी में क्या खेला हुआ, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं। रूपौली विधानसभा की जनता मेरे साथ है। मैंने दशकों तक रुपौली की जनता की सेवा की है। पत्नी प्रतिमा सिंह ने कहा कि स्वजाति ही नहीं बल्कि हर जाति, वर्ग और समुदाय के लोगों के साथ उनके सुख और दुख में खड़ा रहा। इसलिए जनता उनके साथ है। उनकी जीत निश्चित है। लोजपा (रामविलास) से बागी हुए पूर्व विधायक शंकर सिंह के चुनावी मैदान में ताल ठोकने के बाद से ये माना जा रहा है कि रुपौली विधानसभा के लिए 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव का मुकाबला त्रिकोणीय होगा। एनडीए से कलाधर मंडल, महागठबंधन से बीमा भारती और निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। जदयू का दामन छोड़ राजद के साथ जाने के बाद से न सिर्फ पार्टी बदली बल्कि बीमा भारती के लिए बहुत कुछ बदल चुका है। लोकसभा में करारी हार और हाइप्रोफाइल गोपाल यादुका हत्याकांड में जिस तरीके से पुलिस की शुरूआती इन्वेस्टिगेशन में छोटे बेटे राजा का नाम के व्यवसायी की हत्या की सुपारी देने के मामले में आ रहा है, इससे क्षेत्र में बीमा भारती की साख बेहद तेजी से गिरी है। वोटरों के मिजाज भी बदले-बदले से हैं। इतना तय है कि चुनाव में सांसद पप्पू यादव एक्स फैक्टर साबित होंगे। उन्होंने बीमा भारती का समर्थन करने से साफ इनकार कर दिया है। जिससे बीमा की डगर और मुश्किल दिख रही है। इससे पहले रुपौली से 5 बार की विधायक रही बीमा भारती ने विधायक पद से इस्तीफा देकर राजद प्रत्याशी के तौर पर पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ा था।

संक्षिप्त डायरी

डांसर से छेड़खानी का ग्रामीणों ने किया था विरोध युवक ने दोस्तों को बुलाकर की गोलीबारी

समस्तीपुर। में शतायु महिला के निधन पर बुधवार रात नाच का आयोजन किया गया था। इसी दौरान गांव के बजरंगी के राय के परिवार का पांचो राय महिला डांसर का कपड़ा खींचने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे मना किया तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर दी। नाच-गाना देख रहे 2 को गोली लग गई। जख्मी गांव के ही रविंद्र राय और सूरज कुमार हैं। दोनों को बाएं पैर में गोली लगी है। स्थानीय लोगों के सहयोग से पीएमसीएच में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर मोहनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। मौके से 2 खोखे बरामद हुए हैं। वारदात के बाद आरोपी पाचो फरार है। घटना मोहनपुर थाना क्षेत्र के डुमरी उत्तरी गांव की है। जख्मी रविंद्र के भाई धर्मेंद्र राय ने बताया कि गांव के स्वर्गीय सिया राय की 100 वर्षीय पत्नी छोहिया देवी का 6 जून को निधन हुआ था। छोहिया देवी की दो बेटियां है। मृतका के दामाद रामबाबू चौधरी और सतीश राय ने गांव में बड़े स्तर पर श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान ही दुगोला (नाच) कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमें हाजीपुर और धमौन से कलाकारों को बुलाया गया था। कलाकारों में एक लड़की डांसर भी थी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम चल रहा था इसी दौरान रात करीब 2:00 बजे गांव का ही पाचो राय कार्यक्रम में पहुंचा। डांसर का कपड़ा खींचने लगा। जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया। डायल-112 की पुलिस को सूचना दी गई। टीम मौके पर पहुंची तो पाचो राय वहां से चुपचाप फरार हो गया, लेकिन पुलिस के जाते ही करीब एक घंटा बाद वो अपने 8- 10 साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा। जब ग्रामीण जुटने लगे तो सभी भाग गए। मोहनपुर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान नाच-गान का आयोजन किया गया था। पुलिस से इसके लिए स्वीकृति नहीं ली गई थी। इस दौरान डांसर से आपत्तिजनक व्यवहार करने पर ग्रामीणों ने विरोध किया तो एक युवक ने फायरिंग कर दी। जिसमें दो लोगों को गोली लगी। उन्हें पटना में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

4 दिनों में पूरे प्रदेश में दिखने लगेगा असर 6 जिलों में हुई बारिश

बिहार। में पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 2 से 4 दिनों पूरे प्रदेश में मानसून का असर दिखने लगेगा। इसके साथ ही झमाझम बारिश होने लगेगी। वहीं, पटना, मोतिहारी, जहानाबाद, बक्सर, जमुई, भोजपुर में गुरुवार की सुबह प्री मानसून की बारिश हुई। इससे पिछले कई दिनों से गर्मी झेल रहे लोगों को राहत मिली है। वहीं नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। बुधवार को सुपौल में कोसी बराज के 16 फाटक खोल दिए गए हैं। इसकी वजह से कोसी नदी के किनारे लगे 900 एकड़ में लगी फसल डूब चुकी है। मौसम विभाग की ओर से 13 जिलों में गर्म दिन रहने की संभावना जताई है। इसको लेकर विभाग की तरफ से यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। आरा में बुधवार को लू लगने से एक उफ्ढ्ढ्र जवान की मौत गई। जवान बिहिया थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव के वार्ड-1 निवासी नारायण मिश्रा के बेटे मुकेश कुमार (42) हैं। वो CRPF में सिग्नल कोर रेडियो ऑपरेटर के पद पर थे। बड़े भाई राकेश मिश्रा ने बताया कि मुकेश एक सप्ताह से छुट्टी पर थे। किसी काम के लिए अपने पैतृक गांव मिश्रौली जा रहे थे। इसी बीच गर्मी की वजह से उनकी हालत बिगड़ गई और आरा रेलवे जंक्शन पर कुर्सी पर बैठे-बैठे उनकी मौत हो गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बारिश किशनगंज के ठाकुरगंज में हुई। यहां 201.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही अररिया, रोहतास, सुपौल में भी बारिश हुई। बुधवार को एक बार फिर से औरंगाबाद जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

समस्तीपुर में उत्पाद पुलिस के खिलाफ निकाला प्रतिरोध मार्च

समस्तीपुर। में उत्पाद पुलिस द्वारा बिना कोई साक्ष्य के ताजपुर नगर परिषद के वार्ड पार्षद अशोक राय के घर पर बार-बार छापेमारी कर अपमानित करने के खिलाफ गुरुवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति के बैनर तले सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों ने प्रतिरोध मार्च निकालकर उत्पाद पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। उत्पाद विभाग के पुलिस की मनमानी पर रोक लगाओ, उत्पाद पुलिस निर्दोष लोगों को परेशान करना बंद करो, वार्ड पार्षद अशोक राय के घर बार-बार छापेमारी क्यों-उत्पाद अधीक्षक जबाब दो, उत्पाद पुलिस के भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ, निर्दोष लोगों को पकड़कर पैसा लेकर छोड़ने का खेल बंद करो आदि नारे लगाते हुए कार्यकताओं ने गांधी चौक से मार्च निकाला। जो नारेबाजी करते हुए दरगाह रोड, नीम चौक, अस्पताल रोड से गुजरते हुए अस्पताल चौक पर पहुंचकर मार्च सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता वार्ड पार्षद अजहर मिकरानी ने की। भाकपा माले के ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह, राजद ने सभा को संबोधित किया। बतौर मुख्य वक्ता सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आए दिन उत्पाद पुलिस की मनमानी, भ्रष्टाचार की कहानी सुनने को मिलती रहती है।

नियमित योग से बने शरीर के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत

योग के महत्व को अब संपूर्ण विश्व जानने लगा है। नियमित योग करते रहने से जहां आप शारीरिक रूप से सेहतमंद बने रह सकते हैं वहीं आप मानसिक रूप से भी मजबूत बन सकते हैं। मन की मजबूत से ही जीवन में सफलता मिलती है। आओ जानते हैं कि किस तरह होगा यह संभव।

1.योगासन

बचपन में हमारा शरीर लचकदार था। उम्र बड़ने के साथ हड्डियां कड़क होती गई। हार्ड बोन के टूटने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक बच्चा जब छोटी-मोटी जगह से गिरता है तो फेक्चर होने के कम चांस है, लेकिन जवान व्यक्ति जब गिरता है तो फेक्चर होने के चांस ज्यादा होते हैं। योग हमारी हड्डियों को फिर से लचकदार बनाकर लंबे समय तक उनके कैल्शियम के क्षरण को रोकता है।

योगासन का शरीर लचीला और सॉफ्ट होता है। इसे अतिरिक्त भोजन की आवश्यकता नहीं होती और यह सभी तरह के रोग से बचने की क्षमता रखता है। लगातार योग करने के बाद योग छोड़ भी देते हैं तो इससे शरीर में किसी भी प्रकार का ढलाव नहीं आता और हाथ-पैर में दर्द भी नहीं होता। जब स्फूर्ती दिखाने का मौका होता है तो यह शरीर एकदम से सक्रिय होने की क्षमता रखता है।

यदि आहार नियम का पालन करते हुए लगातार सूर्य नमस्कार के साथ आप योग के प्रमुख आसन करते रहते हैं तो 4 माह बाद आपका शरीर एकदम लचीला होकर स्वस्थ हो जाएगा। आप हरदम एकदम तरो-ताजा और खुद को युवा महसूस करेंगे। योगासनों के नियमित अभ्यास से मेरूदंड सुदृढ़ बनता है जिससे शिराओं और धमनियों को आराम मिलता है। शरीर के सभी अंग-प्रत्यंग सुचारु रूप से कार्य करते हैं। यही मस्तिष्क को सुदृढ़ करने का प्रारंभिक चरण है।

2. प्राणायाम

मस्तिष्क की कार्य क्षमता और मजबूती बढ़ती है प्राणायाम से। इससे मस्तिष्क में ऑक्सिजन का लेवल बढ़ जाता है। प्राणायाम करते रहने से मन में कभी भी उदासी, खिन्नता और क्रोध नहीं रहता है। मन हमेशा प्रसन्नचित्त रहता है जिसके चलते आपके आसपास एक खुशनुमा माहौल बन जाता है। आप जीवन में किसी भी विपरीत परिस्थिति से हताश या निराश नहीं होंगे। आप चाहें तो ध्यान को भी अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाकर मस्तिष्क को और भी मजबूत कर सकते हैं।

मस्तिष्क में किसी भी प्रकार का द्वंद्व और विकार नहीं रहता है। व्यक्ति की सोच बहुत ही विस्तृत होकर परिष्कृत हो जाती है। परिष्कृत का अर्थ साफ-सुथरी व स्पष्ट। ऐसे में व्यक्ति की बुद्धि बहुत तीक्ष्ण हो जाती है तथावह जो भी बोलता है, सोच-समझकर ही बोलता है। भावनाओं में बहकर नहीं बोलता है। योग करते रहने का प्रभाव यह होता है कि शरीर, मन और मस्तिष्क के ऊर्जावान बनने के साथ ही आपकी सोच बदलती है। सोच के बदलने से आपका जीवन भी बदलने लगता है। योग से सकारात्मक सोच का विकास होता है।

यदि किसी भी प्रकार का मानसिक रोग है तो वह मिट जाएगा, जैसे चिंता, घबराहट, बेचैनी, अवसाद, शोक, शंकालु प्रवृत्ति, नकारात्मकता, द्वंद्व या भ्रम आदि। एक स्वस्थ मस्तिष्क ही खुशहाल जीवन और उज्ज्वल भविष्य की रचना कर सकता है। योग से जहां शरीर की ऊर्जा जाग्रत होती है, वहीं हमारे मस्तिष्क के अंतरिम भाग में छिपी रहस्यमय शक्तियों का उदय होता है। जीवन में सफलता के लिए शरीर की सकारात्मक ऊर्जा और मस्तिष्क की शक्ति की जरूरत होती है। यह सिर्फ योग से ही मिल सकती है, अन्य किसी कसरत से नहीं।

3. ध्यान

लगातार ध्यान करते रहने से कम होने लगते हैं मन में विचार, श्वास-प्रश्वास में होता सुधार, सकारात्मक सोच का होता है निर्माण, अनावश्यक भय, चिंता और डिप्रेशन होता है दूर और मस्तिष्क में होता है प्राणों का संचार। साथ ही ब्लड प्रेशर होता नियंत्रित, मोमोरी पॉवर बढ़ती, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती, आंखों की ज्योति बढ़ती और मन होता है मजबूत।

मस्तिष्क और मन को निरोग रखता है योग

योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। 21 जून यानी की आज विश्व योग दिवस है। पहली बार यह 2015 को मनाया गया। यह भारत के प्रयास से ही सफल हो सका है। पूरी दुनिया आज योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।

भगवान कृष्ण ने गीता में स्वयं कहा है कि 'योग: कर्मसु कौशलम' यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि 'योगस्थ: कुरु कर्माणि' इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है।

भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर 2014 को इसका प्रस्ताव दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे।

योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक संमृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने है। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं।

भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। इसके साथ वह लोगों से अपील करते हैं कि आप योग के जरिए अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखें, जिससे आपका सहयोग देश के विकास में अच्छे तरीके से हो।

विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहा है। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है।

पूरी जिंदगी असंमित हो गई है, जिसकी वजह से परिवार में तनाव और झगड़े होते हैं। लोगों के पास आज पैसा है लेकिन शांति नहीं है, जिसकी वजह से परिवार में संतुलन गायब है। लोग खुद से संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति से निकालने के लिए योग सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। इसलिए भाग दौड़ की जिदंगी को अगर संयमित और संतुलित करना है तो मन को स्थिर रखना होगा। जब तक हमें मानसिक शांति नहीं मिलेगी तब तक हम जीवन के विकारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। उस स्थिति में योग ही सबसे सरल और सुविधा युक्त माध्यम हमारे पास उपलब्ध है।

हमारी हजारों साल की वैदिक परंपरा को वैश्विक मंच मिला है। योग का प्रयोग अब दुनिया भर में चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी होने लगा है, उसे स्थिति हमें अपने जीवन के साथ जीने का नजरिया भी बदलना होगा। योग से संबंधित यूनिवर्सिटी, शोध संस्थान, आयुर्वेद मेडिसिन उद्योग नई उम्मीदें और आशाएं लेकर आएगा। भारत और दुनिया भर में योग के लिए संस्थान स्थापित हुए हैं। योग को पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है। योग स्वस्थ दुनिया की तरफ बढ़ता कदम है।

सुबह की शुरुआत प्राणायाम के साथ कीजिए

प्राणायाम अष्टांग योग का चौथा अंग है। जब तक शरीर में प्राणवायु है तब तक ही आयु है। प्राचीन ऋषि वायु के इस रहस्य को समझते थे तभी तो उन्होंने बढ़ती उम्र को रोक देने का शॉर्ट कट निर्मित किया। श्वास को लेने और छोड़ने के दरमियान घंटों का अंतराल प्राणायाम के अभ्यास से ही संभव हो पाता है। कछुए की सांस लेने और छोड़ने की गति इंसानों से कहीं अधिक दीर्घ है। व्हेल मछली की उम्र का राज भी यही है। प्राणायम के माध्यम से आपने यदि सांसों को साथ लिया तो आपकी आयु भी बढ़ जाएगी और कभी कोई रोग नहीं होगा। आओ जानते हैं कि कैसे साधें सांसों को।

सुबह की शुरुआत अनुलोम विलोम से करें- प्राणायाम करते समय 3 क्रियाएं करते हैं- 1.पूरक, 2.कुंभक और 3.रेचक। अनुलोम विलोम में कुंभक नहीं करते हैं। मतलब श्वास लेना और छोड़ना होता है। श्वास लेने की क्रिया को पूरक और श्वास छोड़ने को रेचक कहा जाता है। श्वास अंदर रोकने की क्रिया को कुंभक कहते हैं। अंदर रोके या श्वास बाहर छोड़कर रोक लें। रोकने की क्रिया करते हैं तो नाड़िशोधन प्राणायाम होगा। फेफड़ों के भीतर वायु को नियमानुसार रोकना, आंतरिक और पूरी श्वास बाहर निकालकर वायुरहित फेफड़े होने की क्रिया को बाहरी कुंभक कहते हैं। अनुलोम विलोम में हमें श्वास को रोकना नहीं है बस नियम से लेना और छोड़ना है।

कैसे करें अनुलोम और विलोम?

1. सबसे पहले आसन पर आलकी-पालकी मारकर शुद्ध वायु में बैठ जाएं।
2. इसके बाद दाएं अंगूठे से अपनी दाहिनी नाक को बंद करें। इस दौरान तर्जनी अंगुली को अंगूठे के नीचे के हिस्से पर हल्के से दबाकर रखें।
3. अब बाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अनामिका अंगुली से बाईं नासिका को बंद करके अंगूठे को दाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।
4. अब दाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अंगूठे से दाईं नासिका बंद करने के बाद अनामिका अंगुली को बाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।
5. अब बाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अनामिका अंगुली से बाईं नासिका को बंद करके अंगूठे को दाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।

अवधि: इसी प्रक्रिया को कम से कम 5 मिनट तक दोहराते रहें। मतलब बाईं नाक से श्वास लेकर दाईं से छोड़ना और दाईं से श्वास लेकर बाईं से छोड़ना। यही अनुलोम विलोम प्राणायाम है।

इसके 10 फायदे

1. इससे तनाव, चिंता और अवसाद घटता है और शांति मिलती है।
2. यह मस्तिष्क और फेंफड़ों में ऑक्सिजन का लेवल बढ़ा देता है।
3. इसे नियमित करने से नेत्र ज्योति बढ़ती है
4. इससे रक्त संचालन सही बना रहता है।
5. मस्तिष्क के सभी विकारों को दूर करने में यह प्राणायम सक्षम है।
6. फेंफड़ों में जमा गंदगी बहार होती है और फेंफड़े मजबूत बनते हैं।
7. अनिद्रा रोग में यह प्राणायाम लाभदायक है।
8. इस प्राणायाम को करते समय यदि पेट तक श्वास खींची जाए तो यह पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है। डाइजेशन सही होता है।
9. इससे नकारात्मक चिंतन से चित्त दूर होकर आनंद और उत्साह बढ़ जाता है।
10. अस्थमा, एलर्जी, साइनोसाइटिस, पुराना नजला, जुकाम आदि रोगों में भी यह प्राणायाम लाभदायक सिद्ध हुआ है।

शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लिए करें योग

योग हमें शारीरिक ओर मानसिक रुप से फिट बनाये रखता है। आज के वयस्त समय में व्यक्ति रोगों का शिकार बनता जा रहा है इसके साथ ही मधुमेह और रक्तचाप सहित कई बीमारियों उसे घेरती जा रही है। ऐसे में स्वस्थ रहने उसे योग का सहारा लेना चाहिये। अपने पूरे व्?यक्ति्व को निखारने और सामाजिक, व्?यक्तिगत, शारीरिक और मानसिक रूप से बेहरत बनने के लिए योग सबसे बेहतर है।

दंडासन

यह एक बैठ कर करने वाला आसन है, जिसे लंबे समय तक करने से कई फायदे मिलते हैं। जिन लोगों के पैरों में दर्द रहता है वे इस आसन को 5 से 10 मिनट ज़रूर करें। इसे करने के लिए आप पैरों को आगे की तरफ खोलकर बैठ जाएं और कमर को सीधी रखें। जब हम अधिक देर तक इसी अवस्था में बैठते हैं, तो शरीर में बेहतर तरीके से रक्त प्रवाह होता है और पैरों का दर्द ठीक होने लगता है।

शलभासन

पेट के बल लेट जाएं और जांघ के नीचे अपनी दोनों हाथों की हथेलियों को दबाएं। अब बिना घुटनों को मोड़े दोनों पैरों को धीरे से एक साथ उठाने का प्रयास करें। अब ऐसे ही 5 तक की गिनती करें। अब पैरों को धीरे से नीचे रख लें। ऐसा दोबारा करें. कमर दर्द को ठीक करने में ये आसन काफी लाभदायक है।

तितली आसन

पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे से लगाकर बैठें और कमर गर्दन सीधी रखें। अब हाथों से दोनों तलवों को पकड़कर रखें और घुटनों से पैरों को तितली की तरह उठाएं और नीचे करें। ऐसा आप कुछ देर तक करें।

वक्रासन

दाहिने पैर को बाएं पैर के घुटनों के पास रखें। दाएं हाथ को पीछे की तरफ रखें। बाएं हाथ को ऊपर की तरफ उठाएंगे और शरीर को घुमाते हुए बाएं हाथ से दाहिने पैर के घुटनों को धकेलते हुए पैरों पर हाथ का ग्रिप बनाएं। गर्दन को धीरे से पीछे की तरफ घुमाएं. अब 10 तक की गिनती करें। धीरे से गर्दन को सामने, हाथ को वापस, पैरों को भी वापस अपनी जगह पर रखें। इसी तरह अब बाईं तरफ से ये सारी प्रक्रिया दुहराएं। मधुमेह मरीजों के लिए यह बहुत लाभदायक है जिन लोगों को कब्ज की समस्या है, उन्हें भी इसका नियमित अभ्यास करना चाहिए।

टी20 विश्व कप सुपर आठ : दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड का मुकाबला आज

ग्रोस आइलेट (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट के सुपर आठ में शुक्रवार को इंग्लैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। इस मुकाबले में जीतकर दोनो ही टीमें सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की करने उतरेंगी। इससे पहले इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका को हराया था। इस मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजी आक्रमण की टक्कर दक्षिण अफ्रीका के ताकतवर गेंदबाजी आक्रमण से होगी। इंग्लैंड की टीम ग्रुप में नेट रनरेट प्लस 1.34 के आधार पर शीर्ष पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम प्लस 0 . 90 है। ऐसे में अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर इंग्लैंड की सेमीफाइनल में जगह तकरीबन तय हो जाएगी।

वहीं दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका से बड़ी मुश्किल से 18 रन से जीत मिली जबकि इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को आठविकेट से हराया था। इंग्लैंड ने जीत के 181 रन के लक्ष्य को फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था। साल्ट एक बार फिर कप्तान जोस बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरूआत दिलाना चाहेंगे।

वहं जॉनी बेयरस्टो ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 48 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की है। इससे पहले वह कुल 46 रन ही बना सके थे। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को हालांकि इस मैच में कगिसो रबाडा की रफ्तार और केशव महाराज की स्पिन से सावधान रहना होगा। इन दोनों ने अमेरिका के खिलाफ बीच के और डैथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की थी।

दक्षिण अफ्रीका के लिए राहत की बात ये है कि क्विंटोन डिकॉक फॉर्म में आ गये हैं। डिकॉक ने अमेरिका के खिलाफ 40 गेंद में 74 रन बनाए। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में रोमांचक मुकाबला होना तय है।

टीम

इंग्लैंड = जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

दक्षिण अफ्रीका = एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

प्रशंसक मुझे मैच बदलने वाले खिलाड़ी के तौर पर याद करेंगे : वार्नर

नॉर्थ साउंड (एजेंसी)। इस विश्वकप के बाद खेल को अलविदा कहने जा रहे ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि वह अपने करियर में हमेशा ही आलोचकों के निशाने पर रहे हैं। वार्नर के अनुसार को वाकई क्रिकेट को पसंद करते हैं वे उन्हें एक ऐसे आक्रामक बल्लेबाजी के तौर पर याद रखेंगे जो अपनी बल्लेबाजी से खेल को बदलने का प्रयास करता रहा है जिसमें वह कभी सफल तो कभी असफल हुआ है। वार्नर को साल 2018 के दक्षिण अफ्रीकी दौरे में गेंद से छेड़छाड़ मामले में भी फंसने के बाद एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया किया था हालांकि इसके बाद टीम में वापसी के करते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।

वार्नर ने कहा, 'वापसी करते हुए साल 2018 से मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है। उन्होंने कहा, 'जब मैं वापस आया तो मेरे लिए चीजें आसान नहीं थी और मुझे यह पता था। वार्नर ने सभी प्रारूपों में 49 शतक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में करीब 19000 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा से ही ऐसा व्यक्ति रहा हूं जिसने दबाव का सामना किया है। मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि मैंने बहुत से लोगों से बहुत दबाव कम किया है और मुझे लगता है कि मैं इसे झेलने में सक्षम रहा हूं। साथ ही कहा कि अब संन्यास के कारण मैं इस प्रकार के दबाव से बच जाऊंगा।

विदेशी लीग क्रिकेट खेलने विलियम्सन नहीं कर रहे केन्द्रीय अनुबंध

ऑकलैंड (एजेंसी)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियम्सन ने केन्द्रीय अनुबंध करने से इंकार कर दिया है। इससे पहले तेज गेंदबाज टेंट बोल्ट ने भी लीग क्रिकेट खेलने के लिए अनुबंध ठुकरा दिया था। विलियम्सन ने कहा है कि वह 2024-25 सीजन के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट का अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि वह विदेशी लीग क्रिकेट खेलना चाहते हैं। विलियम्सन विश्व के शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं उनका इस प्रकार अनुबंध न करना कीवी क्रिकेट के लिए बड़ा झटका है। क्रिकेट बोर्ड ने भी विलियम्सन के अनुबंध नहीं करने की बात मानी है। बोर्ड ने कहा है कि विलियम्सन अगले सत्र के लिए सेंट्रल अनुबंध नहीं करना चाहते पर वह तीनों फॉर्मेट के लिए उपलब्ध रहेंगे।

विलियम्सन पिछले एक दशक से न्यूजीलैंड क्रिकेट की बल्लेबाजी संभालते रहे हैं। वे न्यूजीलैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। विलियम्सन ने 100 टेस्ट मैच में 32 शतकों की मदद से 8743 रन बनाए हैं। वहीं एकदिवसीय प्रारुप में उनके नाम 165 मैच में 6810 रन दर्ज हैं। उन्होंने 93 टी20 इंटरनेशनल मैच में 2575 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को हर प्रारुप में आगे ले जाना चाहता हूं और इसके लिए हर मदद करूंगा पर मैं गर्मियों के दौरान मैं विदेशी लीग में खेलने के मौके तलाशना चाहता हूं। इसलिए अनुबंध नहीं कर रहा हूं।'

वहीं इससे पहले बोल्ट ने करार छोड़कर अलग-अलग देशों की टी20 और टी10 लीग क्रिकेट खेलना शुरु कर दिया था पर वह किसी बड़ी सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए उपलब्ध रहे हैं।

सितंबर से शुरू होगा टीम इंडिया का टेस्ट सीजन, 5 टेस्ट का शैड्यूल आया बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। टी20 क्रिकेट विश्व कप के बाद भारतीय क्रिकेट टीम टेस्ट सीजन के लिए तैयार होगी। विश्व कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी20 मुकाबले होने हैं, बीसीसीआई यहां पर आईपीएल स्टार्स से भरी टीम भेजने की तैयारी में हैं। मुख्य प्लेयरों को इस जिम्बाब्वे के दौरे से दूर रखा जाएगा ताकि वह टेस्ट सीजन के लिए तैयारी कर सकें। आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत भारतीय टीम ने सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट और न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट खेलने हैं। पहला मुकाबला 19 सितंबर से शुरू होगा। चेन्नई और कानपुर में टेस्ट होंगे। इसके बाद धर्मशाला, दिल्ली और हैदराबाद में तीन टी20 मैच खेले जाएंगे।

न्यूजीलैंड का भारत का टेस्ट दौरा 16 अक्टूबर को बेंगलुरु में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगा। पुणे दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा जबकि अंतिम टेस्ट मुंबई में होगा। 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नवंबर 2024 से जनवरी 2025 तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने के बाद भारत 22 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जाने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करने के लिए स्वदेश लौटेगा जिसमें 5 टी20ई और 3 वनडे शामिल हैं। ञ्20ढ्ढ चेन्नई, कोलकाता, राजकोट, पुणे और मुंबई में आयोजित किए जाएंगे। नागपुर, कटक और अहमदाबाद तीन वनडे मैचों की मेजबानी करेंगे।



भारत का 2024-25 घरेलू सीजन

बांग्लादेश का भारत दौरा

पहला टेस्ट : चेन्नई : 19 सितंबर से 23 सितंबर, सुबह 9:30 बजे

दूसरा टेस्ट : कानपुर : 27 सितंबर से 1 अक्टूबर, सुबह 9:30 बजे

पहला टी-20 : धर्मशालाः 6 अक्टूबर, शाम 7:00 बजे

दूसरा टी20आई : दिल्ली : 9 अक्टूबर, शाम 7:00 बजे

तीसरा टी20आई : हैदराबाद :12 अक्टूबर, शाम 7:00 बजे

न्यूजीलैंड का भारत दौरा

पहला टेस्ट : बेंगलुरु : 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर, सुबह 9:30 बजे

दूसरा टेस्ट : पुणे : 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, सुबह 9:30 बजे

तीसरा टेस्ट : मुंबई :1 नवंबर से 5 बजे, सुबह 9:30 बजे तक

इंग्लैंड का भारत दौरा

पहला टी-20: चेन्नई : 22 जनवरी, शाम 7:00 बजे

दूसरा टी20आई : कोलकाता : 25 जनवरी, शाम 7:00 बजे

तीसरा टी-20 : राजकोट : 28 जनवरी, शाम 7:00 बजे

चौथा टी-20 : पुणे : 31 जनवरी, शाम 7:00 बजे

5वां टी20आई : मुंबई : 2 फरवरी, शाम 7:00 बजे

पहला वनडे : नागपुर : 6 फरवरी, दोपहर 1:30 बजे

दूसरा वनडे : कटक : 9 फरवरी दोपहर 1:30 बजे

तीसरा वनडे : अहमदाबाद : 12 फरवरी दोपहर 1:30 बजे

हंगरी को हराकर जर्मनी ने यूरो कप के नॉकआउट चरण में किया प्रवेश

लीपजिग । जर्मनी ने जमाल मुसियाला के शानदार गोल की बदौलत यूरो कप के ग्रुप ए के मुकाबले हंगरी को 2-0 से हराकर नॉकाआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। बुधवार की रात खेले गये मुकाबले में अपने घरेलू मैदान में खेल रहे मुसियाला ने पहले हाफ के 22वें मिनट में गोल दाग कर जर्मनी को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने 67वें मिनट में एक आसान गोल कर बढ़त को दो गुना कर दिया। यूरो कप के दो मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। क्रोएशिया और अल्बानिया के बीच खेला गया मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। वही स्कॉटलैंड और स्विट्जरलैंड के बीच खेला गया मुकाबला भी 1-1 से ड्रॉ रहा।

अगले माह जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज से वापसी कर सकते हैं श्रेयस

मुम्बई । पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी करीब है। अगर गौतम गंभीर मुख्य कोच बनते हैं तो उन्हें टीम में जगह मिलना तय है। ऐसे में श्रेयस जुलाई अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज से वापसी कर सकते हैं। श्रेयस को 5 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली 5 मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भी चुना जा सकता है पर श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उन्हें जगह मिलने की ज्यादा उम्मीदें हैं। गंभीर आईपीएल में केकेआर के मेंटोर थे जबकि श्रेयस कप्तान। ऐसे में दोनों में अच्छा तालमेल है। श्रेयस को रणजी ट्रॉफी खेलने से आनाकानी करने के कारण बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया गया था पर अब वह भी उन्हें दिया जा सकता है। जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी20 मैचों की श्रृंखला के लिये टीम की घोषणा अगले सप्ताह होगी। ऐसी संभावना है कि श्रेयस को श्रीलंका में 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भी शामिल किया जा सकता है। उसने विश्व कप में 500 से अधिक रन बनाए थे और उसका औसत 50 के करीब है। वहीं माना जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब एकदिवसीय और टेस्ट पर ही ध्यान देंगे।

भारत/जिम्बाब्व टी20 सीरीज में वीवीएस लक्ष्मण होंगे कोच, गंभीर श्रीलंका दौरे से संभालेंगे कमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। वीवीएस लक्ष्मण और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उनका सहयोगी स्टाफ छह जुलाई से शुरू हो रही 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकता है जबकि गौतम गंभीर के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल श्रीलंका दौरे से शुरू करने की उम्मीद है। जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा इस हफ्ते के अंत में होगी जो 22 या 23 जून को हो सकती है। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (ब्ष्ठ्ठ) के 'टारगेट% सूची वाले खिलाड़ी इस समय एनसीए में लक्ष्मण की देखरेख में शिविर में हिस्सा ले रहे हैं।

गंभीर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन को पछाड़कर इस समय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बनने के प्रबल दावेदार हैं। घोषणा महज औपचारिकता होगी और इसकी घोषणा अगले कुछ दिन में हो सकती है। गंभीर को बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच सहित अपना सहयोगी स्टाफ चुनने का मौका भी मिलेगा। समझा जा सकता है कि गंभीर अपना कार्यकाल जुलाई के मध्य से शुरू कर सकते हैं जब भारतीय टीम सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए श्रीलंका दौरा करेगी जिसमें उसे तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे खेलने हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि ऐसी संभावना है कि लक्ष्मण एनसीए के कुछ कोच के साथ युवा चेहरों से भरी टीम के साथ जिम्बाब्वे की यात्रा कर सकते हैं। राहुल द्रविड़ और अन्य कोच जब अपने कार्यकाल के दौरान ब्रेक लेते थे तो लक्ष्मण और एनसीए की टीम ने हमेशा उनकी जिम्मेदारी उठायी है। यह भी तय है कि युवा टीम को ही जिम्बाब्वे भेजा जाएगा लेकिन इसमें टी20 विश्व कप दल के 6 से 7 सदस्य शामिल होंगे। पर रियान पराग, अभिषेक शर्मा और आल राउंडर नितीश रेड्डी को चुनना निश्चित लग रहा है लेकिन यश दयाल और हर्षित राणा को भी पहली दफा मौका मिल सकता है।

टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या हो सकते हैं, अगर उन्होंने आराम देने की मांग नहीं की, वर्ना सूर्यकुमार यादव को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैच और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी सरजमीं पर हुई श्रृंखला में टी20 टीम की अगुआई की थी।

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण विजेता एथलीटों पर बरसेगा धन

पेरिस । पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को इसबार काफी लाभ होगा। इसका कारण है कि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर करीब 41.60 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की बात कही है। इस प्रकार डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ भी बन जाएगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत एथलेटिक्स के महत्व को देखते हुए की गयी है। साथ ही कहा कि हमने उन एथलीट की सहायता का फैसला किया है जो अपने प्रदर्शन से खेलों को वैश्विक स्तर पर सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा, '' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर लगभग 18.63 अरब रुपये पुरस्कार के लिए रखे गये है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है। इसका उपयोग 48 एथलेटिक्स खेलों में से स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि देकर किया जाएगा।'' इसके अलावा रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जायेगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और अन्य जरूरी प्रक्रिया का पालन करने वाले एथलीटों को ही शामिल किया जाएगा।

टी20 क्रिकेट के लायक नहीं बाबर : सहवाग

नई दिल्ली । पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम टी20 क्रिकेट के लायक नहीं हैं। उनके पास वह तेजी नहीं है जो इसके लिए जरुरी है। टी20 विश्वकप में पाक टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से ही आजम आलोचना का शिकार हुए हैं। पाक टीम टी20 विश्वकप में सुपर आठ में भी नहीं पहुंच पायी है। उसे अमेरिका से भी हार झेलनी पड़ी है। इस टूर्नामेंट के दौरान बाबर अपने कम स्ट्राइक रेट को लेकर भी निशाने पर रहे हैं। इसी को लेकर सहवाग ने कहा कि बाबर टी20 टीम के योग्य नहीं हैं। बाबर ने चैंपियंस 2017 ट्रॉफी 2017 और टी20 विश्व कप में 2022 में अच्छा खेल दिखाया पर अब उनका फार्म चला गया है। सहवाग ने एक शो के दौरान कहा कि बाबर उस तरह के बल्लेबाज नहीं हैं जो छक्के मार सकें। वह ऐसा तभी करते हैं जब वह सेट होते हैं और स्पिन गेंदबाजी का सामना करते हैं। मैंने उन्हें कभी भी पिच पर आगे बढ़ते या तेज गेंद मारते नहीं देखा। यह उसका खेल नहीं है। वह सुरक्षित क्रिकेट खेलता है, इसलिए वह लगातार रन बनाता है पर उसका स्ट्राइक रेट अच्छा नहीं है। एक कप्तान के रूप में आपको यह देखना होगा कि क्या यह खेल टीम के लिए अहम है। यदि नहीं, तो उन्हें निचले क्रम पर उतरते हुए किसी और को भेजना चाहिये जो पावरप्ले में बड़े शॉट मार सके और टीम को 50-60 रन दे सके।

न्यूजीलैंड के लिये तीनों प्रारूपों में खेलने हमेशा तैयार हूं : विलियमसन

वेलिंगटन (एजेंसी)। टी20 विश्वकप के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने वाले बल्लेबाज केन विलियमसन ने कहा है कि वह अब लीग क्रिकेट खेलेंगे पर जब भी देश को जरुरत होगी वह राष्ट्रीय टीम से खेलने के लिए तैयार रहेंगे। विलियमसन ने कहा है कि राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलना उनकी पहली पसंद और प्राथमिता बनी रहेगी। विलियमसन ने कहा है कि अगले साल एसए 20 लीग खेलने के लिए ही उन्होंने केंद्रीय अनुबंध नहीं किया है पर कहा कि वह न्यूजीलैंड के लिये तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए कभी भी तैयार रहेंगे। एसए 20 नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेली जायेगी और इसी दौरान न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश भी होना है।

न्यूजीलैंड के नियमों के अनुसार केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने की दिशा में सुपर स्मैश में खेलना अनिवार्य रहता है। विलियमसन ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद स्वदेश लौटने पर कहा, 'मैं जब तक खेल सकता हूं, खेलना चाहता हूं। उस दौरान कई बेहतरीन टूर्नामेंट है पर एसए 20 अभी अच्छा लग रहा है। इसके लिए मुझे केंद्रीय अनुबंध ठुकराना होगा। विलियमसन ने सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है लेकिन यह कहा कि अभी उनका अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'मेरी प्राथमिकता न्यूजीलैंड के लिए खेलना बना रहेगा । तीन सप्ताह के दौरान मैं कुछ मैचों से बाहर रह सकता हूं। इससे साफ है कि वह जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला नहीं खेलेंगे। वह हालांकि सितंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।

भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके, ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने पर निगाहें

अंताल्या (तुर्की) (एजेंसी)। भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जाएगी।

नए नियम के अनुसार रैंकिंग से उन दो शीर्ष देशों को ओलंपिक कोटा दिया जाता है जो ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए कोटा हासिल नहीं कर सके। इस विश्व कप से पहले अंताल्या में फाइनल ओलंपिक क्वालीफायर कराया गया था। भारत ने धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की बदौलत क्रमश- पुरुष और महिला वर्ग का ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। क्वालीफाई नहीं करने वाले देशों में भारत को शीर्ष दो रैंकिंग में बने रहने के लिए टीम स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी ताकि वे कट हासिल कर सकें।

टीम कोटे से भारत अगले महीने पेरिस ओलंपिक में सभी पांच स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पधा) में हिस्सा लेने में सफल रहेगा। भारतीय पुरुष टीम रैंकिंग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे नंबर पर है। दक्षिण कोरिया पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय महिला टीम रैंकिंग में आठवें नंबर पर है जबकि शीर्ष सात देश दक्षिण कोरिया, चीन, जर्मनी, फ्रांस, मेक्सिको, अमेरिका और चीनी ताइपे पहले ही क्वालीफायर से ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

विश्व कप का तीसरा चरण रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई करने के लिए अंतिम मौका था। भजन कौर, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने यूक्रेन को 5-3 (53-52, 53-54, 57-54, 53-53) से हराया और अपना स्थान पक्का करने के लिए उन्हें एक और जीत की दरकार थी। पर सेमीफाइनल में उन्हें ओलंपिक के मेजबान देश फ्रांस से शूटऑफ में 4-5 (52-59, 56-57, 58-55, 57-53) (25-28) से पराजय मिली। कांस्य पदक के प्लेऑफ में भारतीय तिकड़ी जापान से सीधे सेट में 0-6 (51-55, 53-54, 53-54) से हार गयी। धीरज, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की पुरुष तिकड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड से 1-5 (58-58, 53-54, 57-58) से पराजित हुई।

एक नजर

प. बंगाल जीआरपी भी करेगी रेल दुर्घटना की समानांतर जांच

कोलकाता : पश्चिम बंगाल राजकीय रेलवे पुलिस भी एक ट्रेन यात्री की दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना की समानांतर जांच करेगी। जीआरपी ने सोमवार को हुए दुर्घटना की स्वतंत्र जांच के लिए छह सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। सिलीगुड़ी के जीआरपी अधीक्षक एस. सेल्वामुरूगन ने गुरुवार को कहा कि एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक स्तर के एक अधिकारी करेंगे। उनकी सहायता के लिए एक निरीक्षक, दो उप-निरीक्षक और दो सहायक उप-निरीक्षक होंगे। उल्लेखनीय है कि इस दुर्घटना की जांच पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य रेलवे सुरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग की प्रत्यक्ष निगरानी में शुरू हो चुकी है। जीआरपी के एक अधिकारी ने बताया कि एसआईटी के सदस्य मालगाड़ी के सहायक लोको-पायलट मनु कुमार से बयान लेने बुधवार को अस्पताल पहुंचे। सहायक लोको-पायलट को दुर्घटना के बाद इस अस्पताल भर्ती कराया गया है। फिलहाल वह खतरे से बाहर पर दुर्घटना की वजह से सदमे में बताए जा रहे हैं। जीआरपी की एसआईटी को उनके सदमे से उबरने का इंतजार है, ताकि पूछताछ शुरू की जा सके। दुर्घटना के कारणों पर खुलासा करने के लिए उन्हें आखिरी कड़ी माना जा रहा है, क्योंकि कंचनजंघा एक्सप्रेस और मालगाड़ी दोनों के लोको पायलट की मौत हो चुकी है।

मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता : सेना

श्रीनगर : सेना ने गुरुवार को कहा कि उत्तरी कश्मीर के सोपोर में राफियाबाद मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता है। कुपवाड़ा जिले के पोहरूपेट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सेना की 7 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडर दीपक मोहन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सोपोर के राफियाबाद में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में लगातार इनपुट मिल रहे थे। 19 जून को जम्मू-कश्मीर पुलिस को हादीपोरा, राफियाबाद के एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष सूचना मिली थी, जिसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। घर पर छापा मारने के बाद मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना के अधिकारी के साथ उत्तरी कश्मीर के पुलिस उप महानिरीक्षक विवेक गुप्ता और पुलिस और सेना के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मारे गए दोनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े थे और उनकी पहचान उस्मान और उमर के रूप में हुई है। सेना अधिकारी ने बताया कि उस्मान 2020 से कश्मीर में सक्रिय था।

सशक्त महिलाएं प्रगतिशील समाज की पहचान : मुख्यमंत्री

एजेंसी

जयपुर : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं को सम्मान और समानता के अवसर प्रदान करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। आत्मनिर्भर, सशक्त एवं शिक्षित महिलाएं ही प्रगतिशील समाज की पहचान हैं। राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए निर्णायक कदम उठाने और आधी आबादी को उनका हक देने के लिए कृतसंकल्पित है। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में महिलाओं का आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किए जाने के अवसर पर आयोजित अभिनंदन एवं आभार समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार युवाओं को सरकारी सेवा में समुचित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी समय में चरणबद्ध तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर रिक्तियों को भरा जाएगा। साथ ही जिन क्षेत्रों में युवाओं की आवश्यकता है वहां रोजगार सृजित करते हुए उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय से महिलाएं राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अधिक संख्या में शिक्षण कार्य कर सकेंगी और अध्ययनरत बच्चों का ममत्व भाव से देखभाल भी कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का सम्मान एक परंपरा रही है। हमारे वेदों और उपनिषदों में महिलाओं को देवी के रूप में पूजा जाता है। शक्ति की देवी दुर्गा, ज्ञान की देवी सरस्वती और धन की देवी लक्ष्मी हमारे समाज में महिलाओं के उच्च

स्थान को दशार्ती हैं। एक महिला के शिक्षित बनने से तीन परिवार शिक्षित होते हैं और समाज प्रगति करता है। आज महिलाएं परिवार चलाने के साथ-साथ देश चलाने में भी सक्षम हैं।

आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का जन्मदिन है। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिला कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। महिलाओं को 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर देकर लगभग 73 लाख परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार ने गरीब परिवारों में बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना भी शुरू की है। साथ ही पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की है।

बड़ी संख्या में महिलाओं ने मुख्यमंत्री का तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में महिला आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने और पुलिस भर्ती में 30 से बढ़ाकर 33 प्रतिशत करने पर आभार व्यक्त किया। प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों से आई महिलाओं ने उन्हें रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। जयपुर निवासी 21 वर्षीय प्रीता चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री का ये निर्णय उनका राजकीय सेवा में आने का सपना पूर्ण करने में कारगर साबित होगा। तूंगा निवासी 20 वर्षीय ऐशवी जैमन ने मुख्यमंत्री को 50 प्रतिशत आरक्षण के निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि वे अभी से परीक्षा की तैयारी शुरू करने जा रही है। इस अवसर पर महिलाओं ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही कई महिलाओं ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

समाज की प्रगति को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता से मापा जा सकता है : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति को उस देश या समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता से मापा जा सकता है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ समय बिताया और उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा। उन्होंने पुनर्निर्मित प्रोस्थेसिस और ऑर्थोसिस सेंटर का भी दौरा किया और रोगियों से बातचीत की। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति

मुर्मू ने कहा कि संवेदनशीलता और समावेशिता हमारी संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारे प्रयास दिव्यांगजनों की जरूरतों के प्रति समावेशी और संवेदनशील हों तो कोई भी शारीरिक स्थिति सामान्य जीवन जीने में बाधा नहीं बन सकती। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि दिव्यांगजन अपने कौशल और प्रतिभा से हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने दीपा मलिक, अरुणिमा सिन्हा और अवनी लेखरा जैसे खिलाड़ियों और के.एस. राजन्ना जैसे सामाजिक कार्यकताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे सभी लोग इस बात के उदाहरण हैं कि समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ, कोई भी व्यक्ति हर तरह की शारीरिक सीमाओं को पार कर सकता है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांग व्यक्ति संस्थान पिछले कई दशकों से विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दिव्यांगजनों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए संस्थान से जुड़े सभी लोगों की सराहना की।

भीषण बाढ़ की चपेट में है लाकांदी के गांव

हैलाकांदी : राज्य के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ हैलाकांदी जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। जिले के विभिन्न हिस्से इस समय जलमग्न हैं। ऐसे में जिला प्रशासन पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप है। जिले के सरसपुर क्षेत्र के कंचनपुर, इटारकांदी, बालीकांदी और नारायणपुर आदि गांवों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण लगभग अनेक गांव पांच दिनों से जलमग्न हैं। जिला प्रशासन की ओर से एक भी शेल्टर कैंप नहीं खोले जाने का आरोप लगाया गया है। जिससे इस गांव के कई मवेशियों को भोजन संकट का सामना करना पड़ रहा है।

देहरादून हवाई सेवा शुरू होने से कुल्लू पर्यटन को लगेंगे पंख : गोविंद ठाकुर

एजेंसी

कुल्लू : पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा है कि भुंतर-देहरादून हवाई सेवा शुरू होने से कुल्लू और मनाली के पर्यटन को और ऊंची उड़ान होगी। यह हवाई सेवा शुरू करने के लिए उन्होंने केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि 18 जून को भुंतर से देहरादून को हवाई सेवा शुरू हो गई है। अब कुल्लू आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। भुंतर से अमृतसर के लिए हवाई सेवा चलने से दो पहाड़ी राज्यों के पर्यटन हिमाचल व उत्तराखंड को पर्यटन लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की पर्यटन नगरी में पर्यटकों को सुविधा मिल रही है और हवाई सेवा शुरू होने से यहां संपन्न पर्यटक आएगा। उन्होंने कहा कि भुंतर से जम्मू के लिए व भुंतर से जयपुर के लिए भी सीधी फ्लाइट चलाई जाएगी। इससे यहां के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। आगामी दिनों में भुंतर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण भी होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि भुंतर से दिल्ली का किराया ज्यादा होता है, इसे कम करना चाहिए। ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि सासे हैलीपैड से हैली टैक्सी सेवा चलाई जाएगी। तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं। हिमाचल की चारों सीटें भाजपा की झोली में आई है। इससे हिमचल में भी खुशी की लहर है। ठाकुर ने कहा कि गत दिनों हिमाचल प्रदेश में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। नाहन में कपड़े की दुकान चलाने वाले मुहम्मद जावेद ने गौ हत्या कर अपना स्टेट्स डाला है। इसकी घोर निंदा करता हूं। हिमाचल प्रदेश के नाहन में रहकर इस प्रकार के कार्य को अंजाम दिया गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार को इस पर कार्य करना चाहिए और उसे कठोर सजा देनी चाहिए। आज ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में अन्य लोगों में भी हिम्मत बढ़ सकती है।

भारतीय रेलवे ने कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल पर ट्रायल रन किया

एजेंसी

रियासी : संगलधान से रेलवे स्टेशन रियासी तक गुरुवार को दस डिब्बों वाली ट्रेन का ट्रायल रन पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान ट्रेन विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल से होकर गुजरी। दोपहर बारह बजे के लगभग यह ट्रेन संगलधान से रियासी के लिए निकली। दोपहर को दो बजे के करीब रियासी पहुंचने पर रेलवे स्टेशन भारत माता की जय के जयघोष गूंज उठा। ट्रेन में परियोजना पर काम करने वाले कर्मचारियों को ट्रायल रन ट्रेन में बिठाया गया था। इसके अलावा रेलवे के अधिकारी भी ट्रेन में मौजूद रहे। ट्रायल रन पूरा होने के बाद ट्रेन को रियासी से कश्मीर तक इसी माह के अंत तक चलाया जा सकता है। इस मौके पर पूर्व सरपंच राज कुमार शर्मा ने बताया कि लम्बे समय बाद लोगों का सपना साकार हुआ है। बीस वर्ष पहले जब काम शुरू हुआ था तो काफी किस्म की परेशानियां सामने थी। रेलवे ने पहाड़ों को काट कर मार्ग तैयार किए। इसके बाद टनल बनाए गए और आज ट्रेन का इंजन थोड़े डिब्बों के साथ आया है। आने वाले दिनों में ट्रेन पूरी तरह से आयेगी। तरुण शर्मा ने रेलवे स्टेशन रियासी से ढुगगा तक ट्रेन का सफर किया और इसे ऐताहासिक बताया। रियासी में लगभग बीस मिनट तक ट्रेन रुकने ने बाद वापस रवाना हुई। अब इस ट्रेन का फाइनल ट्रायल कमिश्नर रेलवे सेफ्टी को 27 व 28 जून को करना है।

यूजीसी-नेट परीक्षा मामले की सीबीआई करेगी जांच, नई तारीख जल्द होगी घोषित : शिक्षा मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली : शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने के एक दिन बाद गुरुवार को कहा कि मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि दोबारा परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने शास्त्री भवन में संवाददाताओं को बताया कि एनटीए द्वारा 18 जून को आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा में 9 लाख छात्रों ने भाग लिया था। मंत्रालय ने देखा कि परीक्षा

में गड़बड़ी की संभावना है। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया था।

उन्होंने कहा कि छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है। इसकी अगली तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। जांच के लिए यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 18 जून को देश के विभिन्न शहरों में दो शिफ्ट में ओएमआर (पेन और पेपर) माध्यम से यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की थी। 19 जून को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से इस परीक्षा को लेकर कुछ जानकारियां मिलीं हैं। इन जानकारियों से प्रथम दृष्टया संकेत मिलता है कि उक्त परीक्षा की सत्यता से संभवतः समझौता हुआ है। इस परीक्षा प्रक्रिया की उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द की जाए। एक नई परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जानकारी अलग से साझा की जाएगी। साथ ही इस मामले की गहन जांच के लिए मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) को सौंपा जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, जहां तक नीट (यूजी) परीक्षा-2024 से संबंधित मामला है तो उसमें ग्रेस मार्क से जुड़े मुद्दे को पहले ही पूरी तरह सुलझा लिया गया है। पटना में परीक्षा के संचालन में जो कथित अनियमितताएं हुई हैं उनके संबंध में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी।

संक्षिप्त खबरें

तीन मंजिला मकान में आग लगी, पिता और दो बेटियां जिंदा जले

ग्वालियर : मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर के बहोड़पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलाशनगर में बुधवार रात एक तीन मंजिला मकान में आग लग गई। इस हादसे में मकान में रहने वाले एक व्यक्ति और उनकी दो बेटियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी पहुंचे। एसडीआरएफ और एयरफोर्स को भी मदद के लिए मौके पर बुलाया गया। इसके बाद मौके पर एक के बाद एक फायर ब्रिगेड की 13 गाड़ियां पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना रात दो से तीन बजे के बीच हुई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। बताया गया है कि बहोड़ापुर थाना इलाके के कैलाशनगर में विजय उर्फ बंटी अग्रवाल का तीन मंजिला मकान है, जिसमें इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर ड्राय फ्रूट्स की दुकान, दूसरी मंजिल पर गोदाम है और तीसरी मंजिल पर वह परिवार के साथ रहते थे। विजय की पत्नी राधिका, बेटे अंश के साथ ससुराल मुरैना गई हुई थीं। घर पर विजय, उनकी दो बेटियां आएशा उर्फ मिनी (15) और यशिका उर्फ यीशू (14) ही थे। बुधवार की रात तीनों खाना खाकर सो गए। देर रात अचानक मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और तेज लपटें उठने लगीं। मकान से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता नीचे से है। यहां आग फैली हुई थी। दूसरा रास्ता मकान के पिछले हिस्से से है, लेकिन वहां उन्होंने अलमारी रखी हुई थी, जिसकी वजह पिता और दोनों बेटियां आग में घिर गए और बाहर नहीं निकल सके।

नेपाल-भारत की खुली सीमा पर कंटीले तार लगाने की मांग वाले बयान का विरोध शुरू

काठमांडू : नेपाल की सत्तारूढ़ गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के संसदीय दल के प्रमुख सचेतक महेश बतौर्ला ने नेपाल-भारत की खुली सीमा बंद करने और कंटीले तार लगाने वाला आपत्तिजनक बयान दिया है। अब इस बयान का चौतरफा विरोध हो रहा है। नेपाल-भारत महिला मैत्री संघ की अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदा चौधरी ने बतौर्ला के इस बयान को आपत्तिजनक बताते हुए इसकी घोर भर्त्सना की है। पूर्व मंत्री चौधरी ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच रहे जन-जन के संबंध को खत्म करने के लिए नेपाल के कम्युनिस्ट नेता का यह बयान आम नेपाली जनता की भावनाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि काठमांडू में रहकर चीन की शह पर राजनीति करने वाले और कार्ल मार्क्स, लेनिन और माओ को अपना आदर्श मानने वाले वामपंथी नेताओं के नेपाल और भारत के बीच रहे अभूतपूर्व संबंध पर प्रहार करना लाजिमी है। नेपाल-भारत के बीच मैत्री को और मजबूत करने के लिए पिछले डेढ़ दशक से लगातार सक्रिय चन्दा चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी नेपाली कांग्रेस कभी भी इस बात को नहीं सोच सकती कि दोनों देशों के बीच दुश्मन की तरह दीवार खड़ी की जाए। चौधरी ने आरोप लगाया कि दोनों देशों के बीच के सीमाओं को तार से घेरने की बात करने वाले वहां की जमीनी हकीकत को नहीं समझते हैं। चन्दा चौधरी ने अपने बयान में कहा कि नेपाल और भारत के बीच पूरी दुनिया से अलग सम्बन्ध हैं, उसका एकमात्र आधार हमारी खुली सीमा है। उन्होंने कहा कि खुली सीमा के कारण हमारा जन-जन का संबंध है और खुली सीमा के कारण ही युगों-युगों से चलते आ रहे धार्मिक, पौराणिक, आध्यात्मिक, पारिवारिक, सामाजिक आर्थिक संबंध टिके हैं।

कोल इंडिया ने 23 बंद खदानें निजी कंपनियों को आवंटित की

कोलकाता : कोल इंडिया लिमिटेड ने अपनी बंद और ठप पड़ीं भूमिगत खदानों को निजी कंपनियों को अलॉट कर दिया है। यह जानकारी कोल इंडिया की ओर से बुधवार को दी गई है। पता चला है कि कोयला भंडार निकालने के लिए ऐसी 23 खानों को राजस्व-भागीदारी के आधार पर निजी कंपनियों को आवंटित करने का निर्णय लिया गया। कंपनी ने कहा कि इन खानों की अधिकतम क्षमता सालाना 3 .41 करोड़ टन की है। इसमें से कुल निकालने योग्य कोयला भंडार 63 .5 करोड़ टन है। कोल इंडिया ने न्यूनतम राजस्व भागीदारी चार प्रतिशत पर तय की गई है। अनुबंध की अवधि 25 साल की होगी। जिन निजी कंपनियों को ये खानें आवंटित की गई हैं उनके नाम का खुलासा नहीं किया गया है। कोल इंडिया के अधिकारियों ने कहा कि 11 अन्य खदानों के लिए भी बोली प्रक्रिया चल रही है। इन्हें भी निजी कंपनियों को ही आवंटित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में बंद पड़ी खदानों में बड़े पैमाने पर चोरी और अवैध खनन की घटनाओं की जांच सीबीआई कर रही है। इस मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी भी कई बार केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना कर चुके हैं।

कोलकाता में इलाज के लिए आया एक और बांग्लादेशी नागरिक लापता, जांच में जुटी पुलिस

कोलकाता : पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बांग्लादेश के सांसद की हत्या के बाद अभी तक शव के टुकड़े बरामद नहीं किया जा सके हैं। इस बीच एक और बांग्लादेशी नागरिक लापता हो गया है। पश्चिम बंगाल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि लापता बांग्लादेशी नागरिक को खोजने के लिए अभियान शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद दिलवर हुसैन (23) नामक व्यक्ति इलाज के लिए कोलकाता आया था और मिर्जा गालिब स्ट्रीट स्थित एक होटल में ठहरा हुआ था। अधिकारी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि हम होटल के सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ होटल के आस-पास के इलाकों की भी जांच कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होटल से उसके निकलने का फुटेज बरामद हुआ है और सड़क पर भी कई जगह स्पॉट किया गया है लेकिन उसके बाद से वह लापता है। किसी अनहोनी की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया है। इसी तरह से इलाज के लिए यहां आए बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार 12 मई को लापता हो गए थे। पुलिस का मानना है कि अनार की हत्या न्यू टाउन इलाके में एक फ्लैट के अंदर कुछ लोगों ने की है। माना जा रहा है कि हत्यारों ने अनार के शरीर को कई हिस्सों में काट दिया है। अब तक पुलिस ने बांग्लादेशी सांसद की हत्या में संलिप्तता के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि शव अभी भी बरामद नहीं किया जा सका है। ऐसे में एक और बांग्लादेशी नागरिक का लापता होना कोलकाता पुलिस के लिए सिर दर्द बन गया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**